प्रयागराज, शनिवार, 12 नवम्बर, 2022

मार्ग शीर्ष, कृष्ण पक्ष 4, वर्ष 11, अंक 203, पृष्ठ 12, मूल्य: 5.00

परख सच की

# जनसंदेश टाइम्स

प्रयागराज, वाराणसी, लखनऊ, कानपुर एवं गोरखपुर से प्रकाशित



अंदर- विद्रोही नहीं, संवाद पुरुष थे बुद्ध



अंदर- भारतीय टीम पर बिफरे कपिल देव

नगर संस्करण

E-paper : www.jansandeshtimes.net | Portal : www.jansandeshtimes.news

# राजीव गांधी हत्याकांड के सभी दोषी बरी

## सुप्रीम कोर्ट का बड़ा फैसला: 6 दोषियों को जेल से रिहा करने का दिया आदेश

**नई दिल्ली।** पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की हत्या के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने अहम फैसला सुनाया है। बता दें कि शुक्रवार(11 नवंबर) को देश की सर्वोच्च अदालत ने राजीव गांधी हत्या मामले में आजीवन कारावास की सजा काट रहे नलिनी और आरपी रविचंद्रन सहित छह आरोपियों को रिहा करने का निर्देश दिया है।

सुप्रीम कोर्ट ने सभी 6 दोषियों को रिहा करने का आदेश सुनाते हुए साफ किया कि अगर इन सभी दोषियों के खिलाफ कोई अन्य मामला नहीं है, तो फिर इन्हें रिहा कर दिया जाए। सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले में कहा कि राज्यपाल ने लंबे समय से इस मामले में कोई कदम नहीं उठाया, ऐसे में हम कदम उठा रहे हैं। बता दें कि मामले की सुनवाई कर रही न्यायमूर्ति बीआर गवई और न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना की पीठ ने मई में रिहा हुए एक अन्य दोषी ए जी पेरारिवलन के मामले पर विचार करते हुए यह आदेश पारित किया। राजीव गांधी हत्याकांड में नलिनी, रविचंद्रन

**फैसला**

**21 मई 1991 को हुई थी पूर्व प्रधानमंत्री की हत्या**

**नलिनी, रविचंद्रन व रॉबर्ट पॉयस के साथ मुरुगन, संथन, जयकुमार को रिहा करने का आदेश दिया गया**

और रॉबर्ट पॉयस के साथ-साथ मुरुगन, संथन, जयकुमार को रिहा करने का आदेश दिया गया है। इस मामले में पेरारिवलन पहले ही रिहा हो चुके हैं। मालूम हो कि नलिनी वर्तमान में पैरोल पर बाहर है। उन्होंने मद्रास उच्च न्यायालय द्वारा अपनी याचिका को ठुकराने के बाद शीर्ष अदालत का रुख किया था।

21 मई 1991 को तमिलनाडु के श्रीपेरंबुदूर में एक चुनावी सभा में लिट्टे के आत्मघाती हमलावर ने पूर्व प्रधान मंत्री राजीव गांधी की हत्या कर दी थी।



इस मामले में सात दोषियों को उम्रकैद की सजा सुनाई गई थी। 1999 में सुप्रीम कोर्ट ने सात दोषियों में से चार को मौत और अन्य तीन को आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी। वहीं सन 2000 में नलिनी की मौत की सजा को उम्रकैद में बदल दिया गया था। जबकि 2014 में पेरारिवलन को टाडा अदालत और सुप्रीम कोर्ट ने मौत की सजा सुनाई थी। लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने बाद दया याचिका के निपटारे में देरी के आधार पर फांसी की सजा उम्रकैद में बदल दी थी।



### हत्यारों की रिहाई पर कांग्रेस ने जताया ऐतराज

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को राजीव गांधी के हत्यारों की रिहाई के आदेश दे दिए राजीव गांधी हत्याकांड में आजीवन कारावास की सजा काट रहे सभी छह दोषियों (नलिनी श्रीहरन, आर पी रविचंद्रन, संथन, मुरुगन, रॉबर्ट पायस और जयकुमार) की रिहाई का आदेश सुप्रीम कोर्ट ने दे दिया है। न्यायमूर्ति बीआर गवई और न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना की पीठ ने मई में रिहा हुए एक अन्य दोषी ए जी पेरारिवलन के मामले पर विचार करते हुए यह आदेश पारित किया। वहीं सुप्रीम कोर्ट के फैसले से कांग्रेस पार्टी खुश नहीं है और उसने इस आदेश पर कड़ा ऐतराज जताया है और इस फैसले को गलत कहा है। कांग्रेस के कम्युनिकेशंस इन-चार्ज और जनरल सेक्रेटरी जयराम रमेश ने कहा कि पूर्व पीएम राजीव गांधी के हत्यारों को मुक्त करने का सुप्रीम कोर्ट का निर्णय अस्वीकार्य और पूरी तरह से गलत है। कांग्रेस इसकी आलोचना करती है और इसे पूरी तरह से अक्षम्य मानती है। दुर्भाग्यपूर्ण है कि सुप्रीम कोर्ट ने भारत की भावना के अनुरूप काम नहीं किया। नलिनी, जो वर्तमान में पैरोल पर बाहर है, उन्होंने मद्रास उच्च न्यायालय द्वारा याचिका को ठुकराने के बाद जेल से जल्द रिहाई की मांग करते हुए शीर्ष अदालत का रुख किया था। सुप्रीम कोर्ट ने 18 मई को पेरारिवलन को रिहा करने का आदेश देने के बाद नलिनी की याचिका दायर की थी। संविधान के अनुच्छेद 142 शीर्ष अदालत (सुप्रीम कोर्ट) को यह सुनिश्चित करने के लिए आदेश पारित करने में सक्षम बनाता है। नलिनी ने पेरारीवलन के मामले का हवाला दिया क्योंकि उसने इसी तरह की राहत मांगी थी।

**सुप्रीम कोर्ट का फैसला गलत : बोले जयराम रमेश**

# चुनाव बाद हुए गठबंधन स्वीकार्य : सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय जनता दल के साथ मिलकर सरकार बनाने वाले नीतीश कुमार के खिलाफ दायर एक याचिका को खारिज करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि चुनिंदा हालात में चुनाव बाद किए गए गठबंधन स्वीकार्य हैं। याचिका में राजद-जदयू गठबंधन को गलत बता शीर्ष अदालत से नीतीश कुमार को बर्खास्त करने को कहा गया था।

सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस एमआर शाह और जस्टिस एमएम संदरेश की बेंच ने कहा कि दल बदल कानून में भी इस तरह के गठबंधन का प्रावधान है। संविधान का 10वां शेड्यूल भी इसकी इजाजत देता है। सुप्रीम कोर्ट की डबल बेंच का कहना था कि याचिका में कोई मजबूत दलील नहीं दी गई है, जिस पर कोर्ट विचार करने का मन बनाए। लिहाजा इस याचिका को सिरे से खारिज किया जाता है। चंदन कुमार नाम के शख्स ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर करके दलील दी थी कि नीतीश और जदयू का महागठबंधन जनता के साथ धोखा है। हॉर्स ट्रेडिंग और करप्ट पॉलिटिक्स के चलते लोगों को एक स्थिर सरकार नहीं मिल पा रही है। उनका कहना था कि ये गठबंधन

**याचिका खारिज**

**जदयू-राजद के गठबंधन पर कोर्ट की लगी मुहर**

संविधान का सरासर उल्लंघन है। नीतीश कुमार को सुप्रीम कोर्ट तत्काल बर्खास्त करने का आदेश जारी करे।

याचिकाकर्ता का कहना था कि चुनाव बाद हुए इस गठबंधन को अदालत फ्राड घोषित करे। ऐसी पार्टियों के लिए शीर्ष अदालत दिशा निर्देश जारी करे जो करप्ट और हॉर्स ट्रेडिंग की राजनीति में लिप्त हैं। उनकी मांग थी कि सुप्रीम कोर्ट संसद को आदेश जारी करे, जिससे एक ऐसा कानून बनाया जा सके जिसमें चुनाव से पहले हुए गठबंधन पैसे और बाहुबल के इस्तेमाल से न तोड़े जा सकें। उनकी दलील थी कि सत्ता के लालची नेता अपने फायदे के लिए चुनाव पूर्व किए गठबंधन तोड़कर अपनी मर्जी से गठजोड़ कर लेते हैं। याचिका में संसद को ये भी निर्देश देने के लिए कहा गया था कि वो संविधान की 10वीं अनुसूची में व्यापक फेरबदल करे, जिससे इस तरह के मौकापरस्त गठबंधनों के होने का रास्ता बंद हो सके।

NARAYANDAS
नरायन दास सर्राफ ज्वेलर्स
(प्रा०लि०)
वाराणसी
सोने, चाँदी, हीरे, प्लेटिनम एवं कुंदन के आभूषण
• 916 हॉलमार्क ज्वेलरी •
रथयात्रा
0542-2361600, 2987700, 8318650589
अर्दली बाजार
0542-2505500, 2507700, 9455084195
SUNDAY OPEN
• रथयात्रा • अर्दली बाजार • चौक (ठठेरी बाजार) वाराणसी
• पार्किंग की सुविधा उपलब्ध •

### भागलपुर में टीचर ने बच्चों को पीट-पीटकर छिपकली वाला खाना खिलाया

**पटना।** बिहार में भागलपुर के एक स्कूल में मिड-डे मील खाने के बाद 200 बच्चे बीमार हो गए। बच्चों ने खाने में छिपकली होने की शिकायत की तो टीचर ने पहले उन्हें डांटकर कहा- छिपकली नहीं बैंगन है। जब बच्चों ने खाने से मना किया तो टीचर ने पीट-पीटकर उन्हें खाना खिलाया। मामला नवगछिया प्रखंड में मदत्तपुर गांव के मध्य विद्यालय का है। क्लास 6 की छात्रा शिवानी कुमारी ने बताया कि गुरुवार को मिड-डे-मील परोसा गया। आयुष नाम के एक छात्र की थाली से छिपकली मिली। वह जोर से चिल्लाया तो सभी बच्चे खाना छोड़ खड़े हो गए। इसकी जानकारी टीचर चितरंजन को मिली तो वह पहुंचे और थाली देखकर कहने लगे कि छिपकली नहीं बैंगन है। टीचर ने थाली से छिपकली निकाल दी और बोले- चुपचाप खाना है तो खाओ नहीं तो घर जाकर खाओ। इसके बाद भी जब बच्चे नहीं खा रहे थे तो उन्होंने पीट-पीटकर खाना खिलाया। इसके बाद सभी को उल्टी होने लगीं। करीब 200 बच्चे बीमार हो गए। घटना की जानकारी मिलने के बाद धीरे-धीरे परिजन स्कूल पहुंचने लगे। सभी बच्चों को नवगछिया अनुमंडल अस्पताल में भर्ती कराया गया।

**200 स्टूडेंट्स बीमार, टीचर ने कहा- बैंगन है चुपचाप खाओ**

# हिमाचल में 68 सीटों पर वोटिंग आज

## निर्वाचन आयोग की तरफ से मतदान से पूर्व सारी तैयारियां पूरीं

**नई दिल्ली।** हिमाचल प्रदेश की 68 विधानसभा सीटों पर शनिवार को मतदान होने हैं। हिमाचल में चुनाव प्रचार का शोर थम चुका है और कल होने वाले मतदान पर सभी की नजरें हैं। चुनाव के दौरान अधिक से अधिक मतदान को लेकर जागरूक करने के लिए चुनाव आयोग द्वारा तरह-तरह के कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं।

शनिवार को होने वाले मतदान को लेकर निर्वाचन आयोग की तरफ से सारी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। हिमाचल प्रदेश में एक चरण में होने वाले मतदान के नतीजे 8 दिसंबर को घोषित किए जाएंगे। इसी दिन गुजरात विधानसभा चुनावों के नतीजे भी आएंगे। पिछली बार के चुनाव में हिमाचल की 68 सीटों में से 44 पर

**विधानसभा चुनाव**

**बागियों ने बढ़ाई बीजेपी-कांग्रेस की मुश्किलें**




बीजेपी ने जीत दर्ज की थी और सरकार बनाई थी। जबकि, कांग्रेस के खाते में 21 सीटें आईं थी।

इस चुनाव में दोनों दलों को बागी उम्मीदवारों ने टेंशन दिया है और ऐसे में कुछ सीटों पर बेहद कांटे की टक्कर होने की उम्मीद जताई जा रही है। भाजपा ने 11 मौजूदा विधायकों का टिकट काट दिया है, जिसके बाद पार्टी को विरोध का सामना करना पड़ा है। टिकट काटे जाने से नाराज विधायकों के बागी तेवरों ने बीजेपी को हलकान कर दिया है। बागियों की नाराजगी के बीच, सत्ताधारी दल भाजपा हिमाचल के मिथक को तोड़ते हुए राज्य में लगातार दूसरी बार सरकार बनाने की कोशिश में जुटी है। वहीं, प्रमुख विपक्षी दल कांग्रेस से उसे जोरदार टक्कर मिल रही है। भाजपा जहां स्टार प्रचारक पीएम मोदी और सीएम जयराम ठाकुर के नेतृत्व में पूरी ताकत के साथ चुनाव लड़ रही है। वहीं, कांग्रेस अपने नए अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के नेतृत्व में सत्ता में वापसी की कोशिश कर रही है।

# 'शिवलिंग' को संरक्षित रखने का आदेश बरकरार

**नई दिल्ली।** ज्ञानवापी मामले में सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार (11 नवंबर, 2022) को एक अहम फैसले में कहा है कि शिवलिंग का संरक्षण अगले आदेश तक जारी रहेगा। सुप्रीम कोर्ट ने अपने पुराने आदेश को बरकरार रखा है। हिंदू पक्ष को इस मामले में जवाब देने के लिए तीन सप्ताह का समय दिया गया है। कोर्ट ने इससे पहले 12 नवंबर तक वजूखाने के संरक्षण का आदेश दिया था।

हिंदू पक्ष के वकील विष्णु शंकर जैन ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने शिवलिंग (ज्ञानवापी मस्जिद परिसर में) के सीलिंग आदेश को अगले आदेश तक बढ़ा दिया है। अदालत ने हमें मुस्लिम पक्ष की एक याचिका का जवाब देने के लिए तीन सप्ताह का समय दिया है। इलाहाबाद हाईकोर्ट ज्ञानवापी परिसर के

**अहम फैसला**

**सुप्रीम कोर्ट ने तीन हफ्ते में मांगा सभी पक्षों से जवाब**

अरक सर्वे कराने की मांग पर अब 28 नवंबर को सुनवाई करेगी। वहीं श्रृंगार गौरी और ज्ञानवापी मस्जिद मामले में जिला जज अजय कृष्ण विश्वेश ने सुनवाई की अगली तारीख 5 दिसंबर को तय की है। बता दें, इसके पहले ज्ञानवापी की श्रृंगार गौरी के नियमित दर्शन, पूजा पाठ और अन्य मामलों के संरक्षण के लिए 21 अक्टूबर को जिला जज की कोर्ट में हिन्दू पक्ष की ओर से कार्रवाई आगे बढ़ाने की मांग पर सुनवाई हुई थी। वहीं मुस्लिम पक्ष ने अधिवक्ता आयुक्त की कार्रवाई की मांग पर आपत्ति के लिए समय मांगा था। जिला जज ने इस पर 100 रुपये का



जुमार्ना सुनाते हुए मामले की अगली सुनवाई के लिए 2 नवंबर की तारीख दे दी थी। वहीं इसके पहले श्रृंगार गौरी मामले में पक्षकार के लिए आए सभी आवेदनों को कोर्ट ने खारिज कर दिया था। आपको बता दें कि ज्ञानवापी परिसर के लिए राखी सिंह सहित पांच महिलाओं ने याचिका डाली थी। ज्ञानवापी परिसर में सर्वे के दौरान मिले कथित शिवलिंग की कार्बन डेटिंग की मांग खारिज हो गई थी। राखी सिंह सहित पांचो वादी महिलाओं ने अब एक बार फिर से ज्ञानवापी परिसर के सर्वे की मांग की थी। इन महिलाओं के इस प्रार्थना पत्र को 17 मई को अदालत के सामने रखा गया था।

इन पांचों महिलाओं की दी गई याचिका में कहा गया है कि 16 मई को कमीशन की कार्यवाही के दौरान सर्वे में मिले शिवलिंग को पूरब की ओर दीवार में दरवाजे को ईंट से ढका गया है। वहीं तहखाने में नंदी के सामने ये मलबा रखा गया है और उत्तर दिशा की ओर भी एक दीवार बनाई गई है। इसमें उन्होंने मांग की है कि दीवार व मलबे को हटाकर शिवलिंग की ऊंचाई, लंबाई व चौड़ाई के साथ ही तहखानों में सर्वे की कार्रवाई की जाए।

# ओबरा में 660 मेगावाट की पहली इकाई की स्टीम ब्लोइंग शुरू

जनसंदेश न्यूज

**ओबरा।** ओबरा सी 1320 मेगावाट क्षमता की परियोजना की पहली इकाई में स्टीम ब्लोइंग शुरू हो गया है। स्टीम ब्लोइंग के बाद जनवरी के अन्तिम सप्ताह में कोल फायरिंग करने की योजना दुसान के अभियन्ताओं ने बनाया है। इस महत्पूर्ण प्रक्रिया के दौरान मुख्य मंत्री योगी का ओबरा दौरा सम्भावित है। इसे लेकर अभियंताओं में हड़कंप की स्थिति बनी हुयी है।

किसी भी हाल में तय समय पर कोल फायरिंग के लिये कमर कस लिये हैं। किसी भी परियोजना के लिये स्टीम ब्लोइंग एक महत्वपूर्ण स्टेज है जिसमे कोरिया की दुसान सिस्टम इण्डिया लिमिटेड के अभियंताओं को बड़ी

**उपलब्धि**

**जनवरी के अन्तिम सप्ताह में हो सकती है कोल फायरिंग**

**कोल फायरिंग के समय मुख्यमंत्री का हो सकता है दौरा**

सफलता मिल गयी है। स्टीम ब्लोइंग के दौरान ब्यायलर ट्यूब की सफाई होती है।

ब्यायलर ट्यूब में किसी भी तरह की गंदगी नहीं होनी चाहिये। इसलिये स्टीम ब्लोइंग की प्रक्रिया से किसी भी नई इकाई को गुजरना पड़ता है। स्टीम ब्लोइंग की प्रक्रिया 35 दिनों की होती है। इस दौरान तेज आवाज के साथ स्टीम को छोड़ा जाता है। इस प्रक्रिया के दौरान इतनी तेज आवाज होती है कि कोई भी आस पास बिना ईयर प्लग के खड़ा नहीं रह सकता। इसलिये दुसान के हजारों मजदूर ईयर प्लग का प्रयोग कर कार्य कर रहे हैं।

स्टीम ब्लोइंग की प्रक्रिया में यदि कोई खराबी नही आयी तो दुसान जनवरी के अन्तिम सप्ताह तक कोल फायरिंग कर सकता है। कोल फायरिंग के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ का भी दौरा ओबरा में हो सकता है। फिलहाल मुख्य मंत्री के सम्भावित कार्यक्रम को लेकर दुसान के अभियन्ता दिन रात एक कर अगली कोल फायरिंग की प्रक्रिया को समय पर करने के लिये जुट गये हैं। जरूरी कार्यो के लिये दुसान कम्पनी ने मैन पावर की संख्या में काफी इजाफा कर दिया है।

## फिरोजपुर जेल में गैंगस्टर्स को ड्रोन से पहुंचाया मोबाइल

**जेल का डिप्टी सुपरिंटेंडेंट गिरफ्तार**

**फिरोजपुर।** फिरोजपुर जेल में गैंगस्टर, तस्करों और कैदियों को मोबाइल फोन और नशीले पदार्थ बेचने के आरोप में थाना सिटी पुलिस ने जेल के डीएसपी डिप्टी सुपरिंटेंडेंट के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि इसने ड्रोन के जरिए जेल की हाई सिक्योरिटी जोन में मोबाइल भेजे हैं। गैंगस्टरों से इसके बदले भारी धनराशि वसूली गई है। जेल मंत्री हरजोत बैंस ने कहा कि केंद्रीय जेल फिरोजपुर के उपाधीक्षक गुरचरण धालीवाल को एनडीपीएस अधिनियम, आईपीसी और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत गिरफ्तार किया गया है। धालीवाल पर सेंट्रल जेल फिरोजपुर में बंद हाई रिस्क कैदियों के साथ मिलीभगत का आरोप लगाया गया है।

# आयुष कॉलेजों के 891 विद्यार्थी होंगे बर्खास्त

**गोरखपुर।** प्रदेश के आयुष कॉलेजों में फर्जीवाड़ा कर प्रवेश लेने वाले 891 निलंबित विद्यार्थियों को महायोगी गुरु गोरखनाथ आयुष विश्वविद्यालय ने बर्खास्त करने का फैसला लिया है। साथ ही इन छात्रों को इनरोलमेंट नंबर जारी करने पर रोक लगा दी है। जिन छात्रों के इनरोलमेंट नंबर जारी कर दिए गए हैं, उन्हें निरस्त करने का फैसला लिया गया है।

अब तक प्रदेश के 12 कॉलेजों ने 200 से अधिक निलंबित छात्रों की सूची विश्वविद्यालय प्रशासन को उपलब्ध करा दी है। जानकारी के मुताबिक, प्रदेश के 104 सरकारी और निजी कॉलेजों को मिलाकर आयुष, यूनानी और होम्योपैथी की 7338 सीटें हैं। इन सीटों पर इस बार नीट काउंसिलिंग के जरिए प्रवेश हुआ है। लेकिन, प्रवेश के बाद रजिस्ट्रेशन और फार्म भरने की प्रक्रिया के दौरान 891 छात्र ऐसे मिले,

**कार्रवाई**

**फर्जीवाड़ा कर कॉलेजों में लिया था प्रवेश, 200 निलंबित छात्रों की मिली सूची**

जिन्होंने कागजों में हेर-फेर कर प्रदेश के कॉलेजों में सत्र 2021-22 में दाखिल ले लिया। इनके बारे में आयुर्वेद निदेशालय को सूचना दी गई। जांच में पता चला कि इनमें 22 छात्र ऐसे हैं, जो नीट की प्रवेश परीक्षा में शामिल ही नहीं हुए थे, लेकिन इनका भी दाखिला आयुष कॉलेजों में हो गया है। कई अन्य छात्रों का दाखिला मेरिट में हेर-फेर के जरिए आयुष कॉलेजों में हुआ है। मामले की गंभीरता को देखते हुए आयुष निदेशालय ने ऐसे 891 छात्रों को निलंबित कर दिया। वहीं, आयुष विश्वविद्यालय ने अब इन छात्रों के इनरोलमेंट नंबर जारी करने पर रोक लगा दी है। साथ ही बर्खास्त करने का फैसला भी लिया है। महायोगी गुरु गोरखनाथ आयुष विश्वविद्यालय के रजिस्टार आरबी सिंह ने बताया कि प्रदेश में 104 आयुर्वेदिक, यूनानी और होम्योपैथी कॉलेज हैं। इनमें 2021-22 के लिए 85 आयुर्वेद, यूनानी और होम्योपैथी कॉलेजों को मान्यता दे दी गई है। इनमें आयुर्वेद के 55 निजी और आठ सरकारी, यूनानी के नौ निजी और दो सरकारी, होम्योपैथी के दो सरकारी और दो निजी कॉलेज शामिल हैं। कुल 19 सरकारी और 69 निजी कॉलेजों को मान्यता दी गई है। रजिस्टार आरबी सिंह ने बताया कि प्रदेश के 12 कॉलेज ऐसे हैं, जिन्होंने 200 ऐसे छात्रों की सूची भेज दी है, जिन्होंने फर्जीवाड़ा कर दाखिला लिया है। अन्य कॉलेज भी ऐसे छात्रों की सूची भेज रहे हैं। इन छात्रों के इनरोलमेंट नंबर पर रोक लगाने की प्रक्रिया भी शुरू हो गई है।

# जल परिवहन से अर्थव्यवस्था होगी मजबूत: सर्बानंद सोनोवाल

## उप्र में पर्याप्त मात्रा में जल संसाधन उपलब्ध, इससे विकास की रफ्तार और होगी तेज : मुख्यमंत्री

**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एक दिवसीय वाराणसी दौरे के दौरान शुक्रवार को बड़ालालपुर स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय हस्तकला संकुल सभागार में आयोजित अंतर्देशीय जलमार्गों की भूमिका को और मजबूत करने के उद्देश्य से पीएम गति शक्ति मल्टीमॉडल जलमार्ग शिखर सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। सम्मेलन में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पीएम गति शक्ति योजना के जरिए हर क्षेत्र में जो प्रगति हो रही है, वह पूरा देश देख रहा है। इसका सबसे लाभ उत्तर प्रदेश को मिल रहा है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आज उत्तर प्रदेश में पर्याप्त मात्रा में जल संसाधन उपलब्ध है और इससे विकास की रफ्तार और तेज पकड़ेगी। उन्होंने सम्मेलन को दुनिया के सबसे प्राचीन एवं महादेव की नगरी काशी में आयोजित किए जाने पर बधाई देते हुए कहा कि विगत 8 वर्षों में उत्तर प्रदेश विकास की नई ऊंचाइयां प्राप्त कर रहा है। उत्तर प्रदेश सड़क परिवहन के दृष्टि से काफी महत्वपूर्ण है। 12 से 13 एक्सप्रेस-वे पर कार्य तेजी से चल रहा है। रोड कनेक्टिविटी को फोरलेन से जोड़ा गया है। यहां से कृषि उत्पाद विदेशों एवं गल्फ कंट्रीयों में निर्यात किए जा रहे हैं। जिससे जहां किसानों की आय दोगुनी करने में सफलता मिली है, वहीं किसानों का आत्मविश्वास भी बढ़ा है। उन्होंने बताया कि पहला इनलैंडवाटर वेज प्रधानमंत्री के संसदीय क्षेत्र वाराणसी में बना है। उसकी जेटी

**शिखर सम्मेलन**

**पीएम गति शक्ति योजना के जरिए हर क्षेत्र में जो प्रगति हो रही है वह पूरा देश देख रहा है**

**पहला इनलैंडवाटर वेज पीएम के संसदीय क्षेत्र वाराणसी में बना**

का आज लोकार्पण व शिलान्यास भी यहां हुआ है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विशेष रूप से जोर देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री गति शक्ति बहुत बड़ा प्लेटफार्म आ गया है। जो विकास योजनाओं को पूर्ण करने में तकनीकी रूप से मदद करेगी और काफी कम समय में ही विकास योजनाएं मूर्त रूप ले सकेंगे। जिसका लाभ सीधे- सीधे जनता को मिलने लगेगा। उन्होंने



मंत्रीद्वय केंद्रीय पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री सबार्नंद सोनोवाल व केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल का ध्यान आकृष्ट कराते हुए बताया कि हिमालय से निकलने वाली सिल्ट से काफी नदियां क्षिक्षिलि हो गई थी। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा कई नदियों का ड्रेजिग कराया गया, जिसका परिणाम है कि आज उत्तर प्रदेश में मात्र चार-पांच जिलों में ही बाढ़ आती है। उन्होंने विश्वास व्यक्त करते हुए कहा कि इस सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सपनों को मूर्त रूप देने व उसे धरातल पर उतारने का प्रयास होगा।

सम्मेलन में केंद्रीय पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री सबार्नंद सोनोवाल ने कहा कि यातायात व्यवस्था दुरुस्त होगी, तो देश की अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। इसके लिए सरकार के अलग-अलग मंत्रालय महत्वपूर्ण कदम उठा रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व से देशवासियों में भरोसा जगा है कि आज हम हर क्षेत्र में तरक्की कर रहे हैं। सोनोवाल ने कहा कि जब तक यातायात व्यवस्था दुरुस्त नहीं होगी तब तक हमारी अर्थव्यवस्था मजबूत नही होगी। आज सरकार लॉजिस्टिक पॉलिसी के जरिए सारी योजनाओं को गति देने में जुटी है। आज देश का हर प्रांत इस पॉलिसी के साथ जुड़ रहे हैं और विकास के मार्ग पर आगे बढ़ रहे हैं। श्री सोनोवाल ने कहा कि जनता की शक्ति को दोगुना बढ़ाने के लिए पीएम ने सशक्तिकरण के लिए जो दिशा दी है जो विषय दिया है आज उसी के जरिए हम आगे बढ़ रहे हैं।? पिछले आठ वर्षों विकास के पायदान पर हम लगातार आगे बढ़ रहे हैं। आज अगर वॉटरवेज की बात करें तो देश में 111 वॉटरवेज हैं जिसके जरिए हमारी यातायात व्यवस्था और दुरुस्त होगी। प्रधानमंत्री जी के विजन की बात करते हुए श्री सोनोवाल ने कहा कि भारत को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में हम अब कई कदम आगे बढ़ चुके हैं और आज भारतीय के अंदर आत्मनिर्भर बनने की ललक भी जाग चुकी है। प्रधानमंत्री गति शक्ति मल्टीमॉडल जलमार्ग शिखर सम्मेलन की चर्चा करते हुए श्री सोनोवाल ने कहा कि इस कार्यक्रम के जरिए जो विशेषज्ञों की राय निकलकर सामने आएगी उसके जरिए विकास को गति दी जाएगी। सम्मेलन में केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि गति शक्ति जैसा टूल्स किसी के पास नहीं है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में देश हर क्षेत्र में तरक्की कर रहा है। शिखर सम्मेलन में असम के लिए इलेक्ट्रिक-बैटरी चालित हाइब्रिड कटमरैन के लिए भारतीय अंतर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण और कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड के बीच एक समझौता ज्ञापन पर भी हस्ताक्षर किए गए। सम्मेलन में खालिद महमूद चौधरी जहाजरानी राज्य मंत्री बांग्लादेश सरकार, डॉ तरुण कपूर भारत के प्रधान मंत्री के सलाहकार, डॉ संजीव रंजन प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## संक्षेप

### कूदर में हरे पेड़ काटने वालों पर मुकदमा दर्ज

**माण्डा।** मांडा के कुदर गांव में अराजक तत्वों के द्वारा आम और महुआ के हरे पेड़ को काटकर उठा ले गए थ। इस प्रकरण की जानकारी राकेश कुमार शुक्ल टडहर पोस्ट तिसेन तुलापुर मांडा ने माण्डा थाना माण्डा को तहरीर दी थी जिसमें अफजल अली, इजहार अली, इश्तियाक, तसगौर, नसीम, मुजम्मिल अली के ऊपर मुकदमा दर्ज किया गया। माण्डा पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### मंदिर का ताला तोड़कर उठा ले गए दान पेटी

**जंघई।** सरायममरेज थानांतर्गत राचनपुर बघेड़ी गांव में रामेश्वर ग्राम विकास समिति भोलेनाथ मंदिर में मध्यरात्रि के करीब ढाई बजे मंदिर का ताला तोड़कर चोरों ने दान-पेटी का पैसा, पीतल के समस्त बर्तन, पूजा सामग्री, घंटा, पीतल का ताला सहित समस्त सामान ताला तोड़कर चुरा ले गए ग्रामीणों के अनुसार मंदिर में यह तीसरी बार चोरी हुई है जिससे ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है।

# टोलकर्मियों की दबंगई, बारा पुलिस ने दर्ज किया केस

**मारपीट**

**ग्राम प्रधान प्रतिनिधि के साथ मारपीट के प्रकरण में पुलिस ने की कार्रवाई**

**बारा।** उमापुर टोल प्लाजा कर्मियों ने शुक्रवार को कार से सफर कर रहे ग्राम प्रधान प्रतिनिधि सरसेड़ी के साथ मारपीट की और धमकाया। मामले की सूचना पर पहुंची बारा पुलिस ने मामले की छानबीन की। बारा पुलिस के अनुसार इस मामले में तहरीर पर दो नामजद समेत कई लोगों के खिलाफ एससीएसटी एक्ट समेत अन्य सुसंगत धाराओं में केस दर्ज किया गया है।

बताया जाता है कि बारा थाना क्षेत्र में स्थित उमापुर टोलप्लाजा पर टोलकर्मियों द्वारा वाहन चालकों से मारपीट, गाली-गलौच की घटनाएं आम होती जा रही हैं। आए दिन यहां पर विवाद होता रहता है और लोग बेइज्जत होते रहते हैं। इसी तरह का एक मामला शुक्रवार को पेश आया।

बताया जाता है कि सरसेड़ी के ग्राम प्रधान प्रतिनिधि राम भारतीय अपनी कार से जसरा बाजार से घर की ओर जा रहे थे। टोल कर्मियों ने टोल टैक्स वसूली के लिए बैरियर लगा दिया। इस पर प्रधान ने अपना परिचय देते हुए स्थानीय होने का हवाला देते हुए मिलने वाली छूट का हवाला दिया। आरोपित है कि बावजूद इसके टोल कर्मियों ने उग्र होते हुए अभद्र व्यवहार शुरू कर दिया। जब प्रधान ने इसका विरोध किया तो उक्त लोगों ने मारपीट भी की।

ग्राम प्रधान ने बारा थाने में लिखित तहरीर दी। सब इंस्पेक्टर राजेश कुमार सचान ने बताया कि तहरीर के आधार पर टोलकर्मियों के खिलाफ एससी/ एसटी एक्ट सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया जा रहा है।

### प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना अंतर्गत अपूर्ण आवेदनों को सुधारने का अंतिम अवसर

**करछना।** प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना अंतर्गत विभिन्न परियोजनाओं के लिए ऑनलाइन आवेदन विभाग द्वारा मांगे गए थे। जिसमें मत्स्य विभाग के तहसील प्रभारियों द्वारा सत्यापन कार्य किया जा रहा है। मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रयागराज इरफान उल्लाह खान ने बताया कि ऑनलाइन किए गए आवेदकों द्वारा अपूर्ण आवेदनों के अभिलेखों को सुधारने हेतु विभाग द्वारा आवेदक को मत्स्य पालकों को पुनः 3 दिन के अंदर अपूर्ण अभिलेखों को सुधारने का अवसर प्रदान करने का अंतिम मौका दिया जा रहा है कि 3 दिन के अंदर अपूर्ण अभिलेखों को आवेदक अपने आवेदन के आईडी पासवर्ड से लॉगिन कर अपूर्ण अभिलेख पोर्टल पर अपलोड कर दें जिससे आवेदकों का सही चयन विभाग द्वारा किया जा सके जिससे चयन करना संभव हो सके।

## डेंगू प्रभावित इलाके में स्वास्थ्य कर्मियों ने किया सैंपलिंग

**उरुवा।** डेंगू के बढ़ते संक्रमण को देखकर स्वास्थ्य विभाग ने भी कमर कश लिया। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने डेंगू संक्रमित इलाकों में घर घर जाकर जांच के साथ दवा वितरण और लोगों को एहतियात बरतने की सलाह दी। उरुवा विकास खंड क्षेत्र के रामनगर गांव में लगातार कई दिनों से डेंगू के मरीजों का मिलना जारी है,कई मौतें भी हुई। लगातार बढ़ते डेंगू के संक्रमण को देखकर सीएचसी रामनगर के स्वास्थ्य कर्मियों ने शुक्रवार को रामनगर खास तथा शिववंश राय का पूरा मजरे में घर घर जाकर लोगों की डेंगू और मलेरिया की जांच का सैम्पल लिया। टीम में शामिल रहे आयुष के डॉक्टर राममूर्ति सिंह यादव ने बताया कि कुल 62 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। जिसमें 24 लोगों की डेंगू जांच और 12 लोगों की मलेरिया जांच के लिए खून का सैम्पल लिया गया। टीम में एमओ उमेश कुमार, एलटी नीरज द्विवेदी,फार्मासिस्ट जय सिंह,रत्नेश राय,एएनएम पुष्पा तथा प्रभा एवं हरीलाल सहित अनेक स्वास्थ्य कर्मी रहे।

# स्वायत्तता के बिना विकास संभव नहीं : प्रोफेसर पी. के. साहू

**कार्यक्रम**

**दूरस्थ शिक्षा पद्धति विकास की अनंत संभावनाएं : प्रोफेसर सीमा सिंह**



मुख्य अतिथि का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत करते हुए

**फाफामऊ।** उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज के रजत जयंती वर्ष में आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत राष्ट्रीय शिक्षा दिवस के अवसर पर शिक्षा विद्या शाखा के तत्वावधान में शुक्रवार को मुख्य अतिथि इलाहाबाद विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रोफेसर पी के साहू ने कहा कि विकास स्वायत्तता के बिना संभव नहीं होता। यदि हम किसी से नियंत्रित होंगे तो वह हमारी स्वायत्तता पर बाधा उत्पन्न करेगा। स्वायत्तता का संप्रत्यय संकुचित होता है क्योंकि किताब पढ़ने से स्वायत्तता नहीं आती। किताब पढ़ना गाइडेड इंस्ट्रक्शन के अंतर्गत आता है। प्रोफेसर साहू ने कहा कि औपचारिक शिक्षा एवं मुक्त विश्वविद्यालय की शिक्षा के दर्शन में जिस प्रकार का अंतर है उसी तरह से औपचारिक शिक्षक एवं मुक्त विश्वविद्यालय के शिक्षक में भी सोच, विचार और सृजनता कभी नष्ट नहीं होती। उसका स्वरूप अत्यंत सूक्ष्म होता है। मानव जैसे जैसे विकास करता जाता है उसी के अनुरूप सूक्ष्म ज्ञान भी आगे बढ़ता जाता है। मुख्य अतिथि प्रोफेसर साहू ने स्वावलंबन पर जोर देते हुए कहा कि जब तक हम स्वावलंबी नहीं होंगे विकास बाधित रहेगा क्योंकि दूसरे पर निर्भर रह कर संपूर्ण विकास संभव नहीं हो सकता। अध्यक्षता करते हुए कुलपति प्रोफेसर सीमा सिंह ने कहा कि देश के प्रथम शिक्षा मंत्री मौलाना अबुल कलाम आजाद के विचार आज भी प्रासंगिक हैं। उनका मानना था कि शिक्षा समाज में हमें जीने का मौका देती है। शिक्षा मजबूती प्रदान करती है शिक्षक का प्रतिनिधित्व पाठ्य सामग्री करती है।

## सड़क पर चलना मुश्किल सुनने वाला कोई नहीं



खस्ताहाल सड़क का दृश्य

**माण्डा।** एक तरफ उत्तर प्रदेश सरकार तो गांव के विकास के लिए कार्य कर रही है दूसरी तरफ आला अधिकारी आईना दिखाते नजर आ रहे हैं। माण्डा थाना के पूरब चकरोड जो दसवार मार्ग ललिता शास्त्री पब्लिक स्कूल को जाता है। इस चकरोड पर रोजाना लगभग हजारों बच्चे जाते हैं लेकिन चार वर्ष हो गये इस मार्ग में न तो नाली बनीं न सड़क निर्माण नहीं हो पाया और सोनकर बस्ती व तालाब के पास से मार्ग की शुरूआत होती है वहीं पर जलनिगम की पाइप लाइन भी टूटी हुई है जिससे पानी का बहाव होने से राहगीरों को आने जाने मे दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। इस मार्ग के संदर्भ में बीडीओ ने डेढ़ वर्ष पूर्व निरीक्षण किया था तो उस समय इस मार्ग पर भस्सी फेंक दी गई थी लेकिन बारिश में वो भी ज्यादातर बह गयी है । इस मार्ग के संदर्भ में शिकायत पत्र राकेश यादव व ग्रामीणों ने बीडीओ को बुधवार को दिया और मांग की जल्द मार्ग व नाली का निर्माण कराया जाय।

## बोलेरो व ट्रक में भिड़ंत, घायल

**सहसों।** थरवई थाना क्षेत्र के थानापुर स्थित पेट्रोल पंप के पश्चिमी पटरी प्रयागराज-गोरखपुर राजमार्ग पर बोलेरो गाड़ी और ट्रक के बीच में टक्कर हो गई। प्रतापगढ़ के रानीगंज से करेली बारात गई हुई थी। वहां से शुक्रवार की भोर 2:30 बजे बोलेरो गाड़ी से बाराती वापस लौट रहे थे। पेट्रोल पंप के पास बोलेरो पहुंची थी कि उसके पीछे चल रही ट्रक ने उसमें टक्कर मार दिया। जिसके बाद बोलेरो अनियंत्रित होकर अपने आगे चल रही ट्रक के पिछले हिस्से में तेजी से जाकर टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बोलेरो के परखच्चे उड़ गए। गाड़ी में सवार अख्तर शेख (45) निवासी मिढ़ौली जगदीशपुर, थाना रानीगंज, प्रतापगढ़ की मौके पर मौत हो गई। साथ में सवार गांव के ही माजिदा बानो, समीम, समीर, साबिया व जैद घायल हो गए हैं। सूचना मिलते ही थरवई थानाध्यक्ष लोकेंद्र त्रिपाठी घटनास्थल पर तुरंत पहुंच गए। घायलों को इलाज के लिए एसआरएन अस्पताल भेज दिया। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# सरकारी पोषाहार के साथ पकड़ी गई प्रभारी सीडीपीओ मेजा, मचा हड़कंप

**अपराध**

**पुलिस ने एक बोरी पोषाहार एवम सीडीपीओ मीरा देवी को अपनी हिरासत में ले लिया**



थाने में बैठी प्रभारी सीडीपीओ मेजा

**कोरांव।** कोरांव पुलिस ने मेजा की प्रभारी सीडीपीओ को बस से घर जाते समय एक बोरी पोषाहार के साथ पकड़ लिया । पुलिस द्वारा सीडीपीओ को पोषाहार के साथ थाने ले जाया गया । मिली जानकारी के मुताबिक कोरांव तहसील क्षेत्र के राजपुर गांव निवासी मीरा देवी पत्नी कमला शंकर पटेल मेजा में बाल विकास परियोजना विभाग में सुपर वाइजर के पद पर तैनात है वर्तमान में वह प्रभारी सीडीपीओ का कार्यभार देख रही है । शुक्रवार को किसी ने कोरांव पुलिस को फोन पर सूचना दी कि बस से सरकारी पोषाहार ले जाया जा रहा है पुलिस ने कोरांव के बैदवार रोड पर गोपाल विद्यालय के पास एक बस को रोक कर उसमें से एक बोरी पोषाहार एवम सीडीपीओ मीरा देवी को अपनी हिरासत में ले लिया । पुलिस पोषाहार के साथ सीडीपीओ को थाने पर लायी और मामले की जांच में जुट गई । मामले में प्रभारी निरीक्षक धीरेंद्र सिंह ने बताया की पुलिस को फोन द्वारा सूचना मिली थी कि गर्भवती महिलाओं एवम अति कुपोषित बच्चो को दिया जाने वाला सरकारी पोषाहार बस में लादकर ले जाया जा रहा है ।सूचना पर पोषाहार एवम सीडीपीओ मेजा को हिरासत में लिया गया है मामले उपजिलाधिकारी मेजा एवम अन्य विभागीय अफसरों की जानकारी में दिया गया है ।विभागीय अफसरों के निर्देश पर मामले में कार्यवाही की जाएगी।

### क्या बोले जिला कार्यक्रम अधिकारी

प्रभारी जिला कार्यक्रम अधिकारी विमल चौबे ने कहा कि मामले की जानकारी मिली है मुख्य विकास अधिकारी को भी जानकारी दी गयी है ।अगर मुख्य सेविका मामले में दोषी है तो मुकदमा दर्ज कराया जाएगा।

## गुरुकुल मांटेसरी स्कूल का धूम धाम से मनाया गया वार्षिक उत्सव

**फाफामऊ।** शांतिपुरम स्थित गुरुकुल मांटेसरी स्कूल का 12 वा वार्षिक समारोह उत्सव शुक्रवार को स्कूल परिसर में धूमधाम से मनाया गया। वार्षिक उत्सव कार्यक्रम में स्कूल के नन्हें मुन्हें बच्चों ने जमकर धमाल मचाया। वार्षिक उत्सव के मुख्य अतिथि प्रयागराज के आईजी रेंज राकेश सिंह रहें। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। मुख्य अतिथि ने आईजी राकेश सिंह कहा कि बच्चों को संस्कार स्कूल से ही मिलता है। स्कूल ही एक ऐसा स्टेज होता है जहां से बच्चों को सीखने का मौका मिलता है और बड़ा होकर इंसान कुछ नही सीख पाता है। बच्चों के मां बाप भी परिवार में ऐसा माहौल दे कि बच्चें माहौल को और मां बाप से बिना कुछ बताए ही सीखते है। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि पूर्व आईजी प्रयागराज केपी सिंह ने भी संबोधित किया। छोटे बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम में राधा कृष्ण नृत्य, ग्रैंड मदर नृत्य, फिट इंडिया, राम केवट प्रसंग, डांडिया नृत्य आदि कार्यक्रम प्रस्तुत कर लोगों को मंत्र मुग्ध कर दिया। कार्यक्रम के अंत में मुख्य अतिथि आईजी राकेश सिंह ने स्कूल में अव्वल स्थान पाने वालों बच्चों को मेडल और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के चेयरमैन रिटायर डीआईजी कृपा शंकर सिंह ने किया।

**आवश्यकता है**

**एस.आर. सिंह. आर.बी. सिंह महाविद्यालय**
**मोतिहॉ, हण्डिया प्रयागराज**
**बी0एड0 संकाय सहायक आचार्य हेतु**
(1) शिक्षा के परिपेक्ष्य- 03 पद, (2) शिक्षण विषय- गणित-01 पद, विज्ञान-01 पद, भाषा-01 पद
(3) स्वास्थ्य एवं शारीरिक शिक्षा-01 पद, (4) ललित कला - 01 पद, (5) निष्पादन कला (संगीत, नृत्य, रंगमंच) - 01 पद
परास्नातक स्तर कला संकाय एम0ए0 पाठ्यक्रम हेतु
हिन्दी - 01 पद
परास्नातक स्तर कला संकाय एम0ए0 पाठ्यक्रम हेतु
समाज शास्त्र - 01 पद
परास्नातक कला संकाय एम0ए0 पाठ्यक्रम हेतु
प्रा0 भा0 इतिहास - 01 पद
स्नातक स्तर कला संकाय बी0ए0 हिन्दी साहित्य-01 पद
स्नातक स्तर कला संकाय बी0ए0 गृह विज्ञान-01 पद
स्नातक स्तर कला संकाय बी0ए0 समाज शास्त्र-01 पद
स्नातक स्तर कला संकाय बी0ए0 शिक्षा शास्त्र-01 पद
स्नातक स्तर- विज्ञान संकाय बी0एस0सी
जन्तु विज्ञान - 01 पद
स्नातक स्तर- वाणिज्य संकाय बी0काम - 01 पद
योग्यता एवं वेतनमान एन0सी0टी0ई/राज्य सरकार/विश्वविद्यालय के मानकानुसार। आवेदन की अंतिम तिथि विज्ञापन के 15 दिन के अन्दर।
**प्रबंधक-राम बहादुर सिंह (मो0 : 8853264243)**

## जन अधिकार पार्टी के कार्यकतोओं में चुनाव लड़ने का होड़

**खीरी।** जिसकी जितनी संख्या भारी उसकी उतनी हिस्सेदारी,महिलाओं के सम्मान में जन अधिकार पार्टी मैदान में सम्मानित साथियों जन अधिकार पार्टी के कार्यालय द्वारा मुझे यह कहने का निर्देश हुआ है कि जन अधिकार पार्टी के आदरणीय पदाधिकारियों सक्रिय कार्यकताओं एवं पार्टी के लोगों को अवगत कराना है कि आगामी 2022 प्रयागराज नगर निगम महापौर मेयर व प्रयागराज में 100 वार्डो में सभासद पार्षद एवं गंगापार के टाउन एरिया नगर पंचायत नंबर 1 लालगोपालगंज नंबर 2 मऊआइमा नंबर 3 फूलपुर ल्लङ्क 4 हंडिया में चेयरमैन अध्यक्ष वार्ड में सभासद पार्षद हेतु जन अधिकार पार्टी की ओर से जिससे पदाधिकारी व कार्यकताओं एवं पार्टी के व्यक्ति जिस सज्जन को जन अधिकार पार्टी की ओर से चुनाव उन्हें उम्मीदवार हेतु शामिल होना चाहते हो कृपया मुझसे संपर्क कर जन अधिकार पार्टी की ओर से चुनाव में उम्मीदवार भागीदारी कर सकते है।

# संविधान से ही है सहकारिता व्यवस्था : न्यायमूर्ति



पुरस्कृत प्रतिभागियों के साथ इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायाधीश

**फूलपुर।** इफको की फूलपुर इकाई में सतर्कता जागरूकता अभियान का समापन समारोह सामुदायिक केन्द्र में गुरुवार को सम्पन्न हुआ। समारोह में बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित इलाहाबाद हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति अश्वनी कुमार मिश्र ने कहा कि एक आदर्श समाज की स्थापना के लिए हमारे संविधान के प्रस्तावना में न्याय, स्वतंत्रता, समानता एवं बंधुत्व की परिकल्पना की गई है। उन्होंने कहा कि इफको किसानों के हित में कार्य करने वाली संस्था है एवं देश में सहकारिता व्यवस्था संविधान की देन है। कार्यकारी निदेशक संजय कुदेशिया ने कहा कि सतर्कता जागरूकता सप्ताह हम प्रति वर्ष सरदार वल्लभभाई पटेल के गुणों,उनके आदर्शों एवं उनके बताए हुए रास्ते पर आगे चलने के लिए मनाते है। हमें सतर्कता जागरूकता का प्रतिदिन अनुकरण करना चाहिए। मुख्य सतर्कता अधिकारी अजय कुमार मिश्र ने कहा कि इफको वह संस्था है जिसने स्वैच्छिक सतर्कता स्वीकारा है। उन्होंने कहा कि हमारी कार्यप्रणाली पारदर्शी एवं भ्रटाचार मुक्त रही है तथा हमारा विभाग इस दिशा में लगातार सकारात्मक कार्य कर रहा है। विजेता बच्चों, आश्रित एवं कर्मचारियों को पुस्कृत किया गया। कार्यक्रम का संचालन एस.के.सिंह एवं धन्यवाद ज्ञापन सतर्कता जागरूकता अभियान के अध्यक्ष एम.डी.मिश्र ने किया। इसके पूर्वाह्न में संविदाकार गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें इकाई प्रमुख कार्यकारी निदेशक संजय कुदेशिया ने संविदकारों को संबोधित करते हुए कहा कि यह जरूरी है संविदाकारों की समस्याओं, उनके सुझाव एवं लाल फीताशाही को कैसे खत्म करें इसलिए यही संगोष्ठी आयोजित की गई है। मुख्य सतर्कता अधिकारी अजय कुमार मिश्र ने कहा कि कम्पनी के किसी भी कार्य को निष्पादित करने में संविदाकारों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है, सतर्कता विभाग कार्य में पारदर्शिता, भ्रटाचार उन्मूलन, समस्या जिनका निराकरण नियम के तरह किया जा सकता है सम्पूर्ण वर्ष इस विषय पर कार्य करता है। संविदाकार गोष्ठी में संविदाकारों की समस्याओं को सुना गया एवं उसका निराकरण किया गया। कार्यक्रम में पी.के.सिंह, पी.के.पटेल, पंकज पाण्डेय, विनय यादव, स्वयं प्रकाश, शम्भू शेखर, आर.के.गुप्ता, उमेश शुक्ला, हेमलता सिजोरिया, रीक्रिएशन क्लब के सचिव डी.के.शुक्ला मौजूद रहे।

## पत्रकार की चाची का निधन, हुई शोक सभा


**उरुवा।** विकास खंड क्षेत्र उरुवा अन्तर्गत ग्राम सभा सोरांव पाती निवासी पत्रकार राजेश गौड़ के चाची का हृदय गति रुक जाने से निधन हो गया। शुक्रवार को शोक सभा आयोजित कर पत्रकार व अनेक गणमान्य लोगों ने दो मिनट का मौन रखकर कर श्रधांजलि अर्पित की। इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार शशिकांत तिवारी, राजेश कुमार शुक्ल, सुशील पांडेय, नीरज मिश्र, जयप्रकाश द्विवेदी, प्रेमानंद मिश्र, राम कैलाश विश्वकर्मा, बुद्धसेन वर्मा, उमेश सोनी, विमल पांडेय, दीपक शुक्ल,शैलेश कुमार कुशवाहा, दुर्गा प्रसाद गुप्ता, श्रीकांत यादव, अतुल तिवारी सहित कई पत्रकार व ग्रामीण मौजूद रहे ।

# पुलिस ने सड़क सुरक्षा यातायात के बताए नियम

**जागरूकता**

**मॉ शिवकुमारी शुक्ला इंटर कालेज के बच्चों को सड़क सुरक्षा नियम बताकर किया जागरूक**

**सड़क सुरक्षा का रखो हमेशा ध्यान, करो यातायात नियमों का तुम सम्मान : शेर सिंह यादव**



छात्रों को सड़क सुरक्षा यातायात के बारे में जानकारी देते थाना प्रभारी

**लालापुर।** लालापुर क्षेत्र में यातायात माह के दौरान चलाये जा रहे अभियान के क्रम मे शुक्रवार को थाना प्रभारी लालापुर शेर सिंह यादव द्वारा यातायात नियमों से संबंधित होर्डिंग लगाकर मौजूद लोगों को यातायात नियमों का पालन करने हेतु जागरूक किया गया।क्षेत्र के मां शिवकुमारी शुक्ला इंटर कालेज में थाना प्रभारी लालापुर ने छात्र एवं छात्राओं को जागरूक करते हुए कहा कि कार में बैठते ही शीट बेल्ट जरूर लगाएं, हेलमेट पहनना सुरक्षा की दृष्टि से बहुत जरूरी है इसे चालान से बचने के लिए नहीं बल्कि सुरक्षा के लिए पहने ताकि आपकी जिंदगी सबसे अमूल्य है घर से निकलने के बाद वापस आने तक घर के लोग आपका इंतिजार करते रहते है। सिग्नल की अनदेखी न करना, जेब्रा क्रॉसिंग का पालन, फुटपाथ पर चलने के लिए नियम,संकेत चिन्हों को देखकर वाहन की गति बढ़ाना-कम करना, चार पहिया वाहन में सीट बेल्ट लगाना आदि की विस्तार से जानकारी दी। इसी के साथ उन्होंने यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों को दण्डित करने की व्यवस्थाओं का भी उल्लेख किया ताकि छात्र सजगता के साथ सड़क सुरक्षा नियमों का पालन कर सकें। उन्होंने 18 वर्ष से कम उम्र की अवस्था में वाहन न चलाने की हिदायत दी और कहा कि जहाँ फुटपाथ न हो वहां सड़क की दाईं और ही चलने की कोशिश करें। उन्होंने छात्रों से अनुरोध किया कि वे सदैव यातायात के नियमों का पालन कर स्वयं के जीवन की सुरक्षा करेंगे एवं शहर के यातायात नियमों को बेहतर बनाने में सहयोग करेंगे।

## एस एस पी के आदेश पर तीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम महमदपुर सराय अली निवासी आलोक कुमार विश्वकर्मा पुत्र लल्लू का कहना है कि वह गदियानी चौराहे पर महेंद्र कुमार विश्वकर्मा के यहां वेल्डिंग का काम करता है। वह दुकान से दूर एक दुकानदार के यहां सामान बदलवाने गया था। बताते हैं कि सामान न बदलने पर उससे दुकानदार से बहस हो गई। जिसपर उसे मार पीट कर एक पेड में बांध कर जेब में रखा 850 रुपए लूट लिए। वह किसी तरह छुडा कर थाने आया परन्तु कोई सुनवाई नहीं हुई । जिसपर आलोक कुमार विश्वकर्मा ने एस एसपी के यहां न्याय की गुहार लगाई। मऊआइमा पुलिस ने एस एस पी के आदेश पर ग्राम गदियानी निवासी कृपाशंकर पटेल ,विवेक कुमार ,अंकेश कुमार के खिलाफ लूट मार पीट जान से मारने की धमकी के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है ।

**कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी उरुवा-प्रयागराज**

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

वित्तीय वर्ष 2022-23 हेतु क्षेत्र पंचायत उरुवा/खण्ड विकास अधिकारी उरुवा प्रयागराज में पंजीकृत ठेकेदारों एवं फर्मों को सूचित किया जाता है कि क्षेत्र पंचायत आयोग योजनान्तर्गत पन्द्रहवां केन्द्रीय वित्त टाईड कार्य एवं अन टाईड कार्य तथा पंचम राज्य वित्त में प्राप्त धनराशि एवं स्वीकृत कार्यों का निर्माण कराने हेतु दिनांक 03.11.2022 को मोहरबंद निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा फार्म दिनांक 03.11.2022 से दिनांक 17.11.2022 अपरान्ह 12 बजे तक कार्यालय दिवस में विक्रय किये जायेंगे तथा निविदा दिनांक 17.11.2022 अपरान्ह तक विक्रय किये गये निविदाओं को निविदा बाक्स में डाला जायेगा। 10 प्रतिशत बान्ड अनुबन्ध के साथ जमानत के रूप में पूर्ण देय होगा। तदोपरान्त प्राप्त हुयी निविदायें दिनांक 18.11.2022 को खण्ड विकास अधिकारी उरुवा के कक्ष में फर्मो/ठेकेदारों के समक्ष अपरान्ह 3 बजे गठित समिति के उपस्थिति में खोला जायेगा। निर्धारित समय सीमा के वाद प्राप्त निविदाओं पर कोई विचार नही किया जायेगा। क्षेत्र पंचायत अध्यक्ष/खण्ड विकास अधिकारी उरुवा को यह अधिकार होगा कि किसी या सभी निविदाओं को बिना कारण बताये स्वीकृत/अस्वीकृत/निरस्त करने का पूर्ण अधिकार होगा।

**नोट-**

1. पी0डब्लू0डी की शर्तों के अनुसार परर्फामेन्स जमानत की धनराशि देय होगी।
2. कार्य के अनुसार ठेकेदार द्वारा पूर्व में किये गये, कार्य का अनुभव प्रमाण पत्र लगाना जरूरी होगा।
3. कार्यालय में पूर्व में पंजीकृत ठेकेदार द्वारा ही निविदा डाली जायेगी।

**पन्द्रहवा केन्द्रीय वित्त (टाईड कार्य एवं अनटाईड कार्य) 2022-23**

| क्र. सं. | ग्राम पंचायत का नाम | मद का नाम | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत (जी0एस0टी0 छोड़कर) | निविदा फर्म का मूल्य | 10 प्रतिशत अग्रिम धरोहर धनराशि (लाख में) | कार्य पूर्ण होने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | औंता | टाईड कार्य | औंता में अमृत सरोवर योजना अन्तर्गत तानलाब पर शेफ्टी रेलिंग कार्य | 8.46 | 500.00 | 84600 | 3 माह |
| 2. | औंता | - | औंता में अमृत सरोवर तालाब पर जिम स्थापना कार्य | 8.46 | 500.00 | 84600 | 3 माह |
| 3. | मोनाई | - | मोनाई में बृजलाल भारतीया के घर से नाला तक पक्की नाली निर्माण कार्य | 0.742 | 500.00 | 7420 | 3 माह |
| 4. | भोरवाना | - | चोरबना विश्वनाथ के घर से तालाब तक पक्की नाली निर्माण कार्य | 1.88 | 500.00 | 18800 | 3 माह |
| 5. | मदरामुकुन्दपुर | - | मदरामुकुन्दपुर जमुना प्रसाद निषाद के घर से मंदिर तक अण्डर ग्राउण्ड ह्यूम पाईप नाली निर्माण कार्य | 0.66 | 500.00 | 6600 | 3 माह |
| 6. | सोरांवापाती | अनटाईड कार्य | डोरवा रोड से श्लोक शुक्ला के घर तक इण्टरलाकिंग कार्य | 3.20 | 500.00 | 32000 | 3 माह |
| 7. | खानपुर | - | ग्राम पंचायत खानुपर मेजा सिरसा मार्ग से सोरांव पाला बाडर तक (कन्हैया लाल) के घर के पास तक इण्टरलाकिंग कार्य | 4.34 | 500.00 | 43400 | 3 माह |
| **पंचम राज्य वित्त 2022-23** | | | | | | | |
| 1. | रैपुरा | पंचम राज्य वित्त | रैपुरा में महेन्द्र नाथ मिश्रा के धर से छोटे लाल मिश्रा के घर तक सी0सी0रोड कार्य | 8.46 | 500.00 | 84600 | 3 माह |
| 2. | कोढनिया | - | कोढनिया में पंचायत भवन से सोनाई मार्ग तक सी0सी0 कार्य | 8.46 | 500.00 | 84600 | 3 माह |
| 3. | कनिगडा | - | कनिगडा भेलपुर में रोड से हनुमान मंदिर तक सी0सी0 रोड का कार्य | 8.46 | 500.00 | 84600 | 3 माह |
| 4. | अकोढ़ा | - | अकोढ़ा नहर की पुलिया से कृष्णाकान्त के घर तक सी0सी0 रोड का कार्य | 8.46 | 500.00 | | 3 माह |

अवर अभियन्ता (ल.सि.)
विकास खण्ड-उरुवा

खण्ड विकास अधिकारी
उरुवा-प्रयागराज

पत्रांक-726ए/क्षेत्र पंचायत/पंचम राज्य वित्त/पन्द्रहवा वित्त/2022-23 दिनांक 03/11/2022



बीएमजी डिग्री कॉलेज में बैठक को संबोधित करते प्राचार्य डॉ सत्य प्रकाश शुक्ल

# प्रयागराज

## मौसम



| | |
|---|---|
| अधिकतम : | 35.00 |
| न्यूनतम : | 25.00 |
| सूर्योदय : | 05.31 |
| सूर्यास्त : | 06.45 |

## संक्षेप

### चोरी के मोबाइल के साथ युवक गिरफ्तार

**प्रयागराज।** थाना कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत अपराध व अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली अमर सिंह रघुवंशी के नेतृत्व में उ0नि0 आशीष बौद्ध मय पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर थाना कोतवाली में पंजीकृत मु0अ0सं0 86 / 22 धारा 380/411 भादंवि (0) से सम्बन्धित अभियुक्त अजय विश्वकर्मा पुत्र राजेन्द्र प्रसाद विश्वकर्मा नि0 बेन्दो थाना औद्योगिक जनपद प्रयागराज को एसआरएन हास्पिटल के मुख्य द्वार से गिरफ्तार कर कब्जे से 01 चोरी का मोबाइल फोन बरामद किया।

## एडीएम सिटी कार्यालय में मरम्मतीकरण कार्य का डीएम ने किया निरीक्षण

**निरीक्षण**

**निर्माण कार्यों को गुणवत्ता एवं समयबद्धता के साथ पूर्ण किये जाने का दिया निर्देश**

**प्रयागराज।** जिलाधिकारी संजय कुमार खत्री शुक्रवार को लोक निर्माण विभाग के द्वारा ड्रमण्ड रोड(सिविल लाइन) में कराये जा रहे अतिथि गृह के निर्माण कार्य तथा एडीएम सिटी कार्यालय में कराये जा रहे मरम्मतीकरण के कार्य का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने वहां पर टॉयलेट एवं बिजली की फिनिशिंग ठीक न मिलने पर नाराजगी जताते हुए सुधार करने के निर्देश दिए है। उन्होंने सम्बंधित अभियंता से टॉयलेट सहित अन्य कक्षों में लगायी गयी सामाग्री की जानकारी लेते हुए कहा कि गुणवत्ता के साथ कोई समझौता नहीं किया जायेगा। उन्होंने सामाग्री की गुणवत्ता का विशेष ध्यान दिए जाने के निर्देश दिए है साथ ही जिलाधिकारी ने अतिथि गृह की साज-सज्जा कराये जाने के लिए वहां पर पेड़-पौधों सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं को कराये जाने के लिए कहा है। इस अवसर पर अधिशाषी अभियंता लोक निर्माण विभाग सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।



निरीक्षण करते जिलाधिकारी

### पीडीए नेअवैध निर्माण किया सील

**प्रयागराज।** प्रयागराज विकास प्राधिकरण ने शुक्रवार को अवैध निर्माण हो रहे 3 भवनों को सील कर दिया है। शुक्रवार को विकास प्राधिकरण की टीम अजय कुमार संयुक्त सचिव जोनल अधिकारी के नेतृत्व में राकेश मिश्रा द्वारा स्थल- शुक्ला मार्केट के पास चॉदपुर सलोरी, प्रयागराज पर किये जा रहे अवैध निर्माण को सील किया गया। कुसुम यादव द्वारा स्थल छोटा भघाड़ा, प्रयागराज पर किये जा रहे अवैध निर्माण को सील किया गया। विरेन्द्र शुक्ला द्वारा स्थल-चॉदपुर सलोरी, प्रयागराज पर किये जा रहे अवैध निर्माण को सील किया है। इस अभियान में जोनल अधिकारी के अतिरिक्त क्षेत्रीय अवर अभियन्ता आर0सी0 श्रीवास्तव एवं पी०डी०ए० प्रवर्तन टीम सहित पुलिस बल मौजूद रहे।

### अब्बास अंसारी की कस्टडी रिमांड 18 नवंबर तक बढ़ी

**प्रयागराज।** अपर जिला जज अनिरुद्ध प्रसाद तिवारी ने मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में मुख्तार अंसारी के पुत्र विधायक अब्बास अंसारी को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की कस्टडी रिमांड में रखने की अवधि को छह दिनों के लिए बढ़ा दिया है। अदालत ने कहा कि आरोपित को 18 नवंबर की दोपहर दो बजे तक कस्टडी में पूछताछ के लिए सौंपा जाता है। इसके पहले जिला अदालत ने 12 नवंबर तक ईडी की हिरासत में रखने का आदेश दिया था। शनिवार को यह अवधि समाप्त हो रही थी। लेकिन, शनिवार को अवकाश होने की वजह से ईडी ने एक दिन पहले ही अर्जी दाखिल कर कस्टडी रिमांड बढ़ाए जाने की मांग की। ईडी ने अपनी अर्जी में अभी और पूछताछ किए जाने की जरूरत बताई। इसे स्वीकार करते हुए अदालत ने कस्टडी रिमांड की अवधि को बढ़ाकर 18 नवंबर तक कर दिया। ईडी की ओर से अधिवक्ता ओम प्रकाश मिश्रा ने पक्ष रखा। सरकारी अधिवक्ता गुलाब चंद्र अग्रहरि की ओर से इसका विरोध नहीं किया गया। हालांकि, अदालत ने कस्टडी रिमांड पर रखने के लिए कई शर्तें भी लगाई हैं।

## उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने प्रदेश अध्यक्ष का किया जोरदार स्वागत



बृजलाल खाबरी का स्वागत करते कांग्रेसी नेता व कार्यकर्ता

**प्रयागराज।** कांग्रेस पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बृजलाल खाबरी के जनपद प्रयागराज में प्रथम आगमन पर पिछडी जाति, अनुसूचित जाति एवं अल्पसंख्यक के संयुक्त तत्वाधान में स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। कार्यकर्ताओं ने प्रदेश अध्यक्ष का जमकर स्वागत किया फूल मालाओं से उनको लाद दिया। प्रदेश अध्यक्ष कार्यकर्ताओं के जोरदार स्वागत से प्ल गदगद दिखे। इस अवसर पर राजेश मिश्रा पूर्व. सांसद शेखर बहुगुणा, सरदार पटेल संस्थान के अध्यक्ष बजरंगी सिहं, मकसूद खान, राघवेन्द्र प्रताप सिहं आलोक प्रसाद, कर्मचन्द्र बिन्दउज्जवल शुक्ला मनीष मिश्रा, फुजैल हासमी, सहित तमाम कांग्रेस के पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं समर्थक उपस्थित रहे।कार्यक्रम का संचालन दिवाकर भारतिया एवं दीपक मौर्य नें संयुक्त रूप से किया स्वागत समारोह के अंत में प्रदेश सचिव राम किशुन सिहं पटेल ने सभी के प्रति आभार ब्यक्त करते हुए कार्यक्रम का समापन किया ।कार्यक्रम की ब्यवस्था में राजेश राकेश, सुबाष चन्द्र यादव, राकेश पासवान डा.अशोक सिहं, दिवाकर भारतिया, परमेश्वर चौधरी,नशीम हाशमी,आदि का विशेष योगदान रहा।

## यमुना नदी में नही बना पीपा पुल, नाव से आ रहे माता मसुरिया धाम, परेशानी

**समस्या**

**एक गांव की समस्या नही है, पुल बनने से चंद समय में अपने सैकड़ों गांव के लोग अपने रिश्तेदारों के गले लग जाते हैं**

**पी सी पाण्डेय**



नाव का सहारा लेकर मसुरिया धाम जाते श्रद्धालु

**लालापुर।** कौशाम्बी जिला को जोड़ने वाला पीपा पुल अभी तक प्रतापपुर यमुना नदी घाट पर नही बना है। प्रत्येक वर्ष माता मसुरिया मेला लगने से पहले पुल बनकर तैयार हो जाता था। कौशाम्बी को जोड़ने वाला प्रतापपुर घाट पर पुल न बनने से कौशाम्बी जिले के आने वाले लोगो को इस वर्ष मेला में पँहुचने के लिए काफी दिक्कत उठानी पड़ रही है।या तो पूरा प्रयागराज शहर चक्कर लगाकर 100 किलोमीटर तब पहुँचे अमिलिया धाम या जान जोखिम में डालकर नाव से इस पार आए नाव से दो पहिया लेकर चढ़ना जान जोखिम भरा रहता है। एक माह तक चलने वाला मसुरिया माता धाम का मेला अब धीरे धीरे उपेक्षा का शिकार होता चला जा रहा है।प्रयागराज जिले के ग्रामीण क्षेत्र का सबसे बड़ा मेला लगता है। इस मेले में लाखों श्रद्धालु माता मसुरिया धाम दर्शन करने अमिलिया धाम पहुचते है। किसी ने इस पुल को लेकर सक्रियता नही दिखाई सायद समय पर पहल किया होता तो आज पीपा पुल बनकर तैयार हो गया होता।

क्षेत्र के विश्व हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष चन्द्र निधान पाण्डेय, प्रधान लालापुर शंकर लाल पाण्डेय, विवेक शुक्ला अधिवक्ता, राजू त्रिपाठी, मनीष मिश्रा ने आदि क्षेत्रवासियों ने मांग किया है कि प्रतापपुर घाट पर प्रतिवर्ष पीपा पुल मेला नजदीक आते ही बनकर तैयार हो जाता था लेकिन इस वर्ष अभी तक नही बना है एक तरफ जहाँ माता धाम श्रद्धालुओं को पँहुचने में कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है तो दूसरी तरफ शकरगढ़ क्षेत्र से लेकर लालापुर क्षेत्र के लोग सराय अकिल बाजार में पीतल बर्तन की खरीदारी करते है।जो इस वर्ष असम्भ दिखाई पड़ रहा है। एक गांव की समस्या नही है पुल बनने से दो जिला के लोग चंद मिनट में अपने रिश्तेदारों के गले लग जाते है।



"पीपा का पुल न बनना चिन्ता का विषय है अभी संज्ञान में आया है क्यो नही बना दुर्भाग्य है मैं अथक प्रयास करूंगा ताकि दो जिला को जोड़ने वाला पीपा का पुल प्रत्येक वर्ष बनता है इस वर्ष क्यो नही बना,पुल बनने से लोगों को आने जाने में सुगम होता है जल्द बनेगा पीपा पुल।"

**-डॉ वाचस्पति विधायक बारा**



"अमिलिया तरहार में मेला लगने से पहले हर वर्ष प्रतापपुर घाट पर पीपा पुल बनकर तैयार हो जाता था..... इस साल अभी तक नही बना है। धाम में श्रद्धालुओं को आने में दिक्कत हो रही है.... पुल बनना बहुत जरूरी है।"

**-शंकर लाल पाण्डेय ( ग्राम प्रधान) भटपुरा-लालापुर**



"पता नही क्यो इस साल पीपा पुल नही बना दर्शनार्थियों से लेकर क्षेत्रवासियों तक काफी दिक्कत उठा रहे है पुल बनना बहुत जरूरी है दो जिले के लोगो को चंद समय मे मिलाप करवाता है।"

**-विवेक शुक्ला उर्फ लाला शुक्ला अधिवक्ता लालापुर**

### यातायात माह अभियान में जिम्मेदार स्कूल पहल के प्रति किया जागरूक

**थरवई।** सड़क सुरक्षा अधिनियम के अंतर्गत सड़क पर चलने वाले छोटे एवं बड़े वाहनों को संचालित करने वाले ड्राइवर को सड़क सुरक्षा से संबंधित जानकारी इन दिनों प्रत्येक स्थानों पर देते हुए प्रशासनिक अधिकारी दिख रहे हैं कुछ ऐसा ही थाना थरवई अंतर्गत प्रत्येक राष्ट्रीय राजमार्ग संपर्क मार्ग एवं सड़क के किनारे खुली हुई दुकानों को थाना थरवई प्रभारी निरीक्षक लोकेन्द्र त्रिपाठी साथ ही अपनी पूरी यूनिट के साथ जागरूक करने में लगे हैं प्रत्येक व्यक्ति को सुरक्षित चलने की हिदायत देते हुए वाहनों को रोककर उन्हें शीट बेल्ट लगाकर चलने का निर्देश दे रहे हैं साथ ही जितने लोगों की सीट है उतने ही यात्रियों को बैठाने को लेकर प्रेरित करते हुए सुरक्षित गंतव्य स्थान तक पहुंचाने के दिशा निर्देश दे रहे हैं दो पहिए वाहनों को सही दिशा में चलते हुए रोड के किनारे अनावश्यक तरीके से पार्किंग बनाकर खड़े वाहनों के मालिकों से सही स्थान पर वाहन खड़े करने की निर्देश देते हुए अवैध तरीके से रोड के किनारे अतिक्रमण किए हुए दुकानदारों को सही दिशा निर्देश दिए गए। थरवई क्षेत्र के एस आई एम नर्सिंग कॉलेज में उपस्थित टीचर्स व सभी छात्र छात्राओं को यातायात अभियान के क्रम में उससे सम्बंधित नियमों का कैसे पालन कैसे करें किन बातों का ध्यान रखना आवश्यक है व सड़क को पार करते समय किन बातों का ध्यान होना चाहिए। सड़क पार करते वक्त रेड लाइट होने पर पार न करने को लेकर प्रेरित किया तथा चौराहों पर लाल हरी पिली लाइट का क्या मतलब होता है उससे सम्बंधित आदि के बारे में जानकारी देते हुए जागरूक किया गया।

## निकाय चुनाव में बीजेपी को चुनौती देगी कांग्रेस : बृजलाल



यूपी कांग्रेस अध्यक्ष बृजलाल खाबरी का स्वागत करते कार्यकर्ता

**प्रयागराज।** शुक्रवार को निकाय चुनाव की तैयारियों की समीक्षा करने के लिए जीरो रोड स्थित जिला कांग्रेस कार्यालय पर पहुचें यूपी कांग्रेस अध्यक्ष बृजलाल खाबरी का पार्टी पदाधिकारी और कार्यकताओं द्वारा गर्मजोशी के साथ स्वागत किया गया। पार्टी नेताओं को सम्बोधित करते हुए बृजलाल खाबरी ने कहा की निकाय चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को कांग्रेस पार्टी ही असल चुनौती पेश कर रही है। सपा बसपा जैसे दल बेअसर साबित होंगे। वहीं, उन्होंने प्रदेश की स्वास्थ्य व्यवस्थाओं को लेकर योगी सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश की स्वास्थ्य व्यवस्था बेहद खराब है लेकिन सरकार के कान में जूं तक नहीं रेंग रही है। उन्होंने कहा जिले के सरकारी अस्पताल में मरीजों के लिए कोई सुविधा नहीं है। खाबरी ने कहा कि जिस तरह से जनपद में डेंगू फैल रहा है। उस तरह से इलाज हेतु मरीजों के लिए उचित व्यवस्था नहीं है। उन्होंने कहा कि मरीजों को मौसमी का जूस चढ़ाया जा रहा है और कहा जा रहा है तीन दिन में प्लेटलेट्स बढ़ जाएंगी। इस दौरान आयोजित सभा की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष अरुण तिवारी और सुरेश यादव और संचालन जिला प्रवक्ता हसीब अहमद ने किया।

इस मौके पर: प्रदेश उपाध्यक्ष मकसूद खान, सुधाकर तिवारी, अरुण तिवारी, सुरेश यादव, मुकुंद तिवारी, संजय तिवारी, हसीब अहमद, मंजू संत, रजनीश विश्रामदास, ओमप्रकाश तिवारी, मनोज पासी, रामछबीले मिश्रा, विवेक पाण्डेय, राकेश पटेल, देवेंद्र कुमार, बृजेश सिंह, राजीव द्विवेदी, नारायण दुबे, रईस अहमद, गुड्डू द्विवेदी, शुभम शुक्ला, रवि पाण्डेय, दिनेश सोनी, नागेश पाण्डेय, जितेश मिश्रा, एहतेशाम अहमद, समेत आदि लोग मौजूद रहे




आंदोलनरत छात्रों से मुलाकात करते बृजलाल खाबरी

### छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही है बीजेपी सरकार बृजलाल खाबरी

**प्रयागराज।** कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष बृजलाल खाबरी विश्वविद्यालय में छात्रसंघ भवन पर छात्रसंघ बहाली की मांग को लेकर आंदोलन कर रहे छात्रों के आमरण अनशन स्थल पर पहुंचे उन्होंने वहां छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही है। उन्होंने छात्र फीस वृद्धि तथा कुलपति की नियुक्ति का मामला सदन में उठाने की बात कही है। बनशनकारी छात्रों से कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने विस्तार से जानकारी ली तथा समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया। इस मौके पर छात्र नेता अजय यादव सम्राट आकाश रावत, अजय पाण्डेय बागी,धनंजय कुशवाहा,आदर्श भदौरिया, सत्यम कुशवाहा, आनंद मौर्या, अभिषेक शुक्ला, मुरारी यादव, सौरभ द्विवेदी,वैभव सिंह, हिमांशु पचौरी,अमित पाण्डेय, अमित द्विवेदी, हरेंद्र यादव, त्र्यंबक नाथ, राहुल पटेल, आनंद सांसद आदि लोग उपस्थित रहे।

## भाजपा अनुसूचित मोर्चा का जनसंपर्क अभियान जोरों पर, बैठक में शामिल हुए अजीत रावत

**प्रयागराज।** काशी क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष अजीत रावत प्रयागराज में भाजपा अनुसूचित मोर्चा के बैठक में शामिल हुए उन्होंने अनुसूचित समाज की समीक्षा बैठक किया। इस दौरान सिविल लाइंस स्थित कार्यालय में कार्यकताओं की भारी-भरकम भीड़ जुटी रही। बैठक की अध्यक्षता महानगर अध्यक्ष राजेश कुमार सोनकर ने बैठक का संचालन महानगर उपाध्यक्ष एडवोकेट अजय हेला किया । बैठक मुख्य अतिथि के रूप में समीक्षा करने समीक्षा आए क्षेत्रीय अध्यक्ष अजीत रावत जी बस्ती संपर्क अभियान को तेजी और साथी भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यालय से पत्रक और बुकलेट देकर कार्यकताओं को 26 नवंबर तक बस्ती संपर्क अभियान को संपन्न कराने की बात कही। बैठक में उपस्थित रहे महानगर अध्यक्ष अनुसूचित मोर्चा राजेश कुमार सोनकर जी जिला उपाध्यक्ष अजय हेला जी जिला उपाध्यक्ष रजत कैथवास जिला उपाध्यक्ष धीरज जिला महामंत्री अजय आनंद शेष कुमार सोनू सोनकर रमेश पासी पवन पासी शशांक चंद्र राजकुमार भारतीय दिलीप पासी राज कुमार सोनकर जी संजय पासी अनिल भारतीय हिमांशु सोनकर संदीप आदि लोग और सभी मंडल अध्यक्ष उपस्थित रहे।



काशी क्षेत्र के प्रांतीय अध्यक्ष रावत का स्वागत करते हुए जिला अध्यक्ष राजेश सोनकर

### सांसद को धमकी देने वाला गिरफ्तार दी थी जान से माने की धमकी

**प्रयागराज।** फूलपुर सांसद केशरी देवी पटेल को धमकी देकर पचास लाख रुपये की रंगदारी मांगने वाले आरोपी सुग्रीव कुमार वर्मा को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। शंकरगढ़ के नौढिया गांव का निवासी सुग्रीव इस समय मुंबई में रहकर काम करता है। वह शराब पीने का आदी है। पुलिस की पूछताछम में बताया कि उसे पैसों की सख्त जरूरत थी। इसी चक्कर में उसने सांसद को दो बार फोन किया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। मामले की छानबीन की जा रही है।बता दें कि फूलपुर सांसद को धमकी देने के मामले में कर्नलगंज पुलिस की ओर से मुकदमा दर्ज किया गया था और आरोपी की खोजबीन की जा रही थी। रुपये न मिलने पर उसने केशरी देवी को टिकट कटवाने की भी धमकी दी थी। पैसा न देने और पुलिस से शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी भी दी थी।

## अयोध्या श्रृंगवेरपुर पहुंची भरत यात्रा फूल मालाओ से हुआ स्वागत

**लालगोपालगंज।** अयोध्या मणिराम दास छावनी के महंत एवं श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के अध्यक्ष नृत्य गोपाल दास महाराज की अगुवाई में 49वीं भरत यात्रा गुरुवार शाम अयोध्या नगरी से रवाना होकर शुक्रवार को श्रृंगवेरपुर धाम पहुंची है। यात्रा के धाम पहुंचने पर विभिन्न स्वयं सेवी संस्थाओं के साथ स्थानीय साधु संतों ने फूल मालाओं और गाजे-बाजे के साथ स्वागत किया गया। त्रेतायुग प्रसंग को जीवंत करती हुए यात्रा में शामिल साधु संत श्रृंगवेरपुर में रात्रि विश्राम करेंगे। यात्रा शनिवार सुबह प्रयागराज लिए रवाना होगी।

यात्रा यात्रा में भरत, शत्रुघ्न के स्वरूप के साथ अयोध्या और कई तीर्थ क्षेत्रों के लगभग 600 साधु संत शामिल हैं। यात्रा के श्रृंगवेरपुर धाम में भरत शत्रुघ्न का वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधिवत पूजन अर्चन किया गया और आरती उतारी गई। यात्रा की अगुवाई कर रहे महंत कमल नयन दास जी महाराज ने बताया अयोध्या में भगवान श्रीराम की भव्य मंदिर निर्माण के साथ देश में राम राज्य स्थापित किए जाने व देश को अखंड बनाने का संतों द्वारा प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि प्रभु राम ने समाज में सामाजिक समरसता को स्थापित किया था। उन्होंने मयार्दा की स्थापना करके त्रेता युग में माता पिता की आज्ञा का पालन करना भाइयों से प्रेम करना किसी से भी ईर्ष्या द्वेष न करना राजधर्म का कैसे पालन किया जाता है, और जनता के लिए त्याग करना इन मयार्दाओं को स्थापित किया था। इन्हीं संदेश को पुनर्जीवित करने के लिए प्रत्येक वर्ष गुरु महाराज के आदेशानुसार यह यात्रा अयोध्या से चित्रकूट के लिए निकाली जाती है। श्रृंगवेरपुर में भरत यात्रा के स्वागत की अगुवाई हनुमान गढ़ी के महंत कमलदास महाराज ने किया। वहीं जय श्रीराम सेवा समिति के महामंत्री अरुण द्विवेदी ने संतो को श्रृंगवेरपुर गौरवं पुस्तिका भेंट किया। इस अवसर पर रामायण मेला आयोजन समिति के महामंत्री उमेशचंद्र द्विवेदी, एडवोकेट श्याम उपाध्याय, मनीष त्रिपाठी, विनोद ओझा, सुरेंद्र मिश्र, समेत अन्य लोग उपस्थित रहें।




भरत यात्रा का स्वागत करते लोग

### बीएमजी डिग्री कॉलेज बघेड़ा के कर्मचारियों की संपन्न हुई बैठक

**करछना।** बीएमजी डिग्री कॉलेज बघेडा में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ सत्य प्रकाश शुक्ल की अध्यक्षता में महाविद्यालय के कर्मचारियों की एक आवश्यक बैठक शुक्रवार को संपन्न हुई। जिसमें 17 व 18 नवंबर को आयोजित दो दिवसीय वार्षिकोत्सव समारोह एवं स्मार्टफोन योजना की तैयारी की सामूहिक रूप से समीक्षा भी की गई । और समारोह को भव्य एवं आकर्षक ढंग से संपन्न कराए जाने की रूपरेखा भी तैयार की गई। बैठक में व्यवस्थापक धर्मेंद्र सिंह व रणविजय सिंह डॉ अनिल कुमार पाठक विजय कुमार मिश्र वंदना बाजपेई अजय कुमार पांडेय शीतला प्रसाद दुबे योगेश दुबे शैलेंद्र पांडेय सहित महाविद्यालय के समस्त कर्मचारी लोग मौजूद रहे।

## पुलिस ने छात्रों को पढ़ाया सड़क सुरक्षा का पाठ





छात्रों को यातायात नियमो की जानकारी देती पुलिस एवं मौजूद छात्र

**कोरांव।** स्थानीय पुलिस ने शुक्रवार को गोपाल विद्यालय इंटर कालेज के छात्रों को सड़क सुरक्षा का पाठ पढ़ाया । स्कूल के छात्रों को संबोधित करते हुए प्रभारी निरीक्षक धीरेंद्र सिंह ने कहा कि यातायात नियमों का पालन करना हम सबकी जिम्मेदारी है हम सभी को इस मामले में लोगों को जागरूक करने की जरूरत है। बाइक से यात्रा करने के दौरान हेलमेट लगाना अनिवार्य है ।बिना हेलमेट के यात्रा करने पर दुर्घटना होने पर जान को खतरा बना रहता है ।इस दौरान इंस्पेक्टर ने कहा कि वाहन को निर्धारित गति सीमा के भीतर ही चलाना चाहिए ।इसके अलावा मोड़ पर हार्न अवश्य बजाना चाहिए ।गाड़ी का वैध कागज एवम ड्राईविंग लाइसेंस साथ लेकर चलना चाहिए ।उपनिरीक्षक वंश नारायण यादव ने कहा कि वाहन चलाते समय सेल्फी नही लेनी चाहिए शराब पीकर वाहन चलाने से दुर्घटना की आशंका बनी रहती है इसलिए शराब के नशे में वाहन न चलाये ।वाहन के छत पर पायदान पर बैठकर यात्रा जान को जोखिम में डालना है ।सड़क पर ट्रैफिक नियमो का पालन करने एवम वाहनों को ओवरटेक न करने की बात कही गयी । पुलिस द्वारा छात्रों को यातायात नियमो का पालन करने की बात कही गयी इसके अलावा घर एवम आस पड़ोस के लोगो को भी यातायात नियमो के प्रति जागरूक करने की सलाह दी गयी ।इस दौरान विद्यालय के कई शिक्षक एवम भारी संख्या में छात्र छात्राएं मौजूद रही।

## संक्षेप

### बंदर के हमले से युवक किशोर घायल

**कौशाम्बी।** करारी कस्बा निवासी अमन पुत्र अमृत प्रसाद शुक्रवार सुबह सूखने के लिए कपड़ा फैलाने छत पर गया था। तभी बंदरों के झुंड ने उसके ऊपर हमला कर दिया। इससे वह घायल हो गया। परिजनों ने घायल किशोर को जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। उसकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है।

### नौकरी के नाम पर युवक के साथ ठगी, शिकायत

**कौशाम्बी।** नगर कोतवाली इलाके के एदिलपुर गांव निवासी अमर सिंह ने बताया कि छह महीने पहले पड़ोसी युवक ने सफाईकर्मी की नौकरी दिलाने के नाम पर उससे 20 हजार रुपये लिए थे। नौकरी दिलाई नहीं और अब रकम भी नहीं लौटा रहा है। पीड़ित ने शुक्रवार को मामले की शिकायत एसपी से की है।

### करंट की चपेट में आई युवती, गंभीर

**कौशाम्बी।** सदर कोतवाली के एदिलपुर गांव निवासिनी एक युवती शुक्रवार सुबह घर पर ही इलेक्ट्रिक प्रेस से कपड़े में प्रेस कर रही थी। कहा जा रहा है कि कहीं तार कटी होने के कारण वह करंट की चपेट में आ गई। हालांकि आनन फानन परिजनों ने इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। कोतवाली इलाके के एदिलपुर गांव की रेखा देवी पुत्री अमरेन्द्र कुमार शुक्रवार सुबह घर पर कपड़ा प्रेस कर रही थी। तभी तार कटी होने के कारण करंट की चपेट में आ गई। उसे जिला अस्पातल में भर्ती कराया गया है। डॉक्टरों ने बताया कि फिलहाल हालत नाजुक बनी हुई है।

### नदगी गहना लेकर फरार हुई किशोरी

**चायल,कौशाम्बी।** पिपरी कोतवाली अंतर्गत एक गांव का युवक मजदूरी कर परिवार का गुजारा करता है। युवक के अनुसार उसकी पत्नी गुरुवार को खेत की ओर गई थी। इसी दौरान उसकी 15 वर्षीय बेटी घर में रखा आठ हजार रुपया नगद और मां के लगभग 70 हजार के जेवर लेकर फरार हो गई। तलाश के दौरान सुराग लगा कि वह चरवा थाना इलाके के एक गांव के युवक के साथ बाइक पर बैठ कर गई है। किशोरी की मां ने थाने जाकर आरोपी युवक के खिलाफ बहला फुसलाकर भगा ले जाने की तहरीर दी।

### आटो की टक्कर से राहगीर घायल

**कौशाम्बी।** महेवाघाट निवासी एक व्यक्ति शुक्रवार को किसी काम से सड़क पार कर उस पार जा रहा था, इस दौरान तेज रफ्तार आटो की अक्कर से वह गंभीर रूप से घायल हो गया। आसपास रहे लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भेजा है। महेवाघाट निवासी कौशल पुत्र महादेव शुक्रवार सुबह कोई सामान लेने दुकान जा रहा था। घर के समीप ही सड़क पार करते वक्त ऑटो ने उसे टक्कर मार दी। जिससे वह घायल हो गया। किशोर को नजदीकी निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उसका पैर टूट गया है। ग्रामीणों ने ऑटो चालक को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया है।

### संदिंग्ध हालातों किशोरी गायब, शिकायत

**कौशाम्बी।** कोखराज थाना क्षेत्र के एक गांव की किशोरी बुधवार की शाम संदिग्ध दशा में लापता हो गई। किशोरी देर शाम को खेत की ओर जाने की बात कहकर निकली थी। किशोरी देर रात तक घर नहीं वापस आई तो परिजनों ने खोजबीन शुरू की। परिजनों ने आस पड़ोस रिश्तेदारों के यहां जानकारी ली इसके बाद भी किशोरी का कहीं पता नहीं चल सका। गुरुवार को किशोरी के पिता ने थाने में मामले की शिकायत की। पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर किशोरी की तलाश शुरू कर दी है। किशोरी के लापता होने के बाद से परिजन अनहोनी की आशंका से भयभीत हैं।

# डेंगू की सूचना पर फौरन पहुंचे स्वास्थ्य टीम : डीएम

**निर्देश**

**जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में गंभीर दिखे डीएम, दिया निर्देश**

**निजी अस्पतालों व जांच सेंटरों की कराई जाए जांच**

**कौशाम्बी।** मुख्य चिकित्साधिकारी सभागार में शुक्रवार को जिला स्वास्थ्य समिति, जिला टास्कफोर्स तथा संचारी रोग नियन्त्रण अभियान की समीक्षा बैठक की गई। इस दौरान जिलाधिकारी सुजीत कुमार ने सम्बंधित अफसरों को कड़े निर्देश दिए। इतना ही नहीं उन्होंने कहा कि निजी अस्पतालों व जांच सेंटरों की जांच कराई जाए।

बैठक में जिलाधिकारी ने सभी प्रभारी चिकित्साधिकारियों सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र से कहा कि संचारी रोग नियन्त्रण अभियान के तहत किये जा रहें सभी गतिविधियों पर विशेष निगरानी करते रहें तथा सम्बन्धित ईओ एवं डीपीआरओ से समन्वय स्थापित कर साफ.सफाई, फागिंग एवं एन्टीलार्वा का छिड़काव रोस्टर के अनुसार सुनिश्चित किया जाय। उन्होंने कहा कि जिन स्थानों से डेंगू के केस आने की सूचना प्राप्त हो, वहॉ पर तत्काल स्वास्थ्य टीम पहॅुचकर चिकित्सीय सुविधा उपलब्ध करायी जाय। जिलाधिकारी ने सभी प्रभारी चिकित्साधिकारियों से कहा कि आशाओं के साथ नियमित समीक्षा बैठक कर सभी कार्यों में तेजी से प्रगति लाया जाय। उन्होंने नियमित टीकाकरण की समीक्षा के दौरान कहा कि कार्ययोजना बनाकर सभी बच्चों का टीकाकरण सुनिश्चित किया जाय, कोई भी बच्चा छूटने न पाये। उन्होंने आयुष्मान भारत योजना की समीक्षा के दौरान कहा कि गोल्डेन कार्ड बनाये जाने के कार्य में तेजी लायी जाय। आरसीएच पोर्टल की समीक्षा के दौरान फीडिंग की प्रगति कम पाये जाने पर जिलाधिकारी ने नाराजगी प्रकट करते हुए फीडिंग में तेजी लाये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने नवनिर्मित ट्रामा सेन्टर को भी संचालित कराने के निर्देश मुख्य चिकित्साधिकारी को दिया। उन्होने मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि जिला अस्पताल में या उसके आस.पास प्राइवेट एम्बुलेन्स खड़ी न होने पाये, खड़ी पाये जाने पर सम्बन्धित के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जायेंगी। प्राइवेट अस्पतालों में अल्ट्रासाउण्ड की शिकायत प्राप्त होने पर उन्होने सभी प्राइवेट अस्पतालों में हो रहें अल्ट्रासाउण्ड सेन्टरों की जॉच कराने के निर्देश मुख्य चिकित्साधिकारी को दिये। जिलाधिकारी द्वारा राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन,जननी सुरक्षा योजना, राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम, हेल्थ एवं वेलनेस सेन्टर, मातृ मृत्यु सूचना एंव आडिट, प्रधानमंत्री मातृत्व सुरक्षित अभियान, राष्ट्रीय कुष्ठ रोग कार्यक्रम एवं पोषण पुनर्वास केन्द्र आदि की विस्तृत समीक्षा की गयी। इस अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. सुष्पेन्द्र कुमार एवं सीएमएस डॉ. दीपक सेठए डॉ. हिन्द प्रकाशमणि सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहें।



बैठक में अधिकारियों को निर्देश देते जिलाधिकारी

## पट्टीदारों ने रंजिशन महिला की पीटा

**चायल, कौशाम्बी।** पिपरी कोतवाली अंतर्गतं मामूली विवाद को लेकर पट्टीदारों ने महिला को जमकर पीट दिया। इससे महिला को काफी चोटें आईं। तहरीर मिलने के बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

फतेहपुर सहावपुर गांव निवासी विमलेश कुमार मजदूरी कर परिवार का गुजारा करता है। पत्नी सुषमा देवी के अनुसार शुक्रवार सुबह वह धान की कटाई करने के लिए खेत की तरफ चली गई थी। दोपहर के समय वह खाना खाने के लिए घर लौटी। इसी दौरान उसके दो देवर और ससुर हाथों में डंडे लेकर उसके घर पहुंचे और मामूली विवाद को लेकर गाली गलौच करने लगे। विरोध करने पर उन लोगों ने महिला की जमकर पिटाई कर दी। घायल महिला ने थाने जाकर आरोपियों के खिलाफ तहरीर दी।

## पेड़ से टकराया बाइक सवार, मौत

**सिराथू, कौशाम्बी।** सनी के गरई गांव के समीप शुक्रवार की सुबह अनियंत्रित बाइक पेड़ से भिड़ गई। हादसे में बाइक सवार युवक की मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

सैनी कोतवाली के वार्ड नंबर नौ निवासी शिवम कश्यप ;30द्ध दुर्गा प्रसाद सब्जी का कारोबार करता है। शिवम के पिता पुराने कारोबारी हैं। शुक्रवार की सुबह करीब सात बजे शिवम सैनी मंडी जाने के लिए बाइक से निकला था। जैसे ही वह गरई गांव के समीप पहुंचा। अचानक एक मवेशी के आने पर बाइक अनियंत्रित हो गई और सड़क किनारे पेड़ से भिड़ गई। तेज रफ्तार बाइक होने से शिवम को गंभीर चोटें आईं। सिर पर चोट लगने से शिवम की मौत हो गई।

# मनबढ़ कर्मचारी को लेकर परेशान गांव की जनता

**कौशाम्बी।** विकास खंड कौशाम्बी के आंबा कुआं मजरा कोसम इनाम गांव इन दिनों गंदगी से पट चुका है। गंदगी के चलते पानी निकासी के लिए बनाई गई नालियां भी चोक हो चुकी है। ऐसे में जहां लोगों के घरों का पानी नहीं निकल पा रहा है वहीं गंदगी से पैदा होने वाले तमाम संक्रामक रोगों का भी खतरा मंडरा रहा है।

गांव के लोगों का आरोप है कि गांव में जिस सफाई कर्मचारी की तैनाती की गई है वह मनबढ है। कभी अपने कार्य को अंजाम देने गांव आता नहीं है। कभी कभार यदि कोरम पूरा करने के लिए पहुंचा और लोगों ने शिकायत दर्ज कराई तो वह झगडे पर भी अमादा हो जाता है। मनबढ सफाई कर्मचारी से परेशान गांव के लोग अब इसकी शिकायत उच्चाधिकारियों से करने का मन बना रहे हैं। हालांकि गांव के लोगों का आरोप है कि पिछले दिनों उक्त कर्मचारी की शिकायत खंड विकास अधिकारी भी किया गया है बावजूद इसके कर्मचारी की आदत में सुधार नहीं आ रहा है। लोगों ने इस ओर जिलाधिकारी का ध्यान आकृष्ट कराया है।

## घटतौली को लेकर पेट्रोल पंप पर जमकर हंगामा

**सिराथू, कौशाम्बी।** नगर पंचायत अजुहा स्थित एक पेट्रोल पंप पर शुक्रवार सुबह घटतौली को लेकर जमकर हंगामा हुआ। आरोप है कि डेढ़ सौ रुपया लेने के बाद सेल्समैन ने ग्राहक की बाइक में सिर्फ दो सौ ग्राम पेट्रोल डाला। पीड़ित ने मामले की शिकायत पुलिस से कर दी है।

कोखराज थाना क्षेत्र के सिकंदरपुर बजहा निवासी वीरेन्द्र कुमार पुत्र फूलचंद्र ने बताया कि शुक्रवार सुबह वह किसी काम से खागा ;फतेहपुर जा रहा था। पीड़ित की मानें तो अजुहा स्थित एक पंप पर पेट्रोल भरवाया। आरोप है कि सेल्समैन ने 200 रुपया लिया। इसके बाद बाइक की टंकी में सिर्फ दो सौ ग्राम पेट्रोल डाला। इस बाबत पूछताछ करने पर उसने अभद्रता शुरू कर दी। हालांकि तहरीर लेने के बाद पुलिस प्रकरण की जांच में जुट गई थी।

## जलसा गुंबद.ए.खजरा 13 व 14 नवंबर को

**कौशाम्बी।** आदर्श नगर पंचायत करारी का ऐतिहासिक जलसा गुंबद.ए.खजरा कांफ्रेंस इस बार 13 व 14 नवम्बर को होगा। ईशा की नमाज के बाद आयोजित होने वाले इस जलसे की सरपरस्ती हुजूर दाइ इस्लाम शैख एहसान उल्लाह अब्बू मियां साहब किबला करेंगे। सदारत का काम मौलाना मो. इमरान आरफी संभालेंगे। संचालन शाहिद फरुखाबादी करेंगे। मौलाना सैयद आलमगीर अशरफ कछौछा मौलाना आरिफ रजा कुरैशी बरेली, शहर काजी कौशाम्बी मौलाना अहमद हबीब आदि जलसे को संबोधित करेंगे। इस अवसर पर आयोजित मुशायरे में शकील आरफी फरुखाबादी, काजी मोताहर फरुखाबादी, सैयद शजरअली मकनपूरी, कलीम तारिक बाराबंकवी, हेलाल मुजीबी फरूखाबादी, सलीम रजा पीलीभीती, अफजल इलाहाबादी, अबुल हसन नूरी कोलकतवी, राशिद निजमी आदि शमा बांधेंगे।

# लकड़ी माफियाओं ने काट डाला हरा पेड़

**अपराध**

**कार्रवाई नहीं होने से इलाके में मनबढ़ है लकड़ी माफिया**

**कौशाम्बी।** पर्यावरण को हरा भरा बनाए रखने के लिए सरकार द्वारा तमाम प्रयास किए जा रहे है। लेकिन लकड़ी माफिया वन विभाग की मिलीभगत के चलते सरकार के इन तमाम प्रयासों को धता बता रहे है। आलम यह है कि लकड़ी माफिया आए दिन हरे पेड़ों को काटकर धाराशायी कर दे रहे है। लोगों की जानकारी देने के बाद भी विभागीय अफसर इन पर कार्रवाई नहीं करते है। इससे लकड़ी माफियाओं के हौसले बुलंद है।

सिराथू क्षेत्र के कई जगहों पर लकड़ी माफियाओं ने महुआ, आम के हरे पेड़ को काट दिया। उसके बाद वाहन से महुए की पूरी लकड़ी भी उठा ले गए। पेड़ काटने के दौरान गांव के कुछ लोगों ने मामले की जानकारी भी स्थानीय पुलिस सहित वन विभाग के अधिकारियों को दी। लेकिन शिकायत पर भी अफसरों ने संजीदगी नहीं बरती। आलम यह रहा कि महुआ का हरा पेड़ कुछ ही घंटों में काटकर माफिया सुरक्षित तरीके से उसकी लकड़ी उठा ले गए। शिकायत के बाद भी जब कोई अफसर नहीं पहुंचा तो लोगों ने अधिकारियों पर मिलीभगत का आरोप लगाया। कहा अधिकारियों की सांठ.गांठ के चलते ही लकड़ी माफियाओं पर कार्रवाई नहीं होती है। यदि ऐसा ही रहा तो आने वाले दिनों में इलाके की हरियाली पूरी तरह से लकड़ी माफिया चट कर जाएंगें। इस बाबत क्षेत्रीय रेंजर से बात करने का प्रयास किया गया, लेकिन उनसे बात नहीं हो सकी है।

# एओम ने किया स्टेशन का निरीक्षण


निरीक्षण करते सहायक परिचालन प्रबंधक रामचद्र मीना

**प्रतापगढ़।** बनारस से आए सहायक परिचालन प्रबंधक रामचद्र मीना ने शुक्रवार को स्थानीय रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया। जो भी कमियां मिली उसे दूर करने के लिए एसएस को आवश्यक दिशा निर्देश दिया।

एओएम पूर्वाह्न स्टेशन पहुंचे। इस दौरान उन्होंने स्टेशन, लॉबी, टिकट काउंटर, गेट 84बी और यार्ड का निरीक्षण किया। एसएस शमीम ने उन्हें रिमॉडलिंग की जानकारी दी। उन्होंने लॉबी गार्ड की उपस्थिति के बारे एसएस से बात की। ट्रेनों के संचालन में लेट लतीफी पर अंकुश लगाने को कहा।

## खस्ताहल सडक खोल रही विकास की पोल

**कौशाम्बी।** मंझनपुर मुख्यालय से निकली सुजातपुर रोड जो हाइवे को मिलाती है। इसी रोड से निकली लिंक रोड जो टेंगाई गांव को मिलाती है। गांव के लोगों का आरोप है कि यह सडक तकरीबन दो साल से खराब है लेकिन इस ओर किसी भी जनप्रतिनिधि का ध्यान नहीं जा रहा है। बताना जरूरी होगा कि सिराथू विधान सभा क्षेत्र के टेंगाई गांव के लोग जर्जर सडक को लेकर हैरान परेशान हैं। उनका आरोप है कि एक सडक बरमबाबा के पास से गांव को जोडती है तो दूसरी सडक थोडी दूरी जाकर मिलाती है। सडक जर्जर होने के कारण लोगों को भारी दिक्कतों का सामना पडता है। कई बार लोगों ने इस ओर जनप्रतिनिधियों का ध्यान आकृष्ट कराया लेकिन सडक की जर्जर में कोई सुधार नहीं हो सका। इसे लेकर लोगों में खासा आक्रोश भी देखा जा रहा है। लोगों ने इस ओर शासन प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराया है।

# सिलिंडर में लगी आग विवाहिता गंभीर

**हादसा**

**परिजन विवाहिता को इलाज के लिए जिला अस्पताल में कराया भर्ती**

**कौशाम्बी।** पश्चिमशरीरा इलाके के नसरुल्लापुर गांव निवासिनी विवाहिता गुरूवार को घर पर गैस सिलिंडर से खाना बना रही थी। इस दौरान सिलिंडर लीकेज होने के कारण उसमें आग पकड़ लिया। जब तक महिला कुछ समझ पाती तब तक आग लग गई। हालांकि घटना में महिला आग से झुलस गई थी।

सीमा देवी पत्नी मनोहर लाल गुरुवार शाम घर पर खाना बना रही थी। तभी गैस सिलेंडर लीकेज के कारण आग की चपेट में आ गई। विवाहिता की चीख सुनकर पहुंचे परिवारीजनों ने आनन फानन आग को बुझाया वहीं झुलसी महिला को लेकर स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया



जहां चिकित्सकों ने जिला अस्पताल भेज दिया था। परिजन विवाहिता को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती करा दिया था। जहां प्राथमिक इलाज करने के बाद हालत नाजुक देख डॉक्टरों ने प्रयागराज स्थित एसआरएन के लिए रेफर कर दिया था।

## नगर पालिका चुनाव को लेकर भाजपा नेताओं ने की बैठक

**कौशांबी।** जैसे ही नगर पालिका का चुनाव नजदीक आता जा रहा है वैसे ही भाजपा नेताओं द्वारा नगर पालिका के वार्ड में तेजी से बैठक शुरू कर दी गई है प्रतिदिन भाजपा नेता मंझनपुर मुख्यालय के किसी मोहल्ले के वार्ड में नगर वासियों के साथ बैठक का भाजपा की नीतियों का प्रचार प्रसार कर भाजपा प्रत्याशियों को जीत दर्ज कराने की अपील कर रहे हैं इसी क्रम में शुक्रवार को नगर पालिका मंझनपुर के बैजनाथ चौधरी नगर वार्ड नंबर 3 रामलीला चबूतरे पर भाजपा नेताओं ने बैठक आयोजित की बैठक में चुनाव संयोजक दिनेश पांडेय ने कहा कि पार्टी जिसे प्रत्याशी घोषित करेगी पूरे समर्थक और आम जनता उसे भारी बहुमत से जीत दर्ज कराएंगे इस मौके पर भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष प्रेमचंद चौधरी आशीष कुमार केसरवानी उर्फ बच्चा दीपक जयसवाल दुर्गेश गुप्ता एडवोकेट शिवेंद्र कुमार उर्फ रिंकू आदि रहे।

## भौंतर का आयोजित होगा 150 वां दशहरा

**दारानगर, कौशांबी।** नगर पंचायत अजुहा वार्ड नंबर एक भौंतर में बृहस्पतिवार से हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी दो दिवसीय 150 वां दशहरा मेला का आयोजन किया गया है। मेला परिसर में लगी विभिन्न प्रकार की दुकानों से गृहस्थी का सामान खाने पीने की चीजें दर्शक खरीदते नजर आए। मनोहर दास रामलीला कमेटी के प्रबंधक डॉ नमो नारायण त्रिपाठी ने बताया कि शुक्रवार को उत्कृष्ट कलाकारों द्वारा मनमोहक झांकियों का प्रदर्शन के साथ राम दल एवं रावण दल के बीच कुप्पी युद्ध होगा। रावण वध के पश्चात भरत मिलाप रात्रि में मनमोहक नाटक का मंचन कर दो दिवसीय दशहरा मेला का समापन किया जाएगा।

## रंजिशन पड़ोसियों ने युवक को पीटा

**कौशाम्बी।** पश्चिमशरीरा कोतवाली अंतर्गत महावा गांव निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दिए गए तहरीर में बताया है कि उसकी पड़ोसी से रंजिश है। शुक्रवार की सुबह विपक्षी गाली गलौज कर रहा था। विरोध करने पर मारपीट किया।

थाना क्षेत्र के जाफरपुर महावां गांव निवासी मो. सादिक ने बताया कि पड़ोसी दबंग से उसकी पुरानी रंजिश है। इसे लेकर शुक्रवार सुबह वह गाली.गलौज कर रहा था। विरोध करने पर लाठी.डंडे से पिटाई कर दी। पीड़ित की तहरीर पर रिपोर्ट लिखकर पुलिस ने उसे मेडिकल के लिए भेज दिया है।

## विद्युत पोल से गिरकर लाइनमैन घायल, अस्पताल में भर्ती

**कौशाम्बी।** करारी कोतवाली अंतर्गत संचालित विद्युत उपकेंद्र में तैनात एक संविदा लाइन मैन शुक्रवार को क्षेत्र के रहीमपुर मोलानी गांव में विद्युत सप्लाई ठीक करने गया था। कहा जा रहा है कि विद्युत पोल में चढ़ने के बाद उसका पैर फिसल जाने के कारण वह नीचे गिर गया। हादसे में उसे गंभीर चोट आई है। करारी विद्युत उपकेन्द्र में तैनात संविदा लाइनमैन मो. हुसैन शुक्रवार सुबह रहीमपुर मोलानी गांव स्थित खंभे पर चढ़कर तार जोड़ रहा था। इस दौरान अचानक पैर फिसलने से वह नीचे गिर गया। इससे उसे गंभीर चोटें आई हैं। पीड़ित को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं हादसे के बाद से पीड़ित के परिवार के लोग हैरान परेशान थे।

## लाखों की नगदी जेवर उठा ले गए चोर

**कौशांबी।** थाना कोखराज के टेडीमोड शहजादपुर चौकी अंतर्गत ग्राम अहिरारा में कंधई त्रिपाठी के यहां रात्रि में चोर दरवाजा का ताला तोड़ कर घर के भीतर घुसे और गृहस्वामी के घर में रखा 50 हजार नगदी और लगभग 4 लाख के सोने के गहने को बेखौफ चोर चुरा ले गए। गृहस्वामी की लड़की की शादी होने वाली थी।धीरे धीरे शादी का सामान वह इकट्ठा कर रहे थे घर में चोरी होने के बाद अब बेटी की शादी कैसे होगी गरीब ब्राह्मण का भविष्य अब गर्त में है थाना क्षेत्र में इस समय चोरों के हौसले बुलंद है।क्षेत्र में आए दिन चोरी की घटनाएं होती रहती है ।पुलिस रात भर गस्त करती है ।लेकिन फिर भी चोर चोरी करने में सफल हो रहे है।

इसी तरह पिछले हफ्ते जीटी रोड कल्याणपुर में कई शटर के ताले तोड़ कर लाखों रुपए का मॉल चोर उठा ले गए। इसके पहले भी कल्याणपुर और उसके आसपास चोरी की कई घटनाएं हो चुकी हैं जिसका कोई सुराग नहीं लगा यही हाल रहा तो चोरों के हौसले और बढ़ते जाएंगे।

# आध्यात्मिक गुरु देवकीनंदन ने मां शीतला मंदिर में टेका मत्था

**पूजा अर्चना**

**सुरक्षा व्यवस्था को लेकर अलर्ट रही खाकी**

**कौशाम्बी।** वेद पुराण,श्रीमद्भागवत एवं शिव पुराण सहित तमाम वेदों के ज्ञाता एवं यूपी रत्न से सम्मानित प्रख्यात कथावाचक व आध्यात्मिक गुरु देवकीनंदन ठाकुर महाराज बृहस्पतिवार की शाम को शक्तिपीठ माता शीतला के दर्शन एव पूजन के लिए कौशाम्बी के कड़ा धाम पहुंचे। आध्यात्मिक गुरु ने माता शीतला का दर्शन एवं विधिवत पूजन अर्चन किया।

बता दें कि आध्यात्मिक गुरु देवकीनंदन महाराज के आने की पूर्व सूचना थी, इसे लेकर सुरक्षा की दृष्टि से सीओ सिराथू केजी सिंह कड़ा धाम थाना प्रभारी अभिलाष तिवारी सहित भारी पुलिस फोर्स के साथ पहुंचे थे। आध्यात्मिक गुरु को सुरक्षा प्रदान करते हुए उन्हें माता के मंदिर ले गए और उन्होंने माता शीतला का दर्शन एवं पूजन किया। इस दौरान उनके शिष्य ऋषि नंदन साहू, संतोष कुमार शुक्ला, सुमित पांडेय आदि गुरु की सेवा को पहुंचे थे। हालांकि इस दौरान लोगों की भीड़ देखी जा रही थी।



शीतला धाम जाते गुरू देवीकीनंदन व मौजूद लोग

### सड़क हादसे में घायल महिला

**दारानगर।** फतेहपुर जनपद के हथगांव की रहने वाली रुखसाना पुत्री मो सहनैन बृहस्पतिवार रात की दोपहर बाइक से कड़ा रिश्तेदारी मे आई थी। बाइक सवार जैसे ही कड़ा धाम थाना क्षेत्र के जमाल रोड के नजदीक पहुचीं तभी सड़क पर पड़ी मिदी मे बाइक फिसल कर अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में पीछे बैठीं रुखसाना जख्मी हो गई आसपास मौजूद लोगों ने घायल को इलाज के लिए स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराकर हादसे की जानकारी परिवारीजनों को दे दिया था।

## संक्षेप

### महिला की पिटाई को लेकर चार आरोपियो के खिलाफ केस

**लालगंज।** कोतवाली पुलिस ने महिला की पिटाई को लेकर चार आरोपियो के खिलाफ गुरूवार की शाम मारपीट व गालीगलौज तथा धमकी का केस दर्ज किया है। लालगंज के सरैंया असरही निवासी इसरार की पत्नी शायरा बानो ने पुलिस को दी गई तहरीर मे कहा है कि पहली नवंबर को जमीनी विवाद में विपक्षियों ने उस पर हमला कर दिया। गांव के विपक्षी निजाम पुत्र नसीर तथा जाहिद की पत्नी मनीषा, निजाम की पत्नी आजमीन व जाहिद पुत्र नसीर ने उसे मारापीटा। धारदार हथियार से विपक्षियो के हमले मे पीडिता लहूलुहान हो उठी। शोर मचाने पर आरोपी गाली देते हुए जानलेवा धमकी देने लगे। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपियो के खिलाफ केस दर्ज किया है।

### बच्चों की पिटाई को लेकर पुलिस को दी तहरीर

**लालगंज।** स्कूल में परीक्षा देकर वापस घर आ रहे बच्चों की रास्ते में दबंगो ने पिटाई कर दी। पीडित ने लीलापुर एसओ से मिलकर तहरीर सौपी है। सिंधौर परसीपुर निवासी बबलू वर्मा पुत्र रामफेर वर्मा ने पुलिस को दी गई तहरीर मे कहा है कि शुक्रवार को उसका बारह वर्षीय बेटा राज वर्मा चमरूपुर शुक्लान स्थित विद्यालय मे पढ़ता है। बच्चे के साथ उसके साथी भी सरला इण्टरमीडिएट कालेज में परीक्षा देकर घर लौट रहे थे। आरोप है कि रास्ते में सिंधौर के समीप कुछ दबंगो ने बच्चो को प्लास्टिक की पाइप तथा डण्डे से मारपीट कर चुटहिल कर दिया। पीडित ने आरोपियो के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

### नगर में नव निर्मित पार्क का लोकार्पण आज

**लालगंज।** नगर में ट्रामा सेंटर के सामने नवनिर्मित पार्क का आज शनिवार को दोपहर एक बजे लोकार्पण होगा। चेयरपर्सन अनीता द्विवेदी ने बताया कि कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना तथा सांसद प्रमोद तिवारी एवं एमएलसी उमेश द्विवेदी बतौर अतिथि शामिल होंगे। समारोह में नगर पंचायत द्वारा नगर को विक्टोरिया लाइट की भी अतिथियों द्वारा जनता को समर्पित किया जाएगा।

# भूमि एवं जल संरक्षण समिति की बैठक सम्पन्न

**बैठक**

**पंडित दीनदयाल उपाध्याय किसान समृद्धि योजना से समस्याग्रस्त क्षेत्रों का उपचार करायें : डीएम**



बैठक की अध्यक्षता करते जिलाधिकारी

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी डा0 नितिन बंसल की अध्यक्षता में कैम्प कार्यालय के सभागार में भूमि एवं जल संरक्षण समिति की बैठक सम्पन्न हुई। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी ईशा प्रिया, उप कृषि निदेशक डा0 रघुराज सिंह, भूमि संरक्षण अधिकारी-प्रथम डा0 रमेश चन्द्र, भूमि संरक्षण अधिकारी-द्वितीय विनोद कुमार, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी राजेश कुमार सिंह, जिला उद्यान अधिकारी डा0 सीमा सिंह राणा, जिला कृषि अधिकारी अश्वनी कुमार सिंह सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक में भूमि संरक्षण अधिकारी-प्रथम डा0 रमेश चन्द्र द्वारा पूर्व वर्ष में समिति द्वारा अनुमोदित किये गये कार्यवृत्त के अनुपालन के सम्बन्ध में सदस्यों को अवगत कराया जिसमें पूर्व वित्तीय वर्ष में पंडित दीनदयाल उपाध्याय किसान समृद्धि योजना में भूमि संरक्षण प्रथम इकाई एवं द्वितीय इकाई द्वारा क्रमशः 370.84 हेक्टेयर एवं 278.74 हेक्टेयर क्षेत्र का उपचार किया गया। खेत-तालाब योजनान्तर्गत प्रथम इकाई द्वारा 23 खेत-तालाब एवं इकाई द्वितीय द्वारा 24 खेत तालाबों का निर्माण कराया गया है। नाबार्ड योजना से पूर्व में निष्पादित परियोजनाओं के संरचनाओं में हुये टूट-फूट का मरम्मत कार्य कराकर अनुमोदित व्यय का उपभोग कर लिया गया। उन्होने बताया कि वित्तीय वर्ष 2022-23 हेतु इकाई प्रथम एवं द्वितीय द्वारा क्रमशः पंडित दीनदयाल उपाध्याय किसान समृद्धि योजना में 1040.33 हेक्टेयर एवं 726.02 हेक्टेयर समस्याग्रस्त क्षेत्रों का उपचार कराने के लिये अनुमोदन हेतु प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया। इसी क्रम में मनरेगा योजना हेतु इकाई प्रथम एवं द्वितीय द्वारा क्रमशः 355.86 हेक्टेयर एवं 278.22 हेक्टेयर समस्याग्रस्त क्षेत्रों का उपचार कराने के लिये अनुमोदन हेतु प्रस्ताव प्रेषित किया गया। वित्तीय वर्ष 2022-23 में संचालित खेत तालाब योजना के प्रगति के सम्बन्ध में भूमि संरक्षण अधिकारी प्रथम द्वारा बताया गया कि मुख्यालय द्वारा जनपद को 18 तालाबों का लक्ष्य प्राप्त है जिसके सापेक्ष 11 तालाबों का कार्य निमार्णाधीन है, शेष तालाबों का कार्य मुख्यालय द्वारा पंजीकृत कृषकों को टोकन कन्फर्म होने पर विभागीय निर्देश के अनुसार सत्यापन कार्य पूर्ण कर प्रारम्भ कर लिया जायेगा। समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने पाया कि भूमि संरक्षण की दोनो इकाईयों में विकास खण्ड का आवंटन नही है जिस कारण दोनो इकाई एक ही विकास खण्ड में कार्य निष्पादित कर रहे है, इस सम्बन्ध में जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि दोनो इकाईयों के मध्य विकास खण्ड का आवंटन शीघ्र कर दिया जाये एवं योजनाओं जैसे खेत तालाब योजना के प्रचार प्रसार हेतु उप कृषि निदेशक कार्यालय एवं विकास भवन के परिसर में योजना से सम्बन्धित दिशा निर्देश के होर्डिंग लगाये जाये तथा उप कृषि निदेशक को निर्देशित किया गया कि विभागीय पोर्टल के माध्यम से पंजीकृत कृषकों के रजिस्टर्ड फोन नम्बर पर एस0एम0एस0 के माध्यम से योजनाओं के बारे में सूचित करें। उन्होने अधिकारियों को स्पष्ट रूप से निर्देशित किया है कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय किसान समृद्धि योजना से समस्याग्रस्त क्षेत्रों का उपचार करायें और शासन की अन्य योजनाओं का सकुशल सम्पादन करें इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाये।

## संदिग्ध हालात में महिला की मौत दहेज हत्या का केस

**पट्टी।** पट्टी बीरापुर खुर्द की रानी गौड़ (23) का विवाह पट्टी कोतवाली के भिवनी गांव के अरविंद गौड़ से तीन साल पहले हुआ था। गुरुवार सुबह रानी का पति से विवाद हुआ। पति मछली पकड़ने तालाब में चला गया। रानी खेत में चली गई। खेत से लौटने के बाद उसकी तबीयत बिगड़ने लगी। जहरीला पदार्थ खाने की आशंका पर परिवार के लोग उसे मंगरौरा के एक चिकित्सक के पास ले गए। वहां से मेडिकल कॉलेज ले जा रहे थे लेकिन रास्ते में उसकी मौत हो गई तो शव लेकर घर लौट आए। सूचना पर एसआई गुलाब सिंह पहुंचे तो परिजन फिर सीएचसी कोहंडौर ले गए। वहां डॉक्टरों के मृत घोषित करने के बाद शव लेकर लौटे। रानी की सास ने मायके वालों को फोन कर बताया कि जहरीले जंतु के डसने से उसकी मौत हो हो गई। इस पर उसका भाई संतोष आया और पति पर दहेज के लिए जहरीला पदार्थ खिलाकर हत्या करने का आरोप लगाने लगा। पुलिस ने दहेज हत्या की रिपोर्ट दर्ज कर पति को हिरासत में ले लिया है।

# आम की फसल को गुजिया एवं मिज कीट से बचायें : जिला उद्यान अधिकारी

**प्रतापगढ़।** जिला उद्यान अधिकारी डा0 सीमा सिंह राणा ने बताया कि जनपद में आम की अच्छी उत्पादकता सुनिश्चित करने के दृष्टिकोण से यह आवश्यक है कि आम की फसल को सम-सामयिक हानिकारक कीटों से बचाने हेतु उचित समय पर प्रबन्धन किया जाये। माह नवम्बर एवं दिसम्बर अत्यन्त महत्वपूर्ण है। उन्होने बताया है कि गुजिया कीट के शिशु जमीन से निकल कर पेड़ों पर चढ़ते है और मुलायम पत्तियों, मंजरियों एवं फलों से रस चूसकर क्षति पहुँचाते है। इसके शिशु कीट 1-2 मिमी0 लम्बे एवं हल्के गुलाबी रंग के चपटे तथा मादा वयस्क कीट सफेद रंग के पंखहीन एवं चपटे होते है। इस कीट के नियंत्रण के लिये बागों की गहरी जुताईध्गुड़ाई की जाये तथा शिशु कीट को पेड़ों पर चढ़ने से रोकने के लिये माह नवम्बर-दिसम्बर में आम के पेड़ के मुख्य तने पर भूमि से 50-60 सेमी0 की ऊचाई पर 400 गेज की पालीथीन शीट की 50 सेमी0 चैड़ी पट्टी को तने के चारो ओर लपेट कर ऊपर व नीचे सुतली से बांध कर पॉलीथीन शीट के ऊपरी व निचली हिस्से पर ग्रीस लगा देना चाहिये जिससे कीट पेड़ों पर ऊपर न चढ़ सके। इसके अतिरिक्त शिशुओं को जमीन पर मारने के लिये दिसम्बर के अन्तिम या जनवरी के प्रथम सप्ताह से 15-15 दिन के अन्तर पर दो बार क्लोरपाइरीफॉस (1.5 प्रतिशत) चूर्ण 250 ग्राम प्रति पेड़ के हिसाब से तने के चारो ओर बुरकाव करना चाहिये। अधिक प्रकोप की स्थिति में यदि कीट पेड़ों पर चढ़ जाते है तो ऐसी दशा में मोनोक्रोटोफॉस 36 ई0सी0 1.0 मिली0 अथवा डायमेथोएट 30 ई0सी0 2.0 मिली0 दवा को प्रति लीटर पानी में घोल बनाकर आवश्यकतानुसार छिड़काव करें। इसी प्रकार आम के बौर में लगने वाले मिज कीट मंजरियों तुरन्त बने फूलों एवं फलों तथा बाद में मुलायम कोपलों में अण्डे देती है जिसकी सूड़ी अन्दर ही अन्दर खाकर क्षति पहुँचाती है इस कीट के नियंत्रण के लिये यह आवश्यक है कि बागों की जुताईध्गुड़ाई की जाये तथा समय से कीटनाशक दवाओं का छिड़काव करना चाहिये इसके लिये फनिट्रोथियान 50 ई0सी0 1.0 मिली0 अथवा डायजिनान 20 ई0सी0 2.0 मिली0 अथवा डायमेथोएट 30 ई0सी0 1.5 मिली0 दवा प्रति लीटर पानी में घोलकर बौर निकलने की अवस्था पर एक छिड़काव करने की सलाह दी जाती है। कीटनाशक के प्रयोग में सावधानियाँ अवश्य बरते, कीटनाशक के डिब्बों को बच्चों व जानवरों की पहुँच से दूर रखें, कीटनाशक का छिड़काव शाम के समय जब हवा का वेग अधिक न हो तब करना चाहिये अथवा हवा चलने की विपरीत दिशा में खड़े होकर करें। कीटनाशक के खाली पाउचध्डिब्बों को मिट्टी में दबा देना चाहिये।

### चंदौली में तैनात इंस्पेक्टर को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश करने का आदेश

**प्रतापगढ़।** अपर सत्र एवं विशेष न्यायाधीश पॉक्सो अधिनियम पंकज कुमार श्रीवास्तव ने पुलिस अधीक्षक चंदौली को पत्र भेजा है। एसपी को भेजे गए पत्र में बताया है पुलिस लाइन में निरीक्षक उदय प्रताप सिंह तैनात है। उन्हें गिरफ्तार कर 18 नवम्बर को सुबह साढ़े दस बजे न्यायालय में प्रस्तुत करें। विवेचक उदय प्रताप सिंह ने प्रतापगढ़ में कार्यकाल के दौरान थाना कोतवाली नगर में अपराध संख्या 597/13 धारा 376, 504, 506 व पॉक्सो अधिनियम में विवेचना कर आरोप पत्र प्रेषित किया था, जिसमें साक्ष्य हेतु कई बार उन्हें सम्मन व वारंट भेजा गया था, लेकिन उसके बावजूद वो न्यायालय में साक्ष्य हेतु उपस्थित नही हो रहे है। मामला पॉक्सो अधिनियम से सम्बंधित है। जिसका निस्तारण उच्च न्यायालय के निदेर्शानुसार वरीयता क्रम में किया जाना आवश्यक है।निरीक्षक उदय प्रताप सिंह के ना आने से पत्रावली के निस्तारण में बाधा उत्तपन्न हो रही है। उदय प्रताप सिंह को एपीडब्ल्यू का तामिला कराते हुए न्यायालय के समक्ष गिरफ्तार कर प्रस्तुत करने का आदेश जारी किया।

# स्टेशन पर स्वच्छता पखवारा की शुरूआत



स्टेशन पर साफ सफाई करते हुए

**स्वच्छता पखवारा**

**रेलवे बोर्ड ने चलाया गहन सफाई अभियान**

**प्रतापगढ़।** स्टेशन की साफ सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए रेलवे स्वच्छता पखवारा मना रहा है। जिसमें ग्यारह नवंबर से गहन सफाई अभियान की शुरूआत की गई है। इसके अंतर्गत स्थानीय रेलवे स्टेशन पर भी सफाई अभियान चलाया गया। प्लेटफार्म की धुलाई और पोछा झाडू का वृहद अभियान चलाया गया। सफाई कॉन्ट्रैक्टर के सुपरवाइजर भरत यादव की अगुवाई में सफाई कर्मियों ने जगह जगह फैली गंदगी को साफ किया। पानी से धुलाई हुई। रेलवे पार्क में झाडू अभियान चलाया गया। दरअसल, रेलवे बोर्ड ने पत्र जारी किया है। जिसमें स्टेशनों की साफ सफाई के लिए गहन सफाई अभियान चलाने का निर्देश दिया गया है। एसएस ने बताया कि 11 से 25 नवंबर तक ड्राइव चलेगी। जिसमें सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश है।

## पागल कुत्ते के हमले में महिला घायल

**पट्टी।** पागल कुत्ता के हमले से महिला घायल हो गई। चिकित्सकों ने महिला की हालत गंभीर देखकर जिला अस्पताल किया रेफर। आसपुर देवसरा थाना क्षेत्र निवासी सितावी देवी सरोज पत्नी स्वर्गीय विजय बहादुर सरोज निवासी ढाढर शुक्रवार की सुबह अपने घर से धान के खेत में जा रही थी। पास से गुजर रहे पागल कुत्ते ने महिला पर हमला कर दिया। कुत्ते के हमले से महिला जोर-जोर से चीखने चिल्लाने लगी। महिला की आवाज सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और किसी तरह से पागल कुत्ते के चंगुल से महिला को आजाद कराया। घायल महिला को निजी अस्पताल ले गए जहां पर चिकित्सकों ने महिला की हालत गंभीर देखकर जिला अस्पताल रेफर कर दिया। पागल कुत्ते को लेकर ग्रामीणों में दहशत का माहौल बरकरार है।

# मेडल जीतकर लौटी कराटे टीम का हुआ स्वागत

**स्वागत**

**सबसे छोटी खिलाड़ी मर्जिया को मिला गोल्ड**



इंटरनेशनल कराटे चैंपियनशिप के विजेताओं का माला पहनाकर किया गया स्वागत

**प्रतापगढ़।** गोवा में आयोजित इंटरनेशनल कराटे चैंपियनशिप में प्रतिभाग कर मेडल लेकर लौटी टीम का शुक्रवार को रेलवे स्टेशन पर स्वागत हुआ। जिसमें टीम की सबसे छोटी खिलाड़ी मर्जिया मुजफ्फर ने सोना जीता। गोवा में सोतोकान कराटे आफ इंडिया एसोसिएन इंटरनेशनल कराटे चैंपियनशिप 5, 6 नवम्बर को हुई। जिसमे भारत, बांग्लादेश, श्रीलंका और नेपाल के खिलाड़ियों ने भाग लिया।

इस चैंपियनशिप में उत्तर प्रदेश के प्रतापग के खिलाड़ियों ने दम दिखाया। जिसमें मोहम्मद अजीमुद्दीन ने अपने वर्ग में एक गोल्ड और सिल्वर मेडल हासिल किया। अक्षय प्रजापति को एक सिल्वर और एक ब्रांस और किशन प्रजापति को एक सिल्वर एक ब्राऊन, आनंद श्याम निर्मल को एक सिल्वर एक ब्राऊंस मेडल मिला। सबसे छोटी खिलाड़ी होने के नाते मर्जिया मुजफ्फर को गोल्ड मेडल से सम्मानित किया गया। कम खिलाड़ियों के बावजूद प्रतापगढ़ के खिलाड़ियों ने जो दम दिखाया है उससे प्रभावित हो कर बांग्लादेश से आए जज बोकुल हुसैन ने ट्रॉफी टीम इंस्ट्रेक्टर डॉक्टर सैयद मसूद मुजफ्फर को देकर सम्मानित किया। स्टेशन पर समाज सेवी डाक्टर दया राम मौर्य, आनंद ओझा और टीचर राकेश कनौजिया ने खिलाड़ियों का स्वागत किया।

### कुश्ती का आयोजन 14 को

**प्रतापगढ़।** महेंद्र कुमार शुक्ल स्मारक कुश्ती प्रतियोगिता तथा मूर्ति अनावरण 14 नवंबर सोमवार को बेलखरनाथ धाम क्षेत्र के बिबिया करनपुर गांव में आयोजित किया गया है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेन्द्र प्रताप सिंह मोती सिंह होंगे। इसमें प्रतापगढ़, सुल्तानपुर, प्रयागराज, गाजीपुर, वाराणसी सहित कई जिलों के पहलवान भाग लेंगे। यह जानकारी हिमांशु शुक्ल ने दी।

## आज मनाया जाएगा संस्थापक दिवस समारोह

**लालगंज।** नगर के राम अंजोर मिश्र इण्टर कालेज में आज बारह नवंबर शनिवार को पूर्वान्ह ग्यारह बजे संस्थापक दिवस समारोह मनाया जाएगा। लालगंज के राम अंजोर मिश्र इण्टर कालेज के अलावा बहुगुणा पीजी कालेज तथा कमला नेहरू बालिका इण्टर कालेज एवं पुनीत इण्टरमीडिएट कालेज के अलावा पहाड़पुर स्थित बीडी दुबे इण्टर कालेज के संस्थानों के संयुक्त संस्थापक दिवस समारोह में पूर्व विधायक एवं शिक्षामनीषी पं. राम अंजोर मिश्र की स्मृति में सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होंगे। समारोह में मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना तथा विशिष्ट अतिथि शिक्षक विधायक उमेश द्विवेदी शामिल होगे। वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी करेंगे। यह जानकारी प्रधानाचार्य सुनील कुमार शुक्ल ने दी है।

# करंट की चपेट में आने से युवक की मौत



मृतक की फाइल फोटो

**पट्टी।** ट्यूबेल पर पंपिंग सेट स्टार्ट करने गया युवक करंट की चपेट में आ गया। जिससे उसकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना आसपुर देवसरा थाना क्षेत्र के आमापुर गांव की है।

गांव निवासी ओमप्रकाश उपाध्याय (32) पुत्र रमाशंकर शुक्रवार की सुबह ट्यूबेल पर सिंचाई हेतु पंपिंग सेट स्टार्ट करने गया हुआ था। जहां पर वह करंट की चपेट में आ गया। मृतक युवक का बेटा पंपिंग सेट पर पहुंचा तो पिता को फर्श पर पड़ा हुआ नजर आया। उसके शोर मचाने पर आसपास के लोग दौड़े और उसे इलाज के लिए ले जा रहे थे कि रास्ते में उसकी मौत हो गई। घटना की जानकारी पुलिस को दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक ओमप्रकाश के एक बेटा गजानन व एक बेटी शिवानी है। ओमप्रकाश तीन भाइयों में दूसरे नंबर पर था सभी भाई अपनी अलग गृहस्ती बसा कर जीवन यापन कर रहे हैं। मृतक का शव जब घर पहुंचा तो पत्नी आशा देवी व बच्चों समेत परिवारी जनों का रो रो कर बुरा हाल रहा। घर पर संवेदना जताने वालों का तांता लगा हुआ है।

# जर्जर तारों व पोलों के बदले जाने को लेकर ऊर्जा मंत्री ने विभागीय कार्यवाही के दिये आदेश

**आदेश**

**समस्या को लेकर क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना व सांसद प्रमोद तिवारी ने लिखा था ऊर्जा मंत्री को पत्र**



**लालगंज।** विधायक एवं राज्यसभा सदस्य के पत्र पर प्रदेश के उर्जा मंत्री ने नगर की बाजार में जर्जर विद्युत तारों एवं लोहे के जीर्ण शीर्ण हो उठे पोलों को बदले जाने के लिए पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम वाराणसी के प्रबन्ध निदेशक को कार्यवाही के निर्देश दिये है। प्रदेश के ऊर्जा मंत्री एके शर्मा को क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना तथा राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने प्रतापगढ़ के रामपुर खास विधानसभा क्षेत्र की लालगंज बाजार में जर्जर तारों व पोलो को बदलवाए जाने के लिए तीन नवंबर को पत्र लिखा था। ऊर्जा मंत्री ने चार नवंबर को विधायक एवं राज्यसभा सदस्य को भेजे गये अलग अलग पत्र में जर्जर तारो व पोलों को बदलवाये जाने के बाबत पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम को प्रभावी कार्यवाही के निर्देश दिये जाने की जानकारी दी है। बतादें लालगंज बाजार में हाल ही में बिजली के चार पोल जीर्ण शीर्ण होने के कारण अचानक गिर गये थे। इसके चलते हुई दुर्घटना मे चार लोग जख्मी भी हो गये थे। घटना की जानकारी लोगों ने विधायक मोना तथा राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी को दी थी। इस पर सांसद प्रमोद तिवारी तथा विधायक मोना ने ऊर्जा मंत्री को नेशनल हाइवे पर स्थित नगर पंचायत की महत्वपूर्ण बाजार में हुई दुर्घटना का जिक्र करते हुए जर्जर तारों व खम्भों को बदलवाये जाने को लेकर पत्र लिखा था। सांसद प्रमोद तिवारी तथा विधायक मोना को ऊर्जा मंत्री के द्वारा कार्रवाई के निर्देश के बाबत भेजे गये पत्र की यहां मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल के हवाले से जानकारी दी गयी है।

## चार दिन बाद भी युवक नहीं पहुंचा घर, पत्नी ने दी तहरीर

**पट्टी।** चार दिन पहले ससुराल से घर जाने के लिए निकले युवक का कुछ पता नहीं है। काफी खोजबीन के बाद पत्नी ने पुलिस को तहरीर देकर गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करने की मांग की है।

पट्टी कोतवाली क्षेत्र के कठार गांव के रामबहादुर सिंह की बेटी अर्चना सिंह की शादी आजमगढ़ के भगवानपुर गांव के अभिषेक सिंह से हुई है। उनकी दो साल की एक बेटी भी है। एक नवंबर को अभिषेक अपनी ससुराल कठार आया और आठ नवंबर को अपने घर जाने के लिए निकला लेकिन वह घर नहीं पहुंचा। पत्नी अर्चना ने पति की काफी खोजबीन की लेकिन पता नहीं चल पाया। शुक्रवार को पत्नी ने पट्टी कोतवाली में तहरीर देकर गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराने की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# सीएमओ ने सीएचसी का किया औचक निरीक्षण

**निरीक्षण**

**सीएमओ ने निर्माणाधीन 40 बेड के कोविड कक्ष का भी निरीक्षण करते हुए प्रगति की ली जानकारी**



सांगीपुर सीएचसी मे निरीक्षण करते सीएमओ

**लालगंज।** जिले के सीएमओ डा. जीएम शुक्ल ने शुक्रवार को सांगीपुर सीएचसी का औचक निरीक्षण किया। सीएमओ के निरीक्षण से अस्पताल परिसर में हडकंप का माहौल बन गया। सीएमओ ने प्रसव कक्ष का निरीक्षण कर यहां साफ सफाई के प्रबन्धों को देखा। वहीं उन्होने डयूटी पर तैनात नर्स से माह में प्रसव की संख्या का सवाल दागा तो वह निरूत्तर नजर आयी। इस पर सीएमओ नाराज दिखे। इसके बाद सीएमओ ने निमार्णाधीन चालीस बेड के कोविड कक्ष का भी निरीक्षण करते हुए प्रगति की जानकारी ली। निर्माण कार्य मे कार्यदायी संस्था को मानक एवं गुणवत्ता के भी निर्देश दिये। प्रधानमंत्री आयुष्मान के ऑपरेटर पवन कुमार मिश्र को अस्पताल परिसर में देख भी सीएमओ नाराज हो उठे। उन्होने कर्मचारी को गांव गांव पहुंचकर पात्रों के कार्ड बनाये जाने मे तेजी लाये जाने को कहा। अस्पताल मे एक्सरे मशीन न होने पर सीएमओ ने अधीक्षक से कारण पूछा। अधीक्षक ने बताया कि विभाग को सूचना दी गयी है किंतु अभी तक एक्सरे मशीन नही आ सकी। सीएमओ ने जल्द ही एक्सरे सुविधा बहाल कराए जाने का आश्वासन दिया। उन्होने अधीक्षक डा. आनन्द तिवारी से परिसर मे साफ सफाई के भी बेहतर प्रबन्ध सुनिश्चित कराए जाने को कहा।

## जनसंपादकीय

# मानवता का आंदोलन है बौद्ध धर्म

बुद्ध का मार्ग विशाल मानवता का मार्ग था, जिस पर चलते हुए उन्होंने जातिप्रथा को चुनौती देकर इस देश में एक महान आंदोलन का सूत्रपात किया और चारों वर्णों तथा स्त्रियों को धर्म का समान अधिकार दिया। यह ब्राह्मणधर्म के खिलाफ सबसे बड़ी बगावत थी और बौद्धों का ब्राह्मणों ने जो भी विरोध किया, यह इसी विद्रोह के कारण किया। बौद्धधर्म की एक बड़ी विशेषता यह रही कि उसने जातिप्रथा के खिलाफ हथियार कभी नहीं डाले। यही कारण है कि महायान बिगड़कर जब मंत्रयान एवं वज्रयान बनने लगा, तब भी जातिवाद के खिलाफ उसकी कार्यवाही जारी रही। बौद्धधर्म ने जातिवाद का डटकर विरोध किया, इसी से मध्यकाल में जाकर निर्गुण मत का प्रचार करने वाले संतों को यह कहने का साहस हुआ कि वे जातिप्रथा को नहीं मानते। निर्गुनियां संत बहुत-सी बातों में बुद्ध की परंपरा में हैं। उनका वैराग्य, उनकी निवृत्तिवादिता, उनका फक्कड़पन, सभी जातियों को बराबर मानने का आग्रह तथा यह विश्वास कि देवता मंदिर में नहीं, मनुष्य के हृदय में हैं, ये सारी-की सारी बातें बौद्धधर्म से निकली हैं। अगर बुद्ध नहीं हुए होते तो इस देश में दादू व कबीर तथा नानक व हरिदास निरंजनी में से कोई नहीं हुआ होता। इस देश में विशाल मानवता का आंदोलन बुद्ध का ही चलाया हुआ है और तब से आज तक बराबर चलता आ रहा है। उनका यह आंदोलन क्रांतिकारी सिद्ध हुआ।

बुद्ध के समय से भारत में चिंतन की दो धाराएं बहती आ रही हैं। एक वर्णाश्रम धर्म की धारा है, जिसके ऋषि मनु, वशिष्ठ एवं याज्ञवल्क्य, दार्शनिक शंकराचार्य तथा कवि तुलसीदास हैं। दूसरी धारा मूल संस्कृति के विरुद्ध विद्रोह करने के लिए फूटी थी। इस धारा के ऋषि विश्वामित्र व बुद्ध, दार्शनिक वसुबंधु व नागार्जुन कवि सरहपा, नन्हपा, कबीर, नानक, दादू व मलूकदास हैं। यह धारा जाति, वंश एवं गोत्र में विश्वास नहीं करती वरन् धीरे-धीरे सभी धर्मों में एकता लाकर मनुष्य मनुष्य को एक बनाना चाहती है। मध्यकालीनता के संस्कार छीजते गए हैं और आधुनिकता का वृत्त फैलता गया है। संसार आज भी जनक, बुद्ध. अशोक व गांधी की वंदना करता है। भारतवर्ष के लंबे इतिहास में जब भी कोई अद्भुत धार्मिक चिंतन किया गया, जनता ने उसे प्रसन्नता से स्वीकार कर लिया। आय तथा अनार्यों (द्रविड़ों) के मिलन के बाद भी अनेक जातियां इस देश में आई और उन सबने हमारी संस्कृति को कुछ-न-कुछ अंशदान दिया। बुद्ध एवं महावीर के नेतृत्व में प्रव धार्मिक क्रांति की पूरी छाप हमारे धर्म व संस्कृति पर मौजूद है। यहां के लोगों ने संस्कृति का ऐसा लचीला रूप पसंद किया, जो प्रत्येक नई संस्कृति से लिपटकर उसे अपनी बना सके।

भारतीय संस्कृति महासमुद्र के समान है, जिसमें अनेक नदियां आ आकर विलीन होती रही हैं। जवाहरलाल नेहरू ने लिखा है, ईरानी और यूनानी लोग, पार्थियन सोचियन और हून लागू, मुसलमानों से पहले आने वाले और ईसा की आरंभिक सदी में आने वाले ईसाई, यहूदी और पारसी लोग ये सब एक-के-बाद-एक भारत में आए और उनके आने से समाज ने हल्के कंपन का भी अनुभव किया, मगर अंत में वे सब भारतीय संस्कृति के महासमुद्र में विलीन हो गए। उनका कहीं कोई अलग अस्तित्व नहीं बचा। मिस्टर जोड ने भारत की इस अपूर्व क्षमता की जो प्रशंसा की है, वह इसलिए कि संसार के सामने आज जो सबसे बड़ा सवाल पेश है, वह यह कि दुनिया की अनेक जातियों, अनेक वादों एवं विचारों तथा अनेक संस्कृतियों के बीच समन्वय स्थापित करके हम विश्व-संस्कृति का निर्माण कैसे कर सकते हैं। मिस्टर जोड ने भारत को इस योग्यता को विश्व-मानवता के लिए सबसे बड़ा वरदान कहा है। इसी प्रकार बीसवीं सदी के अद्भुत चिंतक एवं विश्व मानवता के अपूर्व उपासक स्वर्गीय रोम्यां रोलां ने लिखा है कि अगर इस धरती पर कोई ऐसी जगह है, जहां सभ्यता के आरंभिक दिनों से ही मनुष्यों के सारे सपने आश्रय व शरण पाते रहे हैं, तो वह जगह हिंदुस्तान है।

यूरोप के प्रसिद्ध विचारक नीत्शे ने ईश्वर की मृत्यु की घोषणा करके यह भी कहा कि ईश्वर की मृत्यु बड़ी घटना है। आदमी इस घटना की बराबरी तभी कर सकता है जब वह खुद ईश्वर बन जाए। इस जर्मन दार्शनिक के बाद फ्रेंच उपन्यासकार अलबेयर कामू ने कहा, नए आदमी का असली दर्द यह सवाल है कि ईश्वर को माने बिना वह संत हो सकता है या नहीं। भारत की परंपरा के पास इसका जवाब है। बुद्ध संत थे, मगर ईश्वर को स्वीकार नहीं करते थे। जैन-धर्म के अनुसार ईश्वरत्व मनुष्य के विकास की उच्चतम कल्पना का नाम है। महर्षि रमण ने भी बुद्ध की तरह कई बार कहा था कि ईश्वर देखने या जानने की वस्तु नहीं है। जानना तो केवल यह है कि मैं कौन हूं।

बौद्धधर्म का राजनीतिक महत्व सबसे अधिक उसके शांति-संबंधी निष्कर्ष में है। शांति का तात्पर्य अस्थिर राजनीति का संतुलन नहीं है, वह एक मानसिक अवस्था मात्र है, जो वैर की भावनाओं से रहित और उस निर्वैयक्तिक व सार्वजनिक प्रेम से परिपूर्ण है, जिसे बौद्ध परिभाषा में मैत्री कहते हैं। बौद्धधर्म मन में शांति का संचार करके उसका बाहर प्रसारण करना चाहता है। इस प्रकार उसका काम अंदर से शुरू होकर बाहर फैलता है। उसके पास मैत्री का ही सबसे बड़ा बल है, जो तटस्थ है और संपूर्ण विश्व को अपने में समेटे हुए है। अशोक की धर्म-विजय का सिद्धांत स्वीकार करने के पश्चात भारत के लिए यह स्वाभाविक था कि वह किसी शक्ति-गुट में सम्मिलित न हो, क्योंकि उसका किसी देश या समूह के प्रति विरोध-भाव नहीं है। भारत की तटस्थता की नीति वस्तुतः मैत्री को निर्वैयक्तिक, सार्वभौम एवं निरपेक्ष शक्ति की ही प्रतीक है, जो धीरे-धीरे विश्व में अपना प्रकाश फैला रही है।



भविष्यवाणी करना एक दुस्साहस का काम है, फिर भी यह सोचा जा सकता है कि भविष्य में बौद्धधर्म शताब्दियों तक संस्कृति एवं शांति के साथ हाथ मिलाकर चलेगा। जहां तक निकट भविष्य का संबंध है, उसका अधिक पुनरुज्जीवन एशिया के देशों तथा अन्य अबौद्ध देशों में होगा और उसके परिणामस्वरूप आगे चलकर विश्व में एक महान सांस्कृतिक नवजागरण होगा। आधुनिक विश्व का एक-तिहाई भाग बौद्ध है। यह बौद्धधर्म का कुछ कम बड़ा काम नहीं है। तिब्बत, मंचूरिया तथा मंगोलिया सहित चीन, कोरिया, जापान, हिंदचीन, स्यामः (थाईलैंड), वर्मा तथा श्रीलंका तमाम देश बौद्ध हैं। यद्यपि मलाया व इंडानेशिया बौद्ध देश नहीं माने जा सकते, फिर भी बौद्धों की संख्या वहां नगण्य नहीं है। मध्यपूर्व में मुस्लिम देशों तथा रूस को छोड़कर प्रायः संपूर्ण एशिया बौद्ध है।

यद्यपि बौद्धधर्म का उदय भारत में हुआ, किंतु आज वह यहां अधिक दृष्टिगोचर नहीं होता। इसका अर्थ यह नहीं कि भारत में बौद्धधर्म के मानने वाले बिल्कुल नहीं हैं। इस देश के पूर्वी भाग तथा असम में बौद्धधर्म आज भी विद्यमान है। राजपूताना के कुछ भागों तथा नैनीताल व दार्जिलिंग के जिलों में भी यह विद्यमान है। उड़ीसा में बौद्धों की संख्या काफी है और सिक्किम तथा भूटान तो पूर्णरूप से बौद्ध हैं ही। नेपाल यद्यपि राजनीतिक दृष्टि से भारत से अलग है, परंतु सांस्कृतिक दृष्टि से वह भारतीय संस्कृति की प्रभाव परिधि में ही है। नेपाल की आधी जनसंख्या बौद्धधर्म को माननेवाली है।


बौद्धधर्म के संदेश ने आधुनिक जगत में विशेष महत्व प्राप्त कर लिया है। संयुक्त राष्ट्र संघ जिस शांति की बात करता है, उससे यह सूचना मिलती है कि संपूर्ण विश्व आज उन विश्वासों की ओर लौट रहा है, जो बौद्धधर्म में मूर्तिमान हैं। आज दुनिया के तमाम लोग बुद्ध का आदर यह समझकर करते हैं कि वे मानवतावाद के प्राचीनतम प्रवर्तकों में से हैं। जो लोग यह मानते हैं कि जीवन के अंतिम सत्य को नहीं जाना जा सकता, वे भी बुद्ध की दुहाई देते हैं और जिनका यह विश्वास है कि अंतिम सत्य जैसी कोई चीज नहीं है, वे भी उन्हीं का नाम लेते हैं। सन् 1938 में मिस हार्नर नाम की एक लेखिका ने अपनी पुस्तक बुक ऑफ डिसिप्लिन में यह प्रमाणित किया था कि बौद्धधर्म के मौलिक रूप का अध्ययन अभी अपने बचपन में है। जितनी बातें संसार के सामने आ चुकी हैं, उन्हें देखते हुए यह अवश्य कहा जा सकता है कि संसार के सभी धार्मिक नेताओं में से एकमात्र बुद्ध ऐसे हैं, जिन्होंने अत्यंत प्राचीन काल में भी बुद्धिवाद पर मनुष्य की आस्था जमाने का प्रयास किया; मन को भरमाने वाली दार्शनिक कल्पनाओं को व्यर्थ ठहराया और ईश्वरविहीन धर्म की स्थापना करके मनुष्य को यह संदेश दिया कि जो बातें बुद्धि में नहीं आतीं, उन्हें मानने से इनकार करके भी हम धार्मिक बने रह सकते हैं। बुद्ध जैसे महान क्रांतिकारी को आज हम इसीलिए नमन कर सकते हैं।



**शैलेन्द्र प्रताप सिंह**
**(बुद्ध के बढ़ते कदम पुस्तक से साभार)**


बुद्ध हजारों वर्षों से सारी दुनिया के कला, साहित्य को प्रभावित करते रहे हैं। भविष्य में शांति और सद्भाव का कोई रास्ता अगर है तो वह बुद्ध के चिंतन से ही निकलेगा। साखी और प्रेमचंद साहित्य संस्थान द्वारा 'बुद्ध की धरती पर कविता' का तीसरा चरण कुशीनगर और लुम्बिनी के बाद 12-13 नवम्बर को गया में आयोजित किया जा रहा है, जिसमें अरुण कमल, आलोक धन्वा, ज्ञानेन्द्रपति के साथ ही अवधेश प्रधान और सदानन्द शाही भी मौजूद होंगे। देश भर के अन्य अनेक कवि भी इसमें हिस्सा लेंगे।

### आज जब विश्व में संवाद बार बार टूट रहा हो, बुद्ध का मार्ग विचारणीय और स्वीकार्य हो सकता है

# विद्रोही नहीं, संवाद पुरुष थे बुद्ध

**स्मरण**



**राधावल्लभ त्रिपाठी**


परस्पर विरोधी विचारों में सामंजस्य स्थापना बुद्ध की प्रवचन पद्धति की एक बड़ी विशेषता है। विविध विरुद्धों के बीच सामंजस्य के उद्घाटन करने के लिये उन्होंने तर्क और वाद और संवाद की एक अनोखी पद्धति अपनाई। उनका कहना था कि वे ऐसे सिद्धांतों का प्रतिपादन भी करते हैं, जो एकांशिक हैं ,तथा ऐसे सिद्धांतों का भी जो अनेकांशिक हैं आचार्य बी. के . मोतिलाल का मानना है कि बुद्ध की अनेकांशिक की अवधारणा ही आगे चल कर जैन दर्शन के प्रसिद्ध बहुलतावादी सिद्धांत अनेकांतवाद की पीठिका बनी। मज्झिमनिकाय में बुद्ध कहते हैं कि मैं एकांतवादी नहीं हूँ, मैं विभज्यवादी हूँ। विभज्यवाद के द्वारा बुद्ध ने विरुद्धों के बीच सामंजस्य की अनोखी पद्धति विकसित की । विभज्यवाद में किसी भी सिद्धांत को विविध कोटियों में विभाजित कर के उनकी आपेक्षिक सत्यता व आपेक्षिक असत्यता की जाँच की जाती है। वसुबंधु ने विभज्यवादी का लक्षण इस प्रकार बताया है - जो यह कहते हैं कि भूत, वर्तमान तथा भविष्य सभी का अस्तित्व है-वे सर्वास्तिवादी है। पर विभज्यवादी इनके होने न होने की परीक्षा करते हुए कहते हैं कि कुछ वस्तुओं का अस्तित्व है, जैसे कि वर्तमान कर्म तथा पूर्व का कर्म जिसका परिपाक नहीं हुआ - इनका अस्तित्व है। पर आगे संपादित किया जाने वाला कर्म तथा पूर्व का कर्म जो फल में परिणत हो कर निःशेष हो चुका है, इनका अस्तित्व नहीं है।

अपनी तर्कपद्धति के द्वारा बुद्ध ने समस्त दार्शनिक प्रश्नों की निम्नलिखित कोटियाँ स्वीकार कीं- एकांशव्याकरणीय (जिनकी पहचान सत्य या असत्य के रूप में की जा सके), विभज्यवादेन व्याकरणीय (जिनकी पहचान विभाजित करके परीक्षण के द्वारा संभव हो), प्रतिप्रश्नेन व्याकरणीय (जिनकी पहचान उठाये गये प्रश्न के ऊपर प्रतिप्रश्न करके की जा सके) तथा स्थापनीय (जिनके विषय में मौन रहना ही उचित हो अथवा जिन्हें तत्काल विचारणीय न माना जाये)।

ये सारी विचारपद्धतियाँ बुद्ध के मध्यमा प्रतिपद के सिद्धांत के अनुरूप है।

### सम्राज्ञी का नैवेद्य-दान

**अज्ञेय**



हे महाबुद्ध!/ मैं मंदिर में आई हूँ/ रीते हाथ :/ फूल मैं ला न सकी।
औरों का संग्रह/ तेरे योग्य न होता।/ जो मुझे सुनाती
जीवन के विह्वल सुख-क्षण का गीत–/खोलता रूप-जगत के द्वार जहाँ
तेरी करुणा/बुनती रहती है/ भव के सपनों, क्षण के आनंदों के
रहः सूत्र अविराम–/ उस भोली मुग्धा को/ कँपती/डाली से विलगा न सकी।
जो कली खिलेगी जहाँ, खिली,/ जो फूल जहाँ है,/जो भी सुख
जिस भी डाली पर/ हुआ पल्लवित, पुलकित,/ मैं उसे वहीं पर
अक्षत, अनाघ्रात, अस्पृष्ट, अनाविल,
हे महाबुद्ध!/ अर्पित करती हूँ तुझे।/ वहीं-वहीं प्रत्येक भरे प्याला जीवन का,
वहीं-वहीं नैवेद्य चढ़ा/ अपने सुंदर आनंद-निमिष का,/ तेरा हो,
हे विगतागत के, वर्तमान के, पद्मकोश! / हे महाबुद्ध!

मध्यमा प्रतिपद में किसी में सम्भाव्य दो ध्रुवदेवी या दो अतियों को छोड़ कर मध्यम मार्ग अपनाया जाता है। जैन दर्शन के अनेकांत में भी मध्यममार्ग अपनाया जाता है, पर उसमें दोनों अतियों को भी स्वीकार कर लिया जाता है तथा मध्यम मार्ग को भी । इस दृष्टि से मतिलाल कहते हैं कि बुद्ध का मध्यममार्ग निस्सारणात्मक मध्यम मार्ग है, जबकि कि अनेकांतवाद सर्वसमावेशी मध्यम मार्ग है। मतिलाल के अनुसार विभज्यवाद का ही विकास अनेकांतवाद के रूप में हुआ है ।

नागार्जुन ने बुद्ध की इस विभज्यवादी पद्धति को ही शून्यता के द्वारा समझाया । शून्यता सर्वदृष्टिप्रहण है- शून्यता सर्वदृष्टीनां प्रोक्तं निस्सरणं बुधैः। यह सर्वदृष्टिप्रहाण स्वतः संवाद की पीठिका रचता है। यदि एक दृष्टि को स्वीकार करके अन्य का निषेध किया जायेगा, तो संवाद टूटेगा। सभी दृष्टियां छूट जाती हैं, तो शून्यता या मौन बचता है। बुद्ध अपने अनुयायियों को इस मौन में ले जा कर भी संवाद करते रहे। अष्टसहसिकाप्रज्ञापारमिता में बुद्ध कहते हैं कि सत्य अपने भीतर आत्मसंवाद में पाया जा सकता है। विमलकीर्तिसुत्त में भी यही कहा गया कि बुद्ध अपने मौन में संवाद करते हैं।

विभज्यवाद के द्वारा बुद्ध किसी भी वस्तु या अवधारणा की विभिन्न कोटियों में परीक्षण करके उसको लेकर प्रश्न उठाने के लिये अपने शिष्यों को प्रोत्साहित करते थे। बुद्धत्वप्राप्ति के पूर्व अरियपर्यसना (आर्यपर्येषणा) अर्थात सत्य की खोज के उपक्रम में भी उन्होंने स्वयं विभिन्न ज्ञानियों दार्शनिकों से परामर्श करते हुए इसी पद्धति को अपनाया। जिन ज्ञानियों व चिंतकों से उन्होंने विविध अवधारणाओं पर इस दृष्टि से संवाद किया उनमें आलार कालाम तथा उद्दक रामपुत्त उल्लेखनीय हैं। इनके अतिरिक्त संजय कात्यायान, पुराण कश्यप, मखलि गोसाल तथा अजित केसकंबली भी बुद्ध के समकालीनों में महत्त्वपूर्ण दार्शनिक तथा तत्त्वान्वेषी थे । आजीवक संप्रदाय के प्रवर्तक आचार्य ककुद कच्चायन भी लगभग इसी समय पाँचवी शताब्दी ई. पू. में हुए।

बुद्ध अपने इन समकालीनों की विचारधाराओं का विभज्यवाद की सरणि पर परीक्षण करते हुए इनकी अतियों को अस्वीकार करते हैं पर उनमें से स्वीकार्य की व्याख्या करते है। वे बार बार कहते हैं जाति से ब्राह्मण नहीं होता कर्म से ब्राह्मण होता है। तब वे जातिवाद को अस्वीकार करते हैं, पर ब्राह्मणत्व को स्वीकार करते हैं। ये कर्मकांड तथा पुरोहितों के पाखंड की भर्त्सना करते हैं। मखलि गोसाल तथा ब्राह्मणवादी धर्म के त्रिवर्ग के सिद्धांतों का विरोध भी बुद्ध उनकी एकांशिकता के कारण करते हैं। अश्वघोष ने बुद्धचरित महाकाव्य में सिद्धार्थ की मगध के राजा बिंबसार से भेंट का वर्णन किया है। सिद्धार्थ से बहस करते हुए बिंबसार ने कहा था कि मनुष्य जीवन की पूर्णता पुरुषार्थ प्राप्ति में है। धर्म, अर्थ तथा काम इन तीन पुरुषार्थों की साधना के द्वारा मनुष्य अपने समग्र प्राप्य को प्राप्त कर लेता है। सिद्धार्थ का कहना था कि त्रिविध पुरुषार्थ से सधने पर भी मृत्यु का भय नहीं मिटता।

अपनी विभज्यवादी पद्धति के द्वारा बुद्ध उपनिषदों के तत्त्व चिंतन से संवाद करते हैं। वे वेदों के अपौरुषेयत्व को अस्वीकार करते हैं, पर वेद में निहित ज्ञान को अपने संदेश में अंतर्भावित करते हैं। बुद्ध विद्रोही नायक नहीं है वे अपने समय के एक बड़े संवाद पुरुष है। विद्रोही सब कुछ का नकार करता है, संवाद पुरुष अग्राह्य को अस्वीकार कर के ग्राह्य को स्वीकार करता है। ग्राह्याग्राह्य के विवेक के लिये विमर्श की जो प्रणाली बुद्ध और उनके अनुयायियों ने विकसित की उसका विवेचन कथा की अवधारणा के अंतर्गत किया गया।

कथा शब्द कथ कहना धातु से बना है। उसका अर्थ यहाँ कहानी नहीं, विमर्श या बातचीत है। कथा के भेदों में बुद्ध की परंपरा में पटिपुच्छा कहा (प्रतिपृच्छा कथा) तथा धम्मकहा (धर्मकथाएँ) दो विशेष माने गये । पटिपुच्छा कहा (प्रतिपृच्छा कथा) का अर्थ है प्रतिप्रश्न कर के बातचीत को आगे बढ़ाना। मज्झिमनिकाय के नंदकवादसुत्त में नंदन ने पटिपुच्छा कहा का स्वरूप समझाया है। अभिधम्मपिटक के अंतर्गत कथावत्थु नामक ग्रंथ में कथा का सोदाहरण विमर्श विस्तार से बताया गया है। यह ग्रंथ 255 ई.पू. के आसपास लिखा गया। इसमें बताये गये कथा के निम्नलिखित प्रकार बौद्धिक विमर्श में संवाद की वृहत्तर पीठिका बनाने के लिये महत्त्वपूर्ण है-- अनुयोग (जिज्ञासा या प्रश्न), उदाहरण, पटिंजा(प्रतिज्ञा - प्रस्ताववचन), उपनयन, निग्गम (निगमन), निग्गह(निग्रह) इनमें से प्रतिज्ञा, उदाहरण, उपनय तथा निगमन-ये चार तो न्यायदर्शन में भी अनुमानवाक्य के अंग के रूप में बताये जाते रहे हैं। बुद्ध के अनुयायियों ने इनको हर प्रकार के विमर्श के लिये उपादेय माना। बहस को आगे बढाने वाली विचारों की सीढ़ियाँ अवयव हैं। इनका विनियोग परार्थानुमान या अन्य व्यक्ति के लिये की जाने वाली अनुमानवाक्य की प्रस्तुति में होता है। प्रतिज्ञा, हेतु, उपनय, दृष्टांत और निगमन-ये पाँच अवयव है। अनुमान बताते समय कोई भी वक्ता या वादी अपनी बात इन पाँच खंडों में विभक्त करके ही अच्छी तरह कह सकता है। साध्य का कथन प्रतिज्ञा है। इस प्रतिज्ञा की सिद्धि के लिये जो उदाहरण हम दे सकते हैं, उनके सामान्य धर्म हेतु कहे जायेंगे। इस हेतु के कथन के साथ प्रतिज्ञा को दोहरा कर उदाहरण की संगति बिठाना उपनय है। हेतु और उपनय दोनों के लिये साध्य के साधर्म्य तथा साध्य के वैद्य से उदाहरण देना दृष्टांत है। निगमन निष्कर्ष है।

न्यायसूत्र के अनुसार वाद कथा का एक अंग है। विभिन्न दृष्टिकोणों के साथ एक से अधिक वक्ताओं में होने वाले संवाद, वाद, और विवाद कथा है। गौतम ने कथा के तीन प्रकार बताये वाद, जल्प और वितंडा । प्रमाण और तर्क के साधन से अपने सिद्धांत के समर्थन में उक्त पाँचों अवयवों का प्रयोग करते हुए पक्ष और प्रतिपक्ष का विचार वाद है। इसी वाद में छल, जाति और निग्रहस्थान का आश्रय ले कर स्वपक्ष की स्थापना करते हुए परपक्ष का खंडन किया जाये, तो वह जो प्रणाली बुद्ध और उनके अनुयायियों ने विकसित की, जल्प हो जाता है। यही जल्प केवल प्रतिपक्ष का खंडन मात्र करते हुए किया जाये ,स्वपन की स्थापना कहीं भी न हो,तो वितंडा हो जाता है। इस प्रकार वाद को गौतम ने संवाद के अर्थ में लिया है । किसी भी शास्त्रीय विषय पर गुरु तथा शिष्य के बीच या दो मित्रों के बीच चर्चा वाद है। यहाँ मतभेद हो सकते हैं, पर ये सहमति तक पहुँचने के लिये व्यक्त किये जाते हैं। जल्प परस्पर विरोधी दो प्रस्थानों को मानने वालों के बीच होने वाली बहस है इसमें दोनों पक्ष एक घमासान में गुत्थमगुत्था हो जाते हैं, विवाद का स्तर ऐसा होने लगता है कि दो सेनायें संग्रामभूमि में एक दूसरे से टक्कर ले रही हो। वितंडा छीछालेदर है। इसमें सारे मतों की धज्जियाँ उड़ाता चला जाता है, ऊपरी तौर पर यह अपना सिद्धांत प्रकट नहीं करता।

बुद्ध प्रत्येक वाद की परिणति सहज संवाद में देखना चाहते थे । जो वाद विवाद बन और रह जाए वह उन्हें स्वीकार नहीं है। न्याय दर्शन के सूत्रकार गौतम की दृष्टि में यही वाद स्वीकार्य है जिसमें संवाद रचा जा सके । वे ज्ञानियों के साथ संवाद को अपवर्ग या मोक्ष का साधन मानते हैं । फिर भी विशुद्ध तार्किकों या नैयायिकों तथा बुद्ध के परिप्रेक्ष्य में अंतर है। न्याय दर्शन धर्म की रक्षा के लिए जल्प, वितंडा, छल ,जाति, निग्रह स्थान के प्रयोग को भी मान्य कर देता है । बुद्ध की संवाद शैली में इनके लिए अवकाश नहीं है। बुद्ध वाद या विवाद के नहीं, संवाद के पक्षधर हैं। न्याय दर्शन में वाद की प्रणालियों पर गहन चिंतन किया गया, वाद या बहस की सूक्ष्मातिसूक्ष्म कोटियाँ व पद्धतियाँ विकसित की गईं। बुद्ध ने ऐसी पद्धतियों को कलह तथा विवाद बताकर उन्हें त्याज्य माना । संवाद मनुष्य के व्यवहार का सकारात्मक पक्ष है , विवाद नकारात्मक। सुत्त निपात के कलहविवादसुत्त में बुद्ध इस प्रश्न की विभज्यवादी व्याख्या करते हैं कि कलह , विवाद, विलाप, शोक, मात्सर्य , मान , अभिमान तथा पैशुन्य( चुगली) - ये विकार मनुष्य के भीतर क्यों और कैसे जन्म लेते हैं। अपनी कार्य कारण वादी तार्किक पद्धति से विश्लेषण करते हुए बुद्ध बताते है कि प्रिय वस्तुओं में आसक्ति इच्छा से उत्पन्न होती है, इसी से क्रोध, असत्य व शंका का जन्म होता है। कार्यकारण की श्रृंखला की गवेषणा करते हुए प्रिय अप्रिय भाव का मूल स्पर्श में, स्पर्श का नाम और रूप में बताते हुए नाम और रूप के निरोध की पद्धति समझाते हैं।

बुद्ध का कहना कि इन सभी विकारों का मूल आसक्ति है। चूलव्यूहसुत्त में बुद्ध प्रश्न उठाते हैं कि मनुष्य विवादों को जन्म क्यों देना चाहता है ?इस प्रश्न के समाधान में उनका यही कहना है कि जो लोग मध्यम मार्ग नहीं अपना पाते, तथा विभज्यवाद की पद्धति से ग्राह्याग्राह्य की विवेचना नहीं कर पाते वे किसी एक मत या आग्रह में अटक कर रह जाते हैं। तब वे घोषणा करने लगते हैं कि केवल उन्हीं का मत स्वीकार्य है। बुद्ध ने निरर्थक विवादों के द्वारा लोकप्रियता पाने, अपनी छवि बनाने की प्रवृत्ति की इस सुत्त में तीव्र भर्त्सना की है। स्तुति और निंदा इसी एक प्रवृत्ति के दो चेहरे हैं। अपने मत की प्रशंसा तथा परमत की निंदा करते हुए वादी संवाद तोड़ देता है।

बुद्धचर्या के मंगादियसुत्तंत में बुद्ध भिक्षुओं को विवाद में न पड़ने की सलाह देते हैं। अल्पज्ञानी तथा नासमझ विवाद पैदा करते हैं और विवाद के फेर में पड़ते हैं। जिसकी प्रज्ञा प्रतिष्ठित है, वह विवाद में नहीं पड़ता। भीड़ के बीच प्रशंसा पाने के लिये कुछ पंडितम्मन्य मंच पर विवाद करते हैं। वे अपने प्रतिद्वंद्वी पर हिंसक भाव से प्रश्न व शंका के बाण छोड़ते हैं और उसे ध्वस्त कर के प्रसन्न होते हैं, अथवा उससे तर्कों के सामने पराजित होने पर अपना मुँह छिपाते फिरते हैं। विवाद में मनुष्य आक्रमण करता है और या तो विजयी होता है या पराजित । विजयी होने पर उसमें अहंकार जन्म लेता है, जो अंततः उसके पतन का कारण बनता है। वस्तुतः तो अहंभाव ही विवाद में कूदने के लिये उसे प्रेरित करता है। इसलिये अहंकार से रहित ज्ञानी विवाद में सम्मिलित नहीं होता ।

### आम्रपाली

**अनामिका**



था आम्रपाली का घर/ मेरी ननिहाल के उत्तर
आज भी हर पूनो की रात/ खाली कटोरा लिए हाथ
गुजरती है वैशाली के खंडहरों से/ बौद्धभिक्षुणी आम्रपाली
अगल-बगल नहीं देखती,/ चलती है सीधी-/मानो खुद से बातें करती–
शरदकाल में जैसे/ (कमंडल-वमंडल बनाने की खातिर)
पकने को छोड़ दी जाती है/ लतर में ही लौकी–
पक रही है मेरी हर मांसपेशी,/ खदर-बदर है मेरे भीतर का
हहाता हुआ सत!/सूखती-टटाती हुई/ हड्डियाँ मेरी
मरे कबूतर जैसी/ इधर-उधर फेंकी हुई मुझमें।
सोचती हूँ–क्या वो मैं ही थी-
नगरवधू-बज्जिसंघ के बाहर के लोग भी

बुद्ध ने विवाद या निरर्थक बहस करने का निषेध किया था, उनके अनुयायियों ने वाद को धम्मदेसना या धर्मोपदेश के लिये आवश्यक माना। उपायहृदय, जो भ्रांतिवश नागार्जुन का लिखा बताया जाता है, में बाद के स्वरूप व उपादेयता पर विस्तृत विचार किया गया। उपायहृदयकार यह भी कहते हैं कि वाद से केवल कटुता और कलह जन्म लेते हैं-यह मानना उचित नहीं है।

मिलिंद और नागसेन के बीच हुए संवाद के आरंभ में ही वादी व प्रतिवादी संवाद की प्रणाली का निर्णय करते हैं, जो इस प्रकार होता है-

भंते नागसेन, क्या आप मेरे साथ संलाप (संवाद) करेंगें?

महाराज ! यदि आप मेरे साथ पंडितवाद के रूप में संलाप करेंगे, तो मैं संलाप करूँगा, यदि राजवाद के रूप में संलाप करेंगे, तो मैं संलाप नहीं करूँगा।


भंते नागसेन ! पंडितों में संलाप कैसे होता है?

महाराज! पंडितों के संलाप में आवेष्टन (तर्कों से लपेटना) भी होता है, निर्वेष्टन (तर्कों की लपेट खोलना) भी, निग्रह ( प्रतिवादी को गिरफ्त में लेना) भी होता है, परिकर्म (गिरफ्त खोलना) भी किया जाता है, स्थापना भी की जाती है और खंडन भी। पर उससे पंडित जन क्रोध नहीं करते। हे महाराज, पंडितों में तो संलाप इस तरह होता है।

भंते! और राजा का संलाप कैसे होता है?

महाराज! राजा के संलाप में राजा एक ही बात कहता है, यदि (प्रतिवादी) राजा की बात का खंडन कर दे, तो राजा तत्काल उसके लिये दंड की आज्ञा दे देते हैं- इसे दंड दिया जाये। हे महाराज, राजा का संलाप ऐसा होता है।

यह सुन कर राजा मिलंद ने कहा कि मैं आपके साथ पंडितों का संलाप ही करूँगा। राजा का संलाप नहीं ।



बुद्ध और उनके धम्म में विद्रोह के लिये स्थान नहीं है। विद्रोह शब्द द्रोह में वि उपसर्ग लगा कर बना है। बुद्ध कलह, विवाद का विरोध करते हैं, क्यों कि उनमें व्यक्तिगत मात्सर्य, द्वेष और छल किसी भी वादी को दुर्विनियोजन के लिये प्रेरित करते हैं। संघभेद और संघ के भीतर विद्रोह को ले कर बुद्ध के द्वारा दिये गये संकेत तथा उनके अनुयायों के द्वारा की गई उसकी व्याख्या से यह बात और भी स्पष्ट हो जाती है।

संभवतः बुद्ध अपने जीवन के अंतिम सोपान पर पहुँच कर यह समझ रहे थे कि आगे चल कर संघभेद होगा, ऐसे भी भिक्षु होंगे, तो संघ की व्यवस्था पर प्रश्न और प्रतिप्रश्न तो उठायेंगें ही, वे उससे विद्रोह करेंगें। बुध के द्वारा संवाद की विलक्षण प्रणाली- विभज्यवाद - को अपना कर उनके सच्चे अनुयायियों ने संघभेद तथा संघ में विद्रोह की भी मीमांसा की।

बुद्ध के महापरिनिर्वाण के पश्चात उनके अनुयायी उनके वचनों की व्याख्या के लिये बार बार संगीतियों का आयोजन करते रहे। इन संगीतियों में कटु विवाद भी हुए, और संघभेद भी हुआ।

यदि जिज्ञासा के भाव की अपेक्षा विवाद के भाव से प्रश्न उठाये जायें, तो कलह और कटुता उत्पन्न होती है । बुद्ध यह देख रहे थे कि संघ में ही ऐसे भिक्षु हैं, जो प्रश्न करने के नाम पर अपने अहं का प्रदर्शन करते हैं। कथावत्थु में महादेव नामक भिक्षु का प्रसंग है। महादेव ने अर्हत या बुद्ध के वचनों को प्रमाण मानने का विरोध करते हुए कहा कि अर्हत स्वयं तृष्णा, अज्ञान, और शंका से अभिभूत हो सकते हैं, अतः उनके वचन अप्रामाणिक हैं। बुद्ध ने अपने अनुयायियों को चेतावनी देते हुए कहा कि इस तरह के विवादों से संघभेद हो सकता है। मिलिंदपन्हों की रचना के समय तक संघभेद के परिणाम भी दिखाई देने लग गये थे। इसलिये भिक्खु नागसेन मिलिंदपन्हों में कहते हैं–संघभेद उपासकों, सामनेरों, भिक्खुणियों के कारण नहीं होता। यह संघ के ही अपने भिक्खुओं के कारण होता है। एक ही विहार में तथा एक ही समाज में रह कर वे संघभेद कर देते हैं। विनयपिटक के चुल्लवग्ग में उपालि प्रश्न करते हैं कि संघभेद कैसे होता है, जिसके उत्तर में बुद्ध संघभेद के 18 कारण बताते हैं- भिक्खु धर्म को अधर्म बताने लग जायें, अवज्ञा को आज्ञा बताने लग जायें, तथागत ने जो नहीं कहा वह उनके द्वारा कथिक बताने लग जायें, तथागत ने जो नहीं किया, उसे उनका किया कहने लग जायें, जो सिद्धांत तथागत के नहीं हैं, उन्हें तथागत का बताने लग जायें-इत्यादि । अंगुत्तरनिकाय के संघ भेद प्रकरण में भी ये कारण निरूपित हैं। अपना एक अलग समूह बना कर अपने पृथक आचार निर्धारित करें, तो चक्रभेद है, चक्रभेद संघभेद का जनक है। कितनी संख्या में भिक्षुओं के होने पर चक्रभेद या संघभेद माना जायेगा- इस पर भी त्रिपिटकों में विचार किया गया।

संघभेद की आशंकाओं के चलते ही बुद्ध ने जो व्यवस्था व निर्मिति कीं, उनमें असहमति व्यक्त करने तथा अपनी बात कहने के लिये गुंजाइश रखी गई थी। अहमतियाँ व विरोध हो सकते हैं, पर संवाद नहीं टूटना चाहिये। इसी लिये बुद्ध के महापरिनिर्वाण के 137 साल बाद पाटलिपुत्र में जो भिक्षुओं की संगीति हुई, उसमें विरोध और असहमतियाँ खुल कर सामने आ गये। वाद संवाद में परिणत नहीं होता दिखा, तो महापद्मनंद से अनुरोध किया गया कि वे संगीति की अध्यक्षता करें तथा संघभेद का समाधान करा दें। फिर भी पहला संघभेद इसी संगीति में हुआ, वैशाली के भिक्षुओं ने थेरों (स्थविरों) के आधिपत्य को स्वीकार नहीं किया और उन्होने अपना महासंघ के नाम संघ अलग बना लिये, इसके अनुयायी महासांघिक कहलाये। पर अन्य संगीतियों में विरोध व असहमतियों के रहते हुए भी रहा। इस दृष्टि से 250 ई.पू. में पाटलिपुत्र में ही आयोजित तीसरी संगीति महत्त्वपूर्ण है, जो राजा अशोक के द्वारा आमंत्रित की गई। इसमें लगभग एक हजार भिक्खु सम्मिलित थे। वाद और विवाद भी इसमें खूब हुआ विवाद के विषय थेरवादियों या हीनयानमतानुयायियों तथा महायानियों के सैद्धांतिक मतभेदों पर आधारित थे।( इन वाद विवादों को कथावत्थु में संगृहीत किया गया। बुद्ध ने जो संवाद प्रणाली विकसित की, उसमें विभज्यवादी मीमांसा के साथ किसी विमर्श के निहितार्थ तथा नेयार्थ पर विचार करना आवश्यक था। इन संगीतियों में इस संवादप्रणाली को अपनाया गया। विभज्यवादी प्रणाली के द्वारा नेयार्थ को त्याग कर निहितार्थ तक पहुँच सकते हैं। थेरवाद, महायान अथवा सौत्रांतिक, वैभाषिक, योगाचार, माध्यमिक या शून्यवादी जैसे दर्शनप्रस्थानों में भी बुद्धवचनों के निहितार्थ को नहीं त्यागा गया, अतः मतभेद होते हुए भी इनमें आंतरिक संगति बनी रही।

बुद्ध अपनी संवादप्रणाली में आत्मसंवाद से लगा कर वैदिकसंवाद तक की यात्रा करते हैं, वे संवाद के नैरंतर्य बनाये रखते हैं। आज जब विश्व में संवाद बार बार टूट रहा हो, बुद्ध का संवादमार्ग विचार्य और अंगीकार्य हो जाता है।

**( लेख संस्कृत साहित्य और प्राच्य विद्याओं के अप्रतिम विद्वान हैं)**

# बुद्ध ने कहा था, तुम अपने भीतर खोजो

**प्रसंगवश**



**विवेकानंद**

बुद्ध ध्वंस करने नहीं आये थे, वरन् वे हिन्दू धर्म को निष्पति थे, उसकी तार्किक परिणति और उसके युक्तिसंगत विकास थे। मै गौतम बुद्ध के समान नैतिकतायुक्त लोग देखना चाहता हूँ। वे सगुण ईश्वर अथवा व्यक्तिगत आत्मा में विश्वास नहीं करते थे, उस विषय में पूर्ण अज्ञेयवादी थे, किन्तु सबके लिए अपने प्राण तक देने को प्रस्तुत थे, उपकार करने में रत रहते तथा सदैव इसी चिन्ता में मग्न रहते थे कि दूसरों का उपकार किस प्रकार हो। उन्होंने बहुजनहिताय बहुजनसुखाय जन्म ग्रहण किया था। वे अपनी निजी मुक्ति के लिए वन में तप करने नहीं गये बल्कि इस मंतव्य से गये कि दुनिया जली जा रही है - और इसे बचाने का कोई उपाय खोज निकालना चाहिए। उनके समस्त जीवन में यही एक चिन्ता थी कि जगत में इतना दुःख क्यों है?

बुद्ध एक महा वेदान्ती थे, क्योंकि बौद्ध धर्म वास्तव में वेदान्त की शाखा मात्र है और शंकर को भी लोग प्रच्छन्न बौद्ध कहते हैं। बुद्ध ने विश्लेषण किया था शंकर ने उन सबका संश्लेषण किया है। बुद्ध ने कभी भी वेद या जाति-भेद अथवा पुरोहित किंवा सामाजिक प्रथा किसी के सामने माथा नहीं नवाया। जहाँ तक तर्क-विचार चल सकता है, वहाँ तक निर्भीकता के साथ उन्होंने तर्क-विचार किया है। इस प्रकार का निर्भीक सत्यानुसन्धान, प्राणिमात्र के प्रति इस प्रकार का प्रेम संसार किसीने कभी नहीं देखा।

बुद्धदेव के जन्म के पूर्व इस देश में क्या था? तालपत्र की पोथियों में कुछ धर्म-तत्त्व था, सो भी बिरले ही मनुष्य उसको जानते थे। लोग इसको कैसे व्यावहारिक जीवन में चरितार्थ करें, यह बुद्धदेव ने ही सिखलाया।वे ही वास्तव में वेदान्त के स्फूर्ति देवता थे।भगवान् बुद्ध ने धर्म के प्रायः सभी पक्षों को कुछ समय के लिए दूर रखकर केवल दुःखों से पीड़ित संसार की सहायता करने के महान कार्य को प्रधानता दी थी। परन्तु फिर महान सत्य का अनुभव करने के निमित्त आत्मानुसन्धान में उन्हें भी अनेक वर्ष बिताने पड़े थे। भगवान् बुद्ध से अधिक निःस्वार्थ तथा अथक कर्मी हमारी उच्च से उच्च कल्पना के भी परे है।

गौतम बुद्ध के महान सन्देश को सुनो। अनायास ही उनकी महान वाणी हृदय में घर कर लेती है। बुद्ध ने कहा है, अपनी स्वार्थपूर्ण भावनाओं का उन्मूलन कर दो, स्वार्थपरता की ओर ले जाने वाली सारी बातें नष्ट कर दो, सांसारिक प्रपंचों से दूर रहो और सम्पूर्णतया स्वार्थ शून्य बनो। संसारी व्यक्ति मन ही मन निःस्वार्थ बनने का संकल्प करता रहता है, किन्तु पत्नी-मुख अवलोकन करते ही उसका हृदय स्वार्थ से भर जाता है। माँ स्वार्थशून्य बनने की इच्छा करती है, पर पुत्र का मुखावलोकन करते ही उसके ये भाव लुप्त हो जाते हैं। सबकी यही दशा है। ज्योंही हृदय में स्वार्थपूर्ण कामनाओं का उदय होता है, सम्पूर्ण मनुष्य, सच्चा मनुष्य लुप्त हो जाता है, पशु बन जाता है, वासनाओं का क्रीतदास बन जाता है। उसे विस्मरण हो जाता है अपने बान्धवों का, फिर वह कभी नहीं कहता, पहले, आप और बाद में मैं। उसके मुँह से निकलने लगता है, पहले मैं और मेरे बाद सब अपना अपना प्रबन्ध कर लो। एकमात्र बुद्ध ही एक ऐसे पैगम्बर थे, जो कहते थे, मैं ईश्वर के बारे में तुम्हारे मत-मतान्तरों को जानने की परवाह नहीं करता। आत्मा के बारे में विभिन्न सूक्ष्म मतो पर बहस करने से क्या लाभ? भला करो और भले बनो। बस, यही तुम्हें निर्वाण की ओर अथवा जो भी कुछ सत्य है, उसकी ओर ले जायगा। उन्होंने सर्वप्रथम साहसपूर्वक कहा था, चूंकि कुछ प्राचीन हस्तलिखित पोथियाँ प्रमाण के लिए प्रस्तुत की जाती हैं, केवल इसीलिए किसी बात पर विश्वास मत कर लो; उस बात को इसलिए भी न मान लो कि वह तुम्हारा जातीय विश्वास है अथवा बचपन से ही तुम्हें उस पर विश्वास कराया गया है। तुम स्वयं उस पर विचार करो तभी उस पर विश्वास करो, उसके अनुसार अपना जीवन बिताओ तथा दूसरों को भी उसके अनुसार चलने में सहायता पहुँचाओ।

अन्य कई महापुरुष थे, जो अपने को ईश्वर का अवतार कहते थे और विश्वास दिलाते थे कि जो उनमें श्रद्धा रखेंगे, वे स्वर्ग प्राप्त कर सकेंगे। पर बुद्ध के अधरों पर अन्तिम क्षण तक ये ही शब्द थे, अपनी उन्नति अपने ही प्रयत्न से होगी। अन्य कोई इसमें तुम्हारा सहायक नहीं हो सकता। स्वयं अपनी मुक्ति प्राप्त करो। अपने सम्बन्ध में भगवान् बुद्ध कहा करते थे, बुद्ध शब्द का अर्थ है - आकाश के समान अनन्त ज्ञानसम्पन्न; मुझ गौतम को यह अवस्था प्राप्त हो गयी है। तुम भी यदि प्राणप्रण से प्रयत्न करो, तो उस स्थिति को प्राप्त कर सकते हो। बुद्ध ने अपनी सब कामनाओं पर जय पा ली थी। उन्हें स्वर्ग जाने की कोई लालसा न थी और न ऐश्वर्य की ही कोई कामना थी। अपने राज-पाट और सब प्रकार के सुखों को तिलांजलि दे, इस राजकुमार ने अपना सिन्धु-सा विशाल हृदय लेकर सबके कल्याण हेतु, भ्रमण कर भिक्षावृत्ति से जीवन-निर्वाह करते हुए अपने उपदेशों का प्रचार किया। जगत में वे ही एकमात्र ऐसे हैं, ओ यज्ञों में पशुबलि-निवारण हेतु, किसी प्राणी के जीवन की रक्षा के लिए अपना जीवन भी निछावर करने को तत्पर रहते थे। एक बार उन्होंने एक राजा से कहा, यदि किसी निरीह पशु के होम करने से तुम्हें स्वर्ग प्राप्ति हो सकती है, तो मनुष्य के होम से और किसी उच्च फल की प्राप्ति होगी। राजन्, उस पशु के पाश काटकर मेरी आहुति दे दो शायद तुम्हारा अधिक कल्याण हो सके। राजा स्तब्ध हो गया!

ईश्वर में विश्वास रखने से अनेक व्यक्तियों का मार्ग सुगम हो जाता है। किन्तु बुद्ध का चरित्र बताता है कि एक ऐसा व्यक्ति भी, जो नास्तिक है जिसका किसी दर्शन में विश्वास नहीं, जो न किसी सम्प्रदाय को मानता है और न किसी मन्दिर मसजिद में ही जाता है, जो घोर जड़वादी है, परमोच्च अवस्था प्राप्त कर सकता है। बुद्ध के कार्यकलापों का मूल्यांकन करने का हमें कोई अधिकार नहीं। उनके विशाल हृदय का सहस्त्रांश पाकर मैं स्वयं को धन्य मानता। बुद्ध की आस्तिकता या नास्तिकता से मुझे कोई मतलब नहीं। उन्हें भी वह पूर्णावस्था प्राप्त हो गयी थी, जो अन्य जन भक्ति, ज्ञान या योग के मार्ग से प्राप्त करते हैं। बुद्धदेव ने बोधिवृक्ष के नीचे बैठकर दृढ़ स्वर से जो बात कही थी, उसे जो अपने रोम रोम से बोल सकता है, वही वास्तविक धार्मिक होने योग्य है । संसारी होने की इच्छा उनके भी हृदय में एक बार उत्पन्न हुई थी। इधर वे

### मैं जिस धरती पर चलता हूँ

**सदानंद शाही**

मैं जिस धरती पर चलता हूँ/उस पर बुद्ध के कदमों की छाप है
जब-तब लगता है/ अभी-अभी/ यहीं कहीं से गुजरे हैं बुद्ध
जब भी चलता हूँ/ मेरे साथ-साथ चलते हैं बुद्ध!

स्पष्ट रूप से देख रहे थे कि उनकी यह अवस्था एकदम व्यर्थ है; पर इसके बाहर जाने का उन्हें कोई मार्ग नहीं मिल रहा था। उस महावीर ने अपने अतुल पराक्रम से काम को परास्त कर दिया। उन्होंने कहा, अज्ञानपूर्वक केवल खा-पीकर जीने की अपेक्षा मरना ही अच्छा है; पराजित होकर जीने की अपेक्षा युद्धक्षेत्र में मरना श्रेयस्कर है। बुद्ध ने मानव जाति में नैतिकता का प्रचार किया। जहाँ कहीं तुम किस प्रकार का नीतिविधान पाओगे, वहीं देखोगे कि उनका प्रभाव, उनका प्रकाश जगमगा रहा है। बुद्ध एक वेदान्तवादी संन्यासी थे। उन्होंने एक नये सम्प्रदाय की स्थापना की थी। बौद्ध धर्म का सामाजिक भाव ही उसकी नवीनता है। बुद्धदेव अन्य सभी धमार्चार्यों की अपेक्षा अधिक साहसी और निष्कपट थे। वे कह गये हैं, किसी शास्त्र में विश्वास मत करो। वेद मिथ्या हैं। यदि मेरी उपलब्धि के साथ वेद मिलते-जुलते हैं, तो वह वेदों का ही सौभाग्य है। मैं ही सर्वश्रेष्ठ शास्त्र हूँ, यज्ञयाग और प्रार्थना व्यर्थ है। बुद्धदेव पहले मानव हैं जिन्होंने संसार को ही सर्वांगसम्पन्न नीतिविज्ञान की शिक्षा दी थी। वे शुभ के लिए ही शुभ करते थे, प्रेम के लिए ही प्रेम करते थे। जो धर्म उपनिषदों में केवल एक जातिविशेष के लिए आबद्ध था, उसका द्वार गौतम बुद्ध ने सबके लिए खोल दिया और सरल लोकभाषा मैं उसे सबके लिए सुलभ कर दिया। उनका श्रेष्ठत्व उनके निर्वाण के सिद्धान्त में नहीं, अपितु उनकी अतुलनीय सहानुभूति में है। समाधि प्रभृति बौद्ध धर्म के वे श्रेष्ठ अंग, जिनके कारण उक्त धर्म को महत्ता प्राप्त है, प्रायः सबके सब वेदों में पाये जाते हैं; वहाँ यदि अभाव है, तो वह है बुद्धदेव की बुद्धि तथा उनका हृदय, जिनकी बराबरी जगत के इतिहास में आज तक कोई नहीं कर सका।

**( अलग- अलग अवसरों पर की गयी विवेकानन्द की टिप्पणियों को एक साथ रखकर यह संपादित अंश यहां प्रस्तुत है)**

# नदी में तलाश लखनऊ में बरामद

**सुसाइड की फर्जी कहानी**

### लखनऊ में मिली सफलता

### नदी किनारे मिले सुसाइड नोट के बाद नदी में किया जा रहा था तलाश


लापता लड़की के बरामद होने की जानकारी देते एसपी

**मीरजापुर।** जिले के कछवा थाना क्षेत्र के विदापुर निवासिनी किशोरी के 1 अक्टुबर को छोड़ा गया सुसाइड नोट फर्जी निकला। लापता किशोरी को पुलिस ने लखनऊ से सकुशल बरामद किया है। तीन युवकों पर दुष्कर्म के आरोप और सुसाइड नोट पुलिस के लिए सिरदर्द बन गया था। गंगा नदी पर छोड़ा गया सुसाइड नोट फर्जी और मनगढंत पाया गया। पुलिस ने दुष्कर्म के तीन आरोपियों में से एक आरोपी को जेल भेज दिया था।

गठित एसआईटी के सहयोग से पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्र ने फर्जी सुसाइड नोट का शुक्रवार को पुलिस लाइन में खुलासा किया। कछवां थाना क्षेत्र के गंगा नदी पर बने भटौली पुल पर 1 अक्टूबर 2022 को दुष्कर्म का आरोप लगाकर नदी में कुदकर जान देने की बात सामने आया था। सुसाइड लेटर छोड़ कर किशोरी लापता हो गयी थी। लड़की की तलाश में परिजनों ने खोज करने के साथ ही पुलिस को अवगत कराया गया। सुसाइड नोट का एक भाग घर के कमरे में तो दूसरा नदी किनारे मिला था। सुसाइड लेटर में लिखा था कि "मुझे माफ करना अब मैं जीना नही चाहती हूँ। इस लिए सुसाइड करने जा रही हूँ। मुझे पता है कि मेरी वजह से आप लोगों को बड़ी तकलीफ हुई लेकिन अब नही चाहती हूँ कि कोई तकलीफ हो.. बरैनी पुल पर कुछ छोड़ दूंगी ले लेना। परिजन जब पुलिस को लेकर बरैनी पुल पर पहुचे तो वहां लड़की का समान, कपड़े और सुसाइड लेटर मिला था। जिसमें लिखा था कि मुझे न्याय चाहिए। मेरे साथ गलत हुआ है कुछ लड़कों ने किया है। उसका नाम आशीष है। पुलिस वालों ने 4 दिन रख कर उसे छोड़ दिया है। ऐसा क्यो किया। पत्र जिसे मिले वह पुलिस को दे दे। पुलिस ने लड़की को बरैनी पुल के पास फ्लड टीम द्वारा लगातार गंगा में खोज किया। एसपी ने शव न मिलने पर एसआईटी का गठन किया था। एसपी सिटी के नेतृत्व में गठित टीम ने सर्विलांस की मदद और गहन जांच के बाद पुलिस को सफलता मिली, जिन्हे परिजन मृतक मान रहे थे उसे लखनऊ से सकुशल बरामद किया गया। किशोरी को सकुशल बरामद करने के बाद एसपी ने कहा कि अभी जांच जारी है। मामले की तह तक जाकर साजिश का पदार्फाश किया जायेगा। पीड़ित लड़की के परिजनों के मुताबिक 25 जून को गांव के ही युवक आशीष यादव शादी का झांसा दे कर चुनार किला घुमाने के बहाने ले जा कर दुष्कर्म करने का आरोप है। दो दिनों तक चुनार में रखने के बाद चुनार से लड़की को ट्रेन में बैठा दिया गया। जिसे पुलिस और परिजनों ने कानपुर से बरामद किया था। इसके बाद 2 जुलाई 2022 को पीड़ित लड़की की तहरीर पर कछवां थाने में दुष्कर्म करने और पास्को एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। जिसमें मुख्य आरोपी आशीष यादव और उसके साथी को पुलिस ने पकड़ा। परिजनों का आरोप है कि 4 दिनों तक थाने में रखने के बाद पुलिस ने दोनों को छोड़ दिया।

## रंगदारी मामले में बाहुबली विजय मिश्र दोषमुक्त

**मीरजापुर।** विंध्याचल के एक तीर्थ पुरोहित से रंगदारी मांगने के आरोप से बाहुबली पूर्व विधायक विजय मिश्रा को शुक्रवार को प्रथम अपर चीफ ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट न्यायालय ने दोष मुक्त किया। कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शुक्रवार को उन्हें आगरा जेल से लाकर कोर्ट में पेश किया गया था। फैसला आने के बाद उन्हें फिर आगरा ले जाया गया। करीब दो वर्ष पूर्व विंध्याचल के पंडा अवनीश मिश्रा ने विजय मिश्रा पर रंगदारी मांगने का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया था। जिस पर तारीख पर बाहुबली विजय मिश्रा के आने के चलते कोर्ट परिसर को पुलिस छावनी में तब्दील कर दिया था। सुरक्षा व्यवस्था के बीच बाहुबली विजय मिश्रा को आगरा जेल के लेकर पुलिस रवाना हो गई। विंध्याचल निवासी पंडा अवनीश मिश्र ने वर्ष 2020 में भदोही निवासी बाहुबली विधायक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराते हुए रंगदारी मांगने का आरोप लगाया था। इस मामले में जिला न्यायालय में मुकदमा चल रहा था। आज मुकदमें की सुनवाई करते हुए प्रथम अपर चीफ ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट ने साक्ष्यों के अभाव में दोषमुक्त कर दिया।

# आयुक्त व डीएम ने विन्ध्य कॉरिडोर का संयुक्त रूप से किया निरीक्षण

**फटकार**

### ठेकेदार के द्वारा लापरवाही बरतने पर लगायी फटकार

### मजदूरों की संख्या बढ़ाते हुये शिफ्टवार कार्य कराने का दिया निर्देश


कॉरिडोर का निरीक्षण करते आयुक्त व डीएम

**मीरजापुर।** मण्डलायुक्त विन्ध्याचल मण्डल योगेश्वर राम मिश्र व जिलाधिकारी दिव्या मित्तल ने विन्ध्याचल में निर्माणाधीन विन्ध्य कारीडोर कार्य प्रगति का भ्रमण कर निरीक्षण किया गया। निर्माण कार्य की धीमी प्रगति पर मुख्य कंट्रैक्टर के मैनेजर हीरेन्द्र पटेल को जिलाधिकारी द्वारा कड़ी फटकार लगाते हुये निर्देशित करते हुये कहा कि कल से ही मजदूरों की संख्या बढ़ाते हुये सटरिंग व अन्य निर्माण कार्य में तेजी लायी जाय।

उन्होने कहा कि तीन शिफ्टों में कार्य कराया जाय। निर्माण कार्य में कुछ लोगों के द्वारा अवरोध उत्पन्न करने की शिकायत पर मण्डलायुक्त कड़ी हिदायत देते हुये कहा कि किसी भी स्तर पर किसी के द्वारा निर्माण कार्य में अवरोध उत्पन्न किया जाता है तो उसके विरूद्ध कड़ी से कड़ी कार्यवाही की जायेगी। प्रोजेक्ट मैनेजर राजकीय निर्माण निगम द्वारा बताया गया कि परिक्रमा पथ पर पिलर को खड़ा करके प्रथम तल पर लगभग 50 प्रतिशत से अधिक कार्य पूर्ण करा लिया गया है शेष कार्य प्रगति पर हैं। मण्डलायुक्त ने कार्य के धीमी प्रगति पर नाराजगी प्रकट करते हुये जीएम राजकीय निर्माण निगम एवं मुख्य कांट्रैक्टर को तलब करने का भी निर्देश नगर मजिस्ट्रेट विनय कुमार सिंह को दिया। इन दोनों लोगों को एक सप्ताह के अन्दर बुलाकर बैठक कराया जाय ताकि निर्माण कार्य में तेजी लाते हुये ससमय पूर्ण कराया जा सकें। मण्डलायुक्त व जिलाधिकारी द्वारा कोतवाली गली व पक्का घाट मार्ग का भी निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान नगर मजिस्ट्रेट विनय कुमार सिंह, प्रोजेक्ट मैनेजर राजकीय निर्माण निगम के अलावा अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहें।

# पुलिस से नोक झोंक युवकों को पड़ा मंहगा

## बाइक सीज कर पुलिस ने किया चालान

**जमालपुर।** गुरुवार को वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस द्वारा बाइक का चाभी निकाल लेने के बाद बाइक सवार और पुलिस के बीच नोंकझोंक हो गई। वही पुलिस ने बाइक सवारों को पकड़ कर थाने में बैठा दिया तथा बाइक को सीज करते हुए दोनों युवकों को धारा 151 में चालान कर दिया।

जिसकी सूचना मिलते ही शुक्रवार की सुबह सैकड़ों की संख्या में नाराज ग्रामीणों ने थाना मोड़ के चौमुहानी का चक्का जामकर पुलिस के खिलाफ नारेबाजी करते हुए धरना प्रदर्शन किया। गुरुवार की शाम जमालपुर गांव निवासी रामबाबू उम्र 26 वर्ष पुत्र शमशेर बहादुर चौहान व मनीष मौर्य 25 वर्ष पुत्र कन्हैया लाल निवासी जमालपुर अपनी बाइक से स्थानीय बाजार स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा के एटीएम से पैसा निकालने के लिए गया हुआ था। जहां एटीएम के पास बाइक खड़ा किया था। उसी समय पुलिस गश्त पर निकली हुई थी। बाइक सड़क पर देखकर पुलिस ने बाइक का फोटो खींचने से दोनों युवक नाराज हो गए। पुलिस द्वारा पेपर मांगने पर मौके पर नहीं दिखा पाए। वहीं सम्पूर्ण पेपर अपनी मोबाइल पर दिखाना चाहा लेकिन नोंकझोंक के चलते पुलिस ने बाइक का चाभी निकाल लिया तथा बाइक को सीज कर दिया और युवकों को थाने लेकर चली गई। जहां रातभर दोनों युवक थाने पर बैठाए रहे। वहीं सुबह दोनों युवकों का चालान कर दिया गया। शुक्रवार की सुबह सैकड़ों की संख्या में ग्रामीणों सहित भाजपा कार्यकर्ता ने युवकों को छुड़ाने के लिए थाना पर पहुंच गए और पुलिस से दोनों युवकों को छुड़ाने का दबाव बनाने लगे लेकिन छूटने न बनने पर थाना चौराहे मोड़ पर चक्का जाम कर पुलिस के खिलाफ धरना प्रदर्शन कर नारेबाजी करने लगे।

जिसकी जानकारी होने पर पूर्व ब्लाक प्रमुख आनंद सिंह बंटू ने ग्रामीणों और भाजपा कार्यकर्ताओं को समझा बुझाकर किसी तरह मामले को शांत कराया और चक्का जाम को खुलवाया।

### बीजेपी किसान मोर्चा का प्रशिक्षण वर्ग चार सत्रों में हुआ संपन्न

**मीरजापुर।** भारतीय जनता पार्टी, किसान मोर्चा मीरजापुर का जिला प्रशिक्षण वर्ग जिला कार्यालय मीरजापुर में चार सत्रों में सम्पन्न हुआ। प्रथम सत्र से चतुर्थ सत्र तक के कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वक्ता क्रमशः भाजपा जिलाध्यक्ष बृजभूषण सिंह, भाजपा जिला उपाध्यक्ष सोनभद्र ओमप्रकाश दूबे, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष दिनेश सिंह एवं क्षेत्रीय उपाध्यक्ष काशी किसान मोर्चा रहे। प्रथम सत्र से चतुर्थ सत्र का विषय क्रमशः भाजपा का इतिहास एवं विकास, विचार परिवार, संगठन संरचना में हमारी भूमिका एवं सरकार की उपलब्धि पर विस्तृत चर्चा हुयी। कार्यक्रम की अध्यक्षता किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष दिनेश सिंह एवं संचालन जिला महामंत्री नागेश्वर तिवारी ने किया। उक्त कार्य प्रशिक्षण वर्ग में मुख्य रूप से भाजपा किसान मोर्चा के जिला महामंत्री अमर बहादुर सिंह, जिला उपाध्यक्ष डॉ0 प्रशान्त कुमार पाण्डेय, आशुतोष त्रिपाठी, अनिल सिंह, जिलामंत्री सहेन्द्र मौर्य, अखिलेश सिंह, मीडिया प्रभारी डॉ0 रूपेश सिंह, सिद्धार्थ सिंह, नीरज त्रिपाठी, प्रथम साहू, पवन यादव, मनोज गिरी, अभिषेक चौबे सहित सभी मण्डल अध्यक्ष एवं महामंत्री उपस्थित रहे।

# खनन माफियाओं के आगे कानून व्यवस्था लाचार

**मनमानी**

### अवैध खनन का माल धड़ल्ले से हो रहा परिवहन

### चेक पोस्ट से सरेआम पास हो रहे ओवरलोड वाहन पुलिस बनी मूकदर्शक

### लाखों रुपए राजस्व का चूना लगा रहे खनन माफिया

**जनसंदेश न्यूज**

**राजगढ़।** स्थानीय थाना क्षेत्र अन्तर्गत अवैध खनन एवं परिवहन का काम धड़ल्ले से किया जा रहा है।

हर रोज दर्जनों गाड़ियां पुरानी पुलिस चौकी के सामने से गुजर रही हैं लेकिन चेक पोस्ट पर तैनात पुलिसकर्मियों की आंखों में पट्टी बंधी हुई है जिससे खनन माफिया बेखौफ होकर दिन रात गिट्टी पटिया बोल्डर, आदि की ढुलाई कर रहे हैं। राजगढ़ थाना क्षेत्र एवं सक्तेशगढ़ पुलिस चौकी क्षेत्र में अवैध खनन का कार्य धड़ल्ले से किया जाता है। जहां दर्जनों क्रेशर मशीन लगाकर बगैर मानक के संचालित किया जाता है जिसकी वजह से धुंआं के रूप में निकल रही धूल हवा के माध्यम से लोगों के शरीर में प्रवेश कर रहा है और दूषित हवा लोगों के गले और फेफड़े में जमा हो रहा है जिससे स्वास रोग से लोग ग्रसित हो रहे हैं। वहीं अवैध खनन एवं परिवहन से खनन माफिया लाखों रुपए की काली कमाई करने में जुटे हैं लेकिन राजस्व को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है।


रात में अंधेरे में फर्राटा भरते वाहन

इसके बावजूद खनन विभाग एवं स्थानीय पुलिस लाचार एवं बेबस होकर खनन माफियाओं को संरक्षण दे रहे हैं।

## संक्षेप

### जनता की शिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर करें निस्तारित



**मीरजापुर।** पुलिस उप महानिरीक्षक विंध्याचल परिक्षेत्र आर0पी0सिंह द्वारा जनपद भदोही के सर्किल औराई अर्न्तगत औराई, महिला थाना एवं चौरी के थानों के लंबित विवेचनाओं के संबंध में समीक्षा की गई। क्षेत्राधिकारी, थाना प्रभारियों को 01 वर्ष से अधिक व 06 माह से अधिक की लम्बित विवेचनाओं को टारगेट वेस अर्दली रूम करके विवेचनाओं के गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्व निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया तथा महिला संबंधित अपराधों, माफियाओं तथा थाने व जनपद के टॉप -10 अपराधियों के विरुद्ध गुंडा, अंतर्गत जब्तीकरण कराते हुए ऐसे अपराधियों का जमानत निरस्तीकरण कराते हुए त्वरित कार्रवाई व कठोरतम कार्यवाही करे एंव गोवंश के वध एंव गोवंश के अवैध परिवहन (तस्करी) की घटनाओं की रोकथाम, बरामदगी तथा सम्मिलित आरोपियों के विरुद्ध विधिक, निरोधात्मक कार्यवाही करें। तथा पुरस्कार घोषित, वांछित, ईनामिया अपराधी एवं अन्य अभियुक्त गिरफ्तारी हेतु शेष है उनकी टीम गठित करके गिरफ्तारी कराये। यातायात माह के दृष्टिगत शराब पीकर वाहन चलाने वालों, बिना नंबर प्लेट लगे वाहनों व बिना दस्तावेज वाहन चलाने वाले लोगों के खिलाफ मोटर वाहन अधिनियम के तहत कार्रवाई अमल में लाई जाए। स्कूल वाहनों की भी जांच की जाए। नशीले पदार्थों के मामलों में उच्च न्यायालय के निर्देशों का पालन सुनिश्चित किया जाय, लोगों की शिकायतों को ध्यान से सुनें तथा नियमानुसार आवश्यक विधिक कार्यवाही करें आमजन से सभ्य व्यवहार करें, अपनी भाषा व वाणी पर संयम रखे, आदि निर्देश दिए गए।

### नाबालिग किशोरी संग दुष्कर्म करने वालों पर दर्ज हुआ मुकदमा

**हलिया।** थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी पंद्रह वर्षीय किशोरी की मां की तहरीर पर पुलिस ने गुरुवार की देर शाम आरोपित के खिलाफ पंद्रह वर्षीय नाबालिग पुत्री के साथ दुष्कर्म करने के आरोप में दुष्कर्म सहित पाक्सो के तहत मुकदमा दर्ज कर आरोपित को गिरफ्तार कर मामले की जांच पड़ताल करने में जुट गई है। महिला द्वारा थाने में दिये गए तहरीर में बताया कि पंद्रह वर्षीय पुत्री बगल में स्थित राजकीय हाई स्कूल में कक्षा नौ की छात्रा है। बुधवार को स्कूल पढ़ने के लिए गयी थी कि माध्यान्ह अवकाश में एक्सचेंज के पास शौच करने गई थी कि पड़ोसी युवक संतोष उर्फ लवकुश पुत्री को जबरदस्ती बाइक पर बैठाकर बंधी के पास लेकर गया तथा जबरदस्ती पुत्री के साथ दुराचार किया। घटना की आपबीती पुत्री ने मुझे बताया तब थाने पर पुत्री के साथ आकर तहरीर दिया है। जिस पर पुलिस ने महिला तथा उसकी पुत्री को साथ ले जाकर घटना स्थल की जांच पड़ताल किया। जिस पर पुलिस ने आरोपित के खिलाफ दुष्कर्म सहित पाक्सो के तहत मुकदमा दर्ज कर आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। इस संबंध में सीओ लालगंज परमानंद कुशवाहा ने बताया कि महिला की तहरीर पर आरोपित के खिलाफ नाबालिग किशोरी के साथ दुष्कर्म करने के आरोप में दुष्कर्म सहित पाक्सो के तहत मुकदमा दर्ज कर आरोपित को गिरफ्तार कर लिया गया है। अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

### 10 वर्षो से खराब सड़क राहगीरों को दे रही मौत की दावत

**लालगंज।** तहसील मुख्यालय की महत्वपूर्ण सड़क लालगंज मांडा मार्ग 10 वर्षो से जर्जर होकर गड्ढे में तब्दील हो गई है। जिसके कारण सड़क के आसपास बसे गांव के ग्रामीणों को आने जाने में कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है जबकि प्रयागराज की सीमा में पड़ने वाली सड़क मरम्मत और नवनिर्मित लगातार की जाती है। लालगंज तहसील की चार लाख आबादी के ग्रामीण इस अंतर्जनपदीय से प्रतिदिन हजारों की संख्या में आना जाना लगा रहता है। दिनभर वाहनों के आवागमन के चलते पास पड़ोस सड़क के किनारे बसे ग्रामीण धूल के कारण सांस की बीमारी से परेशान हैं क्योंकि इस सड़क पर दिनभर धूल वाहनों के आवागमन से उड़ती रहती है। जर्जर सड़क में गड्ढा युक्त बनाने में क्रिप्टो की ओवरलोड गाड़ियां के आवागमन सड़क की क्षमता को चकनाचूर कर देती है। सड़क की क्षमता है और बनाए गए मानक दोनों के क्रशर प्लांट के वहां तोड़ते नजर आते हैं। जिसकी शिकायत ग्रामीणों ने दर्जनों बार उच्चाधिकारियों को मौखिक कर चुके हैं। बड़े बड़े वाहन के रूट मानक नहीं बनाए जाने के कारण ग्रामीण सड़कें ओवरलोड की क्षमता से टूटकर गड्ढे में ढलती जा रही हैं। बता दें कि लालगंज मांडा मार्ग से प्रतिदिन प्रयागराज आने जाने वाले छात्र छात्राओं के साथ मरीजों का तांता लगा रहता है। हाल यह है कि बिना परमिट की गाड़ियां दिन भर सड़क पर दौड़ती रहती हैं। जिसमें सबसे अधिक संख्या मिनी बसों की है। जिससे लालगंज हलिया दोनों विकास खंडों के ग्रामीणों का आना-जाना लगा रहता है। ऐसी महत्वपूर्ण सड़क उपेक्षा के चलते नहीं बनाई जा रही है।

### कंपनी कमांडर ने होमगार्डो में वितरित किया प्रशस्ति पत्र

**हलिया।** क्षेत्र के कंपनी कंमाडर रामनिहोर ने शुक्रवार को थाना परिसर में कुल 24 होमगार्ड जवानों को पुलिस अधीक्षक के द्वारा होमगार्ड के जवानों को दिये गये प्रशस्ति पत्र को सौपा है। कंपनी कंमाडर ने कहा कि बेहतर कार्य के बदले पुलिस अधीक्षक संतोष मिश्रा द्वारा प्रशस्ति पत्र होमगार्डो को दिया गया था। जिसका थाना परिसर मे वितरण किया गया है। सम्मान मिलने से कर्मचारियों के अंदर आगे और बेहतर करने की ललक जागृत होती है। डयूटी के लिए प्रशस्ति पत्र मिलने पर होमगार्ड के जवान खुश दिखाई दिए। इस दौरान पुरेंद्र बहादुर, सहित होमगार्ड के जवान उपस्थित रहे।

### सड़क दुघर्टना में बाइक सवार घायल

**राजगढ़।** स्थानीय क्षेत्र के दरवान गांव में नहर की पटरी से जा रहे बाइक सवार पती पत्नी ट्रैक्टर से टकराकर घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने एंबुलेंस की मदद से राजगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजवाया। जानकारी के अनुसार जौगढ निवासी रिंकी पत्नी प्रदीप दोनों बाइक पर सवार होकर थाना क्षेत्र के चौखड़ा ग्रामसभा अन्तर्गत भागलपुर बस्ती में जा रहे थे। इस दौरान इंदिरानगर से होकर दरवान नहर के रास्ते पर ट्रैक्टर से पास लेते समय चपेट में आ गए और दोनों गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। आनन-फानन में एंबुलेंस को फोन कर सूचना दी गई और हास्पिटल भेजा गया जहां डाक्टरों के द्वारा इलाज किया जा रहा है।

### नकली नमक बेचने वाले तीन दुकानदारों के विरुद्ध मुकदमा

**मड़िहान।** क्षेत्र के तीन दुकानदारों पर टाटा साल्ट कंपनी के टीम द्वारा क्षेत्र में पहुंचकर दुकानों से टाटा का डुप्लीकेट नमक बरामद करते हुए मड़िहान थाने में तहरीर देकर तीन दुकानदारों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है। इन सभी दुकानदारों पर आरोप है कि इनके द्वारा नकली रैपर टाटा साल्ट का लगाकर धड़ल्ले से बिक्री की जाती थी जिसकी शिकायत टाटा नमक के कंपनी तक पहुंच गई थी उसी मामले की जांच को लेकर टाटा कंपनी के 2 सदस्यी टीम के साथ क्षेत्र में छापेमारी करने पहुंच गए और मड़िहान कस्बा ,भदौहा राजापुर आदि स्थानों पर छापेमारी कर चार बोरी नकली टाटा साल्ट नमक बरामद कर थाने उठा ले गए और तहरीर देकर कार्यवाई की मांग की।जिसके आधार पर मड़िहान पुलिस के द्वारा इन सभी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश की जा रही है ।इस संबंध में इंस्पेक्टर शैलेश कुमार राय ने बताया कि कॉपीराइट के तहत तीन दुकानदारों पर मुकदमा दर्ज किया गया है।

### युवक की डेंगू से मौत

**मीरजापुर।** विजयपुर निवासी जैकी पंडा की डेंगू बीमारी के कारण असामयिक मौत शुक्रवार को प्रयागराज के एक नर्सिंग होम में हो गयी। दो भाईयो में छोटे जैकी पंडा विगत कई दिनो से डेंगू बुखार से पीड़ित थे। जिनका इलाज चल रहा था। जैकी निडर, हसमुख, मृदुभाषी थे। शुक्रवार को जीवन की जंग हार गये।

# जिले की 40 ग्राम पंचायतों को बनाया जायेगा मॉडल ओडीएफ प्लस गांव

## डीपीआरओ ने किया कूड़ा संग्रह का निरीक्षण

**जनसंदेश न्यूज**

**मीरजापुर।** जिला पंचायत राज अधिकारी अरविंद कुमार ने शुक्रवार को विकासखंड पहाड़ी के ग्राम पंचायत भरपुरा में निमार्णाधीन कूड़ा संग्रह केंद्र का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उपस्थित प्रधान एवं पंचायत सहायक खंड प्रेरक को आवश्यक निर्देश दिया।

स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण भाग 2 के अंतर्गत ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन के मानकों को पूरा करते हुए जनपद के 40 ग्राम पंचायतों को मॉडल ओडीएफ प्लस गांव बनाए जाने के क्रम में शक्रवार को विकासखंड पहाड़ी की ग्राम पंचायत भरपुरा में जिला पंचायत राज अधिकारी अरविंद कुमार, जिला कंसलटेंट स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण विनोद कुमार श्रीवास्तव, ग्राम सचिव धर्मेंद्र कुमार पांडेय एवं प्रधान तथा पंचायत सहायक एवं अवधेश कुमार खंड प्रेरक के द्वारा स्थलीय निरीक्षण किया गया।


कूड़ा संग्रह केद्र का निरीक्षण करते डीपीआरओ

निमार्णाधीन कूड़ा संग्रहण केंद्र आरआरसी सेंटर को यथाशीघ्र पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। यदि यह कूड़ा संग्रहण केंद्र 15 दिवस के अंदर पूर्ण हो जाएगा तो जनपद का पहला कूड़ा संग्रहण केंद्र बनेगा तथा ग्राम पंचायत भरपुरा को मॉडल गांव का पहला ग्राम पंचायत घोषित किया जा सकता है।

### अतिक्रमण से खत्म हो रहा है सड़कों का अस्तित्व

**लालगंज।** तहसील मुख्यालय पर लालगंज बाजार की सड़क की दोनों पटरियों पर लगातार अतिक्रमण बढ़ता जा रहा है। मनमाना अतिक्रमण का आलम यह है कि सड़क के पटरी का प्रयोग अपने निजी उपयोग में लोग करने लगे हैं। जिसके कारण बाजार आने जाने वालों के लिए कठिनाई साबित हो रहा है। फोरलेन सड़क बनाते समय बाजार से बाईपास रोड बना दिया गया है। मुख्य बाजार छोड़कर बाईपास से बड़े वाहनों का आवागमन रात दिन जारी है। जिसके कारण बाजार में जाम तो नहीं लग रहा है लेकिन अंधाधुंध अतिक्रमण के चलते तहसीलवासियों की चिंता की लकीरें बढ़ा दी है। इस सड़क से मांडा जिगना कोरांव आने जाने वालों के लिए फजीहत साबित हो रही है क्योंकि इस सड़क के गुजरने के बिना कोई भी वाहन प्रयागराज कोरांव मांडा नहीं जा सकता। इसी प्रकार मिजार्पुर के छानवे जाने आने वालों के लिए बाजार की सड़क मुख्य माध्यम है। बाजार नियमित आने जाने वाले गांव बरडीहा बनवारी अमहा, रामपुर, कटाई, रजई, बेलहा, तिखोर, नेवढ़िया, सहिरा, रानी बारी, पतुलकी आदि गांव के ग्रामीण सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, राजकीय महाविद्यालय, तहसील, ब्लॉक, पशु चिकित्सालय, कृषि बीज भंडार, कोतवाली प्रतिदिन बाजार आते जाते हैं।

# दो वर्ष से तैयार सामुदायिक शौचालय में लटक रहा है ताला

**लापरवाही**

### लाखों खर्च के बाद भी खुले में शौच कर रहे हैं ग्रामीण

**हलिया।** स्थानीय विकास खंड के महोगढ़ी गांव में लाखों रुपये खर्च कर सामुदायिक शौचालय का निर्माण कराया गया है। करीब दो साल पहले बने शौचालय का निर्माण कार्य पूरा होने के बाद भी ग्राम पंचायत की ओर से ग्रामीणों की सुविधा के लिए शौचालय को अभी तक चालू नहीं किया गया।



शौचालय में बंद ताला

सामुदायिक शौचालय जनता के लिए चालू न किए जाने से ग्रामीण खुले में शौच को विवश हैं। शौचालय का ताला खोलकर चालू कराने को आए दिन ग्रामीणों की ओर से विभागीय अधिकारियों के यहां तक शिकायत होती है। बावजूद इसके ग्राम पंचायत की मनमर्जी के आगे अधिकारियों का निर्देश भी बेअसर साबित हो रहा है। यह केवल एक गांव के शौचालय की बदहाली नहीं है बल्कि विकास खंड में बने अधिकांश सामुदायिक शौचालयों की यही स्थिति है। ऐसे शौचालयों का ताला खोलवाकर ग्रामीणों को सुविधा मुहैया कराए जाने को जिम्मेदार अधिकारी भी गंभीर नहीं हैं। इस संबंध में जिला पंचायत राज अधिकारी अरविंद कुमार ने कहा जो सामुदायिक शौचालय चालू नहीं हैं वहां जांच कर संबंधित लोगों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

# अधिवक्ताओं का एसडीएम व तहसीलदार के खिलाफ प्रदर्शन

**कलवारी।** थाना क्षेत्र मड़िहान के तहसील में कई दिनों से अधिवक्ताओं के द्वारा प्रदर्शन और चक्रमण किया जा रहा है। अधिवक्ताओं का आरोप है कि एसडीएम मड़िहान व तहसीलदार मड़िहान के द्वारा दुर्व्यवहार किया गया। मड़िहान तहसील के सभी अधिवक्तागण 2-11-2022 से तहसीलदार तथा एसडीएम के खिलाफ प्रदर्शन और चक्रमण कर रहे है। अधिवक्ताओं ने कहा तहसीलदार मड़िहान के द्वारा न्यायालय पर अधिवक्ताओं से दुर्व्यवहार तथा नियमानुसार कार्य न करने के विरोध तथा उप जिलाधिकारी मड़िहान द्वारा अपने चेंबर में अधिवक्ताओं से दुर्व्यवहार किया गया जिसके कारण अधिवक्ताओ के द्वारा न्यायालय बहिष्कार एवं प्रदर्शन अनवरत जारी है। अधिवक्ताओं का कहना है कि जब तक उक्त अधिकारियों का स्थानांतरण नहीं हो जाता है तब तक ए प्रदर्शन जारी रहेगा। पुतला दहन कर अपना विरोध प्रकट भी करेंगे। इस दौरान अध्यक्ष श्रवण कुमार सिंह, उपाध्यक्ष चंद्रशेखर सिंह मौर्य, महा महामंत्री रामकेश सिंह, अधिवक्ता पप्पू लाल सिंह, रामधनी सिंह, राकेश पांडे, ओंकार नाथ सिंह, अरविंद दुबे, कृष्ण कुमार शुक्ला, अगस्त सिंह, रामकुमार, प्रशांत मिश्रा, राजेश चौबे, जंग बहादुर सिंह, राजेंद्र गुप्ता, सतीश, करुणा शंकर शुक्ला, सुनील दत्त आदि अधिवक्ता उपस्थित रहे।



तहसील पर प्रदर्शन करते अधिवक्ता

### स्वस्थ समाज से ही क्षेत्र व देश का होता है विकास : राजबहादुर सिंह

**अदलहाट।** अखिल भारतीय सर्व समाज सेवा संस्थान शाखा मीरजापुर द्वारा शुक्रवार को ग्राम सोनई स्थित हनुमान मंदिर परिसर में प्रतिभा खोज प्रतियोगिता एवं स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। चिकित्सक दल में उपस्थित डा. प्रवीण पटेल, डा. श्वेता सिंह, डा. आशीष शुक्ला, डा. अजय सिंह ने गांव के लोगों का घुटना, दांत और महिलाओं से सम्बन्धित समस्याओं की जांच किया। इस दौरान आयोजित समारोह को सम्बोधित करते हुए ई.राजबहादुर सिह ने कहा कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण प्रतिभा को सम्मानित करने के साथ उनके आत्मबल को बढ़ाना है। उन्होने कहा कि स्वस्थ समाज से ही क्षेत्र एवं देश का विकाश होता है। प्रतिभा खोज प्रतियोगिता के तहत दौड़ भी कराया गया। 100 मीटर दौड़ में बालक वर्ग में सत्यम और बालिका वर्ग में अनीता प्रथम रहीं। कुर्सी दौड़ के बालक वर्ग में दीपक प्रथम और बालिका वर्ग में ज्योति प्रथम रही। इस दौरान राष्ट्रीय संयोजक ई. राजबहादुर सिंह, सर्व सेवा प्रमुख ज्ञान सिंह, कार्यक्रम संयोजक एड मुकेश कुमार सिंह, ग्राम प्रधान महेन्द्र सिंह, बालकृष्ण सिंह, सत्यनरायन, विरेन्द्र, सुबाष, चेतनरायन आदि रहे।

# जनपद में 18 अतिरिक्त क्रय केंद्र की स्वीकृति

**पहल**

### अब 80 केन्द्रों पर की जायेगी धान की खरीद

### किसानों की सुविधा के दृष्टिगत जिलाधिकारी द्वारा दी गयी स्वीकृति

**जनसंदेश न्यूज**

**मीरजापुर।** जिलाधिकारी दिव्या मित्तल ने किसानों की सुविधा के लिए 18 नए धान क्रय केंद्र स्वीकृत किए। इसके पूर्व स्वीकृत 62 केंद्रों को सम्मिलित कर अब जनपद में कुल 80 धान क्रयकेंद्र संचालित होंगे।

पोर्टल पर जनपद में पंजीकृत सभी किसानों से 28 फरवरी तक उनकी सत्यापित उपज का सुगमतापूर्वक क्रय सुनिश्चित कराने के लिए केपीसीयू 12, यू0पी0एस0एस0 के 04, मंडी समिति का 01 और खाद्य विभाग का 01 नया क्रयकेंद्र जिलाधिकारी द्वारा स्वीकृत किया गया है। अब संस्थवार पी0एस0एफ0 के 32, खाद्य विभाग के 23, पीसी0यू0 के 12, यू0पी0एस0एस0 के 10, एफ0सी0आई0 के 02 और मंडी समिति का 01 सहित कुल 80 क्रयकेंद्र संचालित होंगे।

अब किसान अपनी सुविधानुसार इन क्रयकेंद्रों पर अपना धान विक्रय कर सकेंगे। जिलाधिकारी द्वारा सभी संस्था प्रभारियों को निर्देशित किया गया है कि, वे तत्काल इन केंद्रों पर सारी तैयारी पूर्ण कराकर खरीद प्रारंभ कराएं। किसान भाईयों से अपील है कि वे अपने पंजीकरण प्रपत्र और आधार कार्ड के साथ समीपस्थ केंद्रों पर जाकर, हस्ताक्षर सहित अपना विवरण दर्ज कराते हुए संपर्क क्रमांक प्राप्त कर लें। केंद्र प्रभारी द्वारा संस्था के जिला स्तरीय अधिकारी और जिला खाद्य विपणन अधिकारी द्वारा प्रमाणित रजिस्टर में ही किसानों का संपर्क विवरण दर्ज करते हुए उन्हें 29 अक्टूबर के आदेश में दिए गए निर्देशानुसार टोकन का वितरण और इसकी गूगल शीट पर प्रविष्टि अंकित की जायेगी।

जनपद में अभी तक लगभग 25 हजार किसानों द्वारा धान विक्रय हेतु पंजीकरण कराया गया है, जिसके सापेक्ष लगभग 15 हजार किसानों के पंजीकरण का सत्यापन संबंधित तहसीलों से हो चुका है। अपर जिलाधिकारी वि0/रा0/ जिला खरीद अधिकारी शिव प्रताप शुक्ल द्वारा सभी उपजिलाधिकारियों को त्वरित गति से पंजीकरण सत्यापन के निर्देश दिए गए हैं। जिलाधिकारी द्वारा सभी संस्था प्रभारियों को कड़े निर्देश दिए गए हैं कि केंद्र के संपर्क/टोकन रजिस्टर में किसी प्रकार की गड़बड़ी करने वाले केंद्र प्रभारियों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जाए।

# स्पोर्ट्स



ओल्ड ट्रेफर्ड में मैनचेस्टर यूनाइटेड और एस्टन विला के बीच हुए मुकाबले में खेलते हुए लोग।

# न्यूजीलैंड दौरे पर द्रविड़ की जगह लक्ष्मण होंगे मुख्य कोच पंड्या टी20, धवन एकदिवसीय की कप्तानी करेंगे

## टी20 वर्ल्डकप के सेमीफाइनल में मिली शर्मनाक हार के बाद बीसीसीआई ने न्यूजीलैंड दौरे के लिए द्रविड़ को आराम दिया

**मुम्बई।** भारतीय क्रिकेट टीम के आगामी न्यूजीलैंड दौरे पर राहुल द्रविड़ की जगह पर वी वी एस लक्ष्मण मुख्य कोच होंगे। बीसीसीआई ने न्यूजीलैंड दौरे के लिए द्रविड़ को आराम दिया है। द्रविड़ पिछले साल एक साल से टीम इंडिया के मुख्य कोच की भूमिका में हैं। उनकी कोचिंग में भारतीय टीम को टी20 विश्व कप में हार का सामना करना पड़ा है। इसी को देखते हुए द्रविड़ की रणनीति पर भी अब सवाल उठने लगे हैं। इस दौरे पर रोहित शर्मा की जगह हार्दिक पंड्या टीम की कप्तानी करेंगे जबकि एकदिवसीय टीम की कमान शिखर धवन के पास रहेगी।



बीसीसीआई सूत्रों के अनुसार, ह्य टी20 विश्व कप में भारतीय टीम के साथ जो सहयोगी स्टाफ मुख्य कोच राहुल द्रविड़, गेंदबाजी कोच पारस म्हाम्ब्रे और बल्लेबाजी कोच विक्रम राठौड़ ऑस्ट्रेलिया गये हैं वह अब स्वदेश लौट आयेंगे। जिसके बाद उन्हें आराम दिया जाएगा। इसके बाद ये कोचिंग स्टाफ बांग्लादेश दौरे पर भारतीय टीम के साथ जाएगा। न्यूजीलैंड दौरे पर टीम इंडिया के साथ लक्ष्मण के अलावा बल्लेबाजी कोच ऋषिकेश कानितकर और गेंदबाजी कोच सईराज बहुतुले कोचिंग स्टाफ में शामिल रहेंगे।ह्व लक्ष्मण इस समय बेंगलुरु स्थित नेशनल क्रिकेट अकादमी में चेयरमैन के पद पर हैं। लक्ष्मण ने इससे पहले इसी साल भारतीय टीम के साथ आयरलैंड और जिम्बाब्वे का भी दौरा किया था। इसके अलावा वह टी20 विश्व कप से पहले अक्टूबर में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ घरेलू सीरीज में भी टीम इंडिया के साथ थे। भारतीय टीम न्यूजीलैंड दौरे की शुरूआत टी20 सीरीज से करेगी। 3 मैचों की सीरीज का पहला टी20 मैच 18 नवंबर को वेलिंग्टन के स्काई स्टेडियम में खेला जाएगा। टी20 सीरीज के बाद भारतीय टीम 3 मैचों की एकदिवसीय सीरीज खेलेगी।

*न्यूजीलैंड के खिलाफ टी20 सीरीज के लिए*

भारतीय टीमः हार्दिक पंड्या (कप्तान), ऋषभ पंत (उप कप्तान), ईशान किशन, दीपक हुडा, सूर्यकुमार यादव, श्रेयस अय्यर, संजू सैमसन, वॉशिंगटन सुंदर, युजवेंद्र चहल, कुलदीप यादव, हर्षल पटेल, मोहम्मद सिराज, भुवनेश्वर कुमार, उमरान मलिक और अर्शदीप सिंह।

न्यूजीलैंड के खिलाफ एकदिवसीय सीरीज के लिए भारतीय टीमः शिखर धवन (कप्तान), ऋषभ पंत (उप कप्तान), शुभमन गिल, दीपक हुडा, श्रेयस अय्यर, सूर्यकुमार यादव, संजू सैमसन, युजवेंद्र चहल, कुलदीप यादव, शाहबाज अहमद, वॉशिंगटन सुंदर, उमरान मलिक, कुलदीप सेन, शार्दुल ठाकुर, दीपक चाहर और अर्शदीप सिंह।

### ऑस्ट्रेलिया से सीधे न्यूजीलैंड दौरे पर रवाना होंगे 12 खिलाड़ी , बाकि स्वदेश लौटेंगे

**नई दिल्ली।** भारतीय टीम टी20 विश्वकप में मिली हार के बाद अब न्यूजीलैंड दौरे पर रवाना होगी। वहीं भारतीय टीम के कुछ खिलाड़ी स्वदेश लौट जाएंगे। 15 सदस्यीय टीम के 4 खिलाड़ी स्टैंडबाय में भी रहे थे। अब इनमें से कप्तान रोहित शर्मा सहित 7 खिलाड़ी अलग-अलग ग्रुप में वापस लौटेंगे। इनके अलावा बाकी 12 खिलाड़ी ऑस्ट्रेलिया से ही सीधे न्यूजीलैंड रवाना हो जाएंगे। भारतीय टीम को अब न्यूजीलैंड दौरे पर तीन टी-20 और तीन एकदिवसय मैच खेलने हैं। इस दौरे पर टी20 सीरीज में कप्तानी हार्दिक पंड्या को सौंपी गई है. जबकि रोहित शर्मा, विराट कोहली समेत कुछ सीनियर प्लेयर्स को आराम दिया गया है। भारतीय टीम प्रबंधन के अनुसार जिन भारतीय खिलाड़ियों को घर लौटना है, वह अलग-अलग ग्रुप में आज और कल भारत आ रहे हैं। वहीं कुछ खिलाड़ियों को आज का ही टिकट मिल गया है. जबकि बाकी को कल का टिकट मिला है. साथ ही जिन खिलाड़ियों को न्यूजीलैंड दौरे के लिए चुना गया है, वह सीधे न्यूजीलैंड ही रवाना होंगे। बता दें कि रोहित शर्मा, विराट कोहली, केएल राहुल, दिनेश कार्तिक, आर अश्विन, अक्षर पटेल और मोहम्मद शमी को भारत लौटना है। बाकि खिलाड़ी सूर्यकुमार यादव, दीपक हुड्डा, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), हार्दिक पंड्या, युजवेंद्र चहल, भुवनेश्वर कुमार, हर्षल पटेल, अर्शदीप सिंह, श्रेयस अय्यर, रवि बिश्नोई, मोहम्मद सिराज, शार्दुल ठाकुर सीधे न्यूजीलैंड रवाना होंगे।






### पाकिस्तान-न्यूजीलैंड मैच की मिस्ट्री गर्ल का रहस्य सामने आया

**सिडनी।** पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के बीच टी20 विश्वकप क्रिकेट टूनार्मेंट में नजर आयी एक खूबसूरत लड़की का रहस्य सामने आ गया है। स्टेडियम में पाकिस्तान की टीम का हौंसला बढ़ाने वाली इस लड़की का नाम नताशा है। वह मूल रूप से पाकिस्तानी है पर उसका जन्म ऑस्ट्रेलिया में हुआ है और वह वहीं पली-बढ़ी हैं। नताशा अभी मेलबर्न में रहती है। पाक न्यूजीलैंड मैच में पवेलियन से ही वह लड़की कभी फ्लाइंग किस दे रही थी तो कभी पाक का झंडा लहरा रही थ। इसके अलावा कभी हाथ हिलाकर पाकिस्तानी टीम और खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ा रही थी। यह लड़की इतनी बार कैमरे में दिखाई दी कि लोग सोशल मीडिया पर सवाल करने लगे कि आखिर वह लड़की है कौन? इस मैच में पाकिस्तान ने कीवी टीम को हराकर फाइनल में जगह बनायी। . इस दौरान स्टेडियम में क्रिकेट प्रशंसक अपनी टीम और खिलाड़ियों का जोश बढ़ाने के लिए मौजूद थे। खिलाड़ियों को चियर करने के कारण इस पाक प्रशंसक की तस्वीर सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रही थी। इसके बाद से ही सोशल मीडिया पर लोग पूछने लगे कि वह लड़की कौन थी, जो सेमीफाइनल में पाकिस्तान का उत्साह बढ़ा रही थी।

# शाहीन अफरीदी ने इंग्लैंड के बल्लेबाजों को दी चुनौती कहा- मेरे खिलाफ रन बनाना आसान नहीं होगा

## टी20 वर्ल्ड कप का फाइनल मुकाबला रविवार को पाकिस्तान और इंग्लैंड के बीच खेला जाएगा

**नई दिल्ली।** टी20 वर्ल्ड कप का फाइनल मुकाबला रविवार (13 नवंबर) को पाकिस्तान और इंग्लैंड के बीच खेला जाएगा। दोनों टीमें ऐतिहासिक मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड पर आमने-सामने होंगी। पाकिस्तान ने सेमीफाइनल में न्यूजीलैंड और इंग्लैंड ने भारत को हराकर खिताबी मुकाबले में अपनी जगह बनाई है। मैच से पहले पाकिस्तान के खतरनाक गेंदबाज शाहीन अफरीदी ने इंग्लिश बल्लेबाजों को चुनौती दी है।



अफरीदी ने मैच से दो दिन पूर्व कहा है कि इंग्लैंड के बल्लेबाजों के लिए उनके खिलाफ रन बनाना आसान नहीं होगा। अफरीदी ने चोट के बाद वापसी की है। उनके लिए शुरूआती दो मैच अच्छे नहीं रहे थे। अफरीदी ने भारत के खिलाफ 34 और जिम्बाब्वे के खिलाफ 29 रन दिए थे। इसके बाद उनकी आलोचना होने लगी थी। लोग उनकी फिटनेस पर सवाल उठाने लगे थे। अफरीदी ने फिर शानदार वापसी करते हुए आलोचकों का मुंह बंद कर दिया। उन्होंने नीदरलैंड के खिलाफ एक, दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीन, बांग्लादेश के खिलाफ चार और न्यूजीलैंड के खिलाफ दो विकेट लिए। पिछले चार मुकाबलों में 10 विकेट लेकर अफरीदी ने टी20 वर्ल्ड कप में सनसनी मचा दी। उनकी टीम एक समय बाहर होने वाली थी, लेकिन नीदरलैंड ने जब अफ्रीकी टीम को हराया तब पाकिस्तान को जीवनदान मिल गया। उसने बांग्लादेश को हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई और फिर न्यूजीलैंड को पीटकर फाइनल में स्थान पक्का कर लिया। पाकिस्तान और इंग्लैंड की टीम मेलबर्न में 30 साल बाद किसी विश्व कप के फाइनल में आमने-सामने होंगी। पिछली बार 1992 में पाकिस्तान ने इमरान खान की कप्तानी में इंग्लैंड को हराकर विश्व कप अपने नाम किया था। इंग्लैंड की टीम उस हार का बदला लेने के लिए मेलबर्न में उतरेगी।

# सानिया और शोएब का कानूनी तलाक

**नई दिल्ली।** भारतीय टेनिस स्टार सानिया मिर्जा और पाकिस्तानी क्रिकेटर शोएब मलिक का कानूनी रूप से तलाक हो चुका है। यह दावा शोएब के एक करीबी दोस्त ने किया है। उसने कहा वह तलाक की पुष्टि कर रहा है। इसके आगे दोनों के बारे में बोलना मेरे लिए संभव नहीं है।



प्राप्त जानकारी के अनुसार इस समय क्रिकेटर शोएब का मॉडल आयशा कमर के साथ अफेयर चल रहा है। इन दोनों की तस्वीरें भी सोशल मीडिया में खूब वायरल हो रही हैं। उल्लेखनीय है हैदराबाद में 12 अप्रैल 2010 को सोनिया और शोएब की शादी हुई थी। सानिया शोएब की दूसरी पत्नी थी। दोनों का एक बेटा है। जिसका नाम इजहान है। लड़के का जन्म 2018 में हुआ था। अब शोएब, मॉडल आयशा के प्रेम जाल में फस गए हैं।

# भारतीय टीम पर बिफरे कपिल देव, कहा- अब कहने को क्या बचा, जब कप्तान ही कह रहा कि दबाव नहीं झेल पाए

**नई दिल्ली।** टी20 वर्ल्ड कप में भारतीय टीम की हार से भारतीय फैन्स में आक्रोश है। दो साल के अंदर हुए दो टी20 वर्ल्ड कप में भारतीय टीम ट्रॉफी जीतने में असमर्थ रही। इससे फैन्स काफी नाराज हैं। भारत को सेमीफाइनल में मिली हार के बाद पूर्व क्रिकेटर्स भी टीम इंडिया की आलोचना कर रहे हैं। इसी कड़ी में भारत को 1983 वर्ल्ड कप जिताने वाले कप्तान कपिल देव का भी बयान सामने आया है।



कपिल देव ने एक टीवी चैनल से बातचीत में कहा है कि जब कप्तान रोहित शर्मा ही बोल रहे कि उनकी टीम दबाव नहीं झेल पाई तो अब कहने के लिए कुछ बचा ही नहीं है। इसका मतलब यही है कि टीम इंडिया अभी बड़े मैच खेलने के लिए तैयार ही नहीं है।

कपिल ने कहा कि हमारे खिलाड़ी आईपीएल जैसे बड़े टूनार्मेंट खेलते हैं। वहां इससे भी ज्यादा दबाव दिखता है, लेकिन वहां तो वह अच्छा प्रदर्शन करने में कामयाब रहते हैं। इसके जवाब में वहां मौजूद एक और पूर्व क्रिकेटर अतुल वासन ने कहा कि अगर आईपीएल में ज्यादा दबाव है तो यह स्कैंडल है और हमें दोबारा से सिस्टम बनाने की जरूरत है। भारतीय टीम को इंग्लैंड के खिलाफ सेमीफाइनल में 10 विकेट से करारी शिकस्त झेलनी पड़ी थी। पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत ने 20 ओवर में छह विकेट गंवाकर 168 रन बनाए। जवाब में इंग्लैंड ने 16 ओवर में बिना कोई विकेट गंवाए लक्ष्य हासिल कर लिया। हार के बाद कप्तान रोहित ने कहा था कि झे लगता है कि हमने अच्छा स्कोर बनाया था, लेकिन गेंद के साथ हमारा प्रदर्शन कुछ खास नहीं था। यह ऐसा विकेट नहीं था, जहां कोई टीम 16 ओवर में लक्ष्य का पीछा कर सकती है। हम आज गेंद के साथ कमाल नहीं कर पाए। रोहित ने सेमीफाइनल मैच के दबाव पर बात करते हुए कहा- जब नॉकआउट मैचों की बात आती है, तो यहां दबाव को सोखना जरूरी हो जाता है। यह हर व्यक्ति पर निर्भर करता है। आप किसी को दबाव को संभालना नहीं सिखा सकते। जब ये लोग आईपीएल में प्लेऑफ खेलते हैं तो वहां भी काफी ज्यादा दबाव होता है और वे इसे संभालने में सक्षम हैं। जिस तरह से हमने गेंदबाजी की शुरूआत की वह सही नहीं था। हम थोड़े नर्वस थे, लेकिन आपको सलामी बल्लेबाजों को भी श्रेय देना होगा। उन्होंने वास्तव में अच्छा खेल दिखाया।

### टीम इंडिया की हार से नाराज गावस्कर का बड़ा बयान कुछ खिलाड़ियों के संन्यास की जताई आशंका

टी20 वर्ल्ड कप के सेमीफाइनल में टीम इंडिया की हार से हर कोई स्तब्ध है। किसी को भी यकीन नहीं हो रहा कि इसी साल इंग्लैंड को उसी की जमीन पर हारकर आने वाली टीम इंडिया सेमीफाइनल में हार जाएगी। भारत को यह वर्ल्ड कप जीतने का फेवरेट माना जा रहा था। ऐसे में सेमीफाइनल से बाहर होकर भारत के आईसीसी ट्रॉफी को जीतने का सपना एकबार फिर अधूरा रह गया। टीम इंडिया 2013 चैंपियंस ट्रॉफी के बाद से कोई आईसीसी ट्रॉफी नहीं जीत पाई है। भारत के पूर्व महान बल्लेबाज सुनील गावस्कर ने भी हार के बाद टीम की आलोचना की है। गावस्कर को लगता है कि इस विश्व कप के बाद भारत के टी20 सेटअप में कई अहम बदलाव देखने को मिल सकते हैं। उनका मानना है कि कप्तान रोहित शर्मा और विराट कोहली जैसे खिलाड़ी इस फॉर्मेट को छोड़ सकते हैं। गावस्कर का कहना है कि हार्दिक पांड्या अब टीम को लीड करने में अहम भूमिका निभा सकते हैं। भारत-इंग्लैंड मैच के बाद गावस्कर ने कहा- कुछ ही दिनों में शुरू हो रहे न्यूजीलैंड दौरे के लिए एक अलग टीम है। हार्दिक पांड्या के नेतृत्व में टीम वहां जा रही है। वह टीम पर अपनी छाप छोड़ना शुरू कर देगा क्योंकि स्पष्ट रूप से चयन समिति ने एक संकेत भेजा है।

### हरभजन ने दी कोच बदलने की सलाह, कहा- द्रविड़ की जगह आईपीएल चैंपियन को मिले मौका

टी20 विश्व कप में टीम इंडिया के खराब प्रदर्शन के बाद कोच राहुल द्रविड़ और कप्तान रोहित शर्मा आलोचकों के निशाने पर हैं। क्रिकेट एक्सपर्ट रोहित को कप्तानी से हटाने की मांग कर रहे हैं। कप्तान के बाद अब कोच राहुल द्रविड़ को भी बर्खास्त करने की बात लोग करने लगे हैं। भारत के पूर्व स्पिनर हरभजन सिंह ने कहा है कि टी20 टीम में कप्तान के साथ-साथ कोच को बदलने की भी आवश्यकता है। पिछले साल इसी टूनार्मेंट में भारतीय टीम सेमीफाइनल तक नहीं पहुंच पाई थी। उसके बाद कोच रवि शास्त्री अपने पद से हट गए थे। उनका कार्यकाल पूरा हो गया था। शास्त्री इस पद के लिए फिर से अपनी दावेदारी पेश कर सकते थे, लेकिन उन्होंने ऐसा नहीं किया। उनके हटने के बाद नेशनल क्रिकेट एकेडमी (एनसीए) के तत्कालीन प्रमुख राहुल द्रविड़ को कोच पद की जिम्मेदारी दी गई। द्रविड़ इससे पहले अंडर-19 और इंडिया-ए टीम को कोचिंग दे चुके थे। कोच के साथ-साथ टीम को नया कप्तान भी मिला। विराट कोहली के हटने के बाद रोहित शर्मा टीम के कप्तान बने थे। कोच और कप्तान की नई जोड़ी से इस साल टी20 वर्ल्ड कप में टीम को सफलता की उम्मीद थी, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। टीम इंडिया सेमीफाइनल में इंग्लैंड को सामने ढेर हो गई। इसके भारत की योजनाओं और खेलने के तरीकों पर सवाल उठने लगे। हरभजन सिंह ने टी20 सेट-अप में बदलाव की मांग की है। उन्होंने कहा है कि राहुल द्रविड़ की जगह टी20 क्रिकेट को अच्छी तरह से जानने वाले गुजरात टाइटंस के कोच आशीष नेहरा को यह जिम्मेदारी सौंपनी चाहिए।







ग्लासगो में बिली जीन किंग टेनिस में जीत के बाद उत्साहित एलीसिश बारनेट व ओलिविया निकोल्स।

### शीर्ष अदालत ने फुटबॉल को आगे बढ़ाये जाने की जरुरत बतायी, न्याय मित्र को सुझाव देने कहा

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि फुटबॉल एक लोकप्रिय खेल है जिसे आगे ले जाने की जरूरत है। शीर्ष अदालत ने लोगों को खेल के राष्ट्रीय महासंघ के संविधान के मसौदे पर सहायता के लिए न्याय मित्र को सुझाव देने को भी कहा। इससे पहले प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति हिमा कोहली और न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला की पीठ को अवगत कराया गया कि अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) के संविधान मसौदे पर आपत्तियां प्राप्त हुई हैं। अदालत ने अपने आदेश में कहा, कि न्याय मित्र के तौर पर काम कर रहे वरिष्ठ अधिवक्ता गोपाल शंकरनारायणन आपत्तियों को सारणीबद्ध करें जिससे कि संविधान को अंतिम रूप दिया जा सके। पीठ ने कहा कि एआईएफएफ के फोरेंसिक ऑडिट की रिपोर्ट भी प्राप्त हो गई है।



ब्रिटेन में बिली जीन किंग फाइनल में खेलती हुई ऑस्ट्रेलिया की स्टार्म सेंडर्स।

# हेमंत सोरेन का बड़ा दांव, 27% हुआ ओबीसी आरक्षण, झारखंड में अब 77 फीसदी रिजर्वेशन

## 1932 का खतियान और ओबीसी आरक्षण का बिल झारखंड विधानसभा से पास विपक्ष पर बरसे हेमंत सोरेन, कहा : हम एजेंसियों के भरोसे राजनीति नहीं करते

**रांची।** झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन ने 1932 खतियान आधारित स्थानीय नीति संबंधित विधेयक को विधानसभा से पारित करा कर अपने सबसे बड़े चुनावी वायदे को पूरा कर लिया है। सीएम हेमंत सोरेन ने विधानसभा में विधेयक को पेश करते हुए कई जानकारी दी। उन्होंने कहा कि अधिनियम के तहत परिभाषित स्थानीय व्यक्ति सामाजिक सुरक्षा, सामाजिक बीमा और रोजगार-बेरोजगारी के संबंध में राज्य की सभी योजनाओं और नीतियों के हकदार होंगे। स्थानीय नागरिक को अपनी भूमि, रोजगार, कृषि ऋण और अन्य ऋण पर विशेषाधिकार और संरक्षण प्राप्त होगा। इस अधिनियम के तहत पहचाने गए स्थानीय व्यक्ति ही राज्य सरकार के वर्ग



तीन और चार के पदों के विरुद्ध नियुक्ति के लिए पात्र होंगे।

झारखंड में 1932 के खतियान के आधार पर स्थानीय नीति तय करने के लिए शुक्रवार (11 नवंबर) को बुलाये गये विधानसभा के विशेष सत्र के दौरान मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने विपक्षी दलों को आड़े हाथ लिया। हेमंत सोरेन ने कहा, ह्यआपके जैसे बेवकूफ नहीं हैं हम। आदिवासी अब बोका नहीं रहा। यही बोका आपको धो-पोंछकर बाहर फेंक देगा।

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सदन को संबोधित करते हुए भारतीय जनता पार्टी और उसके सहयोगी दलों पर जमकर वार किया। भाजपा को आदिवासी, दलित, अल्पसंख्यक विरोधी करार दिया। कहा कि भाजपा नेताओं के बड़े-बड़े कारोबारी दोस्त देश की हजारों करोड़ की संपत्ति लेकर विदेशों में जाकर बस जाते हैं। उन पर कोई कार्रवाई नहीं होती। अगर गांव का किसान कर्ज न चुका पाये, तो उसे जेल में ठूंस दिया जाता है। मुख्यमंत्री ने बिना नाम लिये भारतीय जनता पार्टी और ऑल झारखंड स्टूडेंट्स यूनियन (आजसू) पार्टी को विचित्र समूह की संज्ञा दी। इतना ही नहीं, उन्होंने विपक्षी दलों को राज्य को बर्बाद करने वाला गिरोह करार दिया. झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के कार्यकारी अध्यक्ष ने कहा कि ये लोग षड्यंत्रकारी हैं। ये जब सरकार में थे, तो उनकी सारी नीतियां गलत थीं। उनके सारे बिल फंस जाते थे। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि उनकी सरकार ने जो स्थानीय नीति बनायी है, वह सिर्फ सरकारी नौकरी के लिए नहीं है। अन्य सभी रोजगार से भी इसे जोड़ा जायेगा। इस विधेयक का दायरा बहुत बड़ा है। हेमंत सोरेन ने कहा कि उनकी सरकार भाजपा सरकार की तरह लोगों को छलने और ठगने का काम नहीं करती। भाजपा सरकार में नियुक्तियां निकलती थी और कानूनी पचड़े में फंस जाती थी। महागठबंधन की सरकार की नियुक्तियों में कभी कोई पेच नहीं फंसा।

## अतीक की पत्नी शाइस्ता परवीन प्रयागराज से लड़ेंगी महापौर का चुनाव

**प्रयागराज।** प्रयागराज के बाहुबली पूर्व सांसद अतीक अहमद की पत्नी शाइस्ता परवीन भी पति की राह पर चलते हुए चुनाव लड़ने की घोषणा की है। शाइस्ता ने शुक्रवार को प्रयागराज से महापौर का चुनाव लड़ने का ऐलान किया। शाइस्ता ने कहा कि वह बसपा प्रमुख मायावती से मिलने की कोशिश में हैं। मायावती से मिलकर बसपा का समर्थन मांगेंगी। शाइस्ता परवीन ने इससे पहले विधानसभा चुनाव भी लड़ने की घोषणा की थी।

ओवैसी की पार्टी एआईएमआईएम से टिकट भी मिल गया था लेकिन उन्होंने नामांकन ही नहीं किया था। अतीक अहमद इस समय गुजरात की अहमदाबाद जेल में बंद है। शाइस्ता परवीन ने कहा कि वह असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी एआईएमआईएम और बसपा की संयुक्त प्रत्याशी के रूप में मेयर चुनाव में उम्मीदवारी की कोशिश में हैं। शाइस्ता परवीन शुक्रवार को न्यूज रिपोर्टर्स क्लब में पत्रकारों से बातचीत कर रही थीं।

## हुमा कुरैशी ने कराया ग्लैमरस फोटोशूट, तस्वीरों से नहीं हटेंगी नजरें



**नई दिल्ली।** बॉलीवुड एक्ट्रेस हुमा कुरैशी आज किसी पहचान की मोहताज नहीं रह गई हैं। उन्होंने अपनी बेहतरीन अदाकारी के दम पर इंडस्ट्री में ही नहीं, दर्शकों के दिलों में भी अपने लिए एक खास जगह बना ली है। आज वह जब भी पर्दे पर आती हैं, कोई न कोई कमाल ही दिखा जाती हैं। हुमा ने अब तक के करियर में ही कई तरह के अलग-अलग किरदारों को बखूबी पर्दे पर उतारा है। हुमा अपनी फिल्मों और किरदारों के कारण तो हमेशा ही सुर्खियों में रही हैं। इसके अलावा इन दिनों वह अपने ड्रेसिंग सेंस और लुक्स के कारण भी चर्चा में रहने लगी हैं। उनके फैंस दुनियाभर में मौजूद हैं और लोग उनकी एक झलक के मोहताज रहते हैं। ऐसे में हुमा सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। अब फिर से एक्ट्रेस ने अपनी अदाओं से होश उड़ा दिए हैं। इंस्टाग्राम पर शेयर की गई तस्वीरों में हुमा को रेड कलर का कोट-पैंट में देखा जा सकता है। इस लुक में वह काफी ग्लैमरस दिख रही हैं।

## खास खबर

### कुसुम फेम सिद्धांत वीर सूर्यवंशी की 46 साल की उम्र में मौत, जिम में आया हार्ट अटैक

टीवी इंडस्ट्री से बेहद दुखद खबर आई है। सीरियल कुसुम फेम एक्टर सिद्धांत वीर सूर्यवंशी की मौत हो गई है। सिद्धांत महज 46 साल के थे। बताया जा रहा है कि वह जिम में वर्कआउट कर रहे थे तभी वह अचानक गिर पड़े। उन्हें तुरंत अस्पताल ले जाया गया जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। मामले में पुलिस को सूचित कर दिया गया है और कानूनी प्रक्रिया शुरू हो गई है। पिछले कुछ समय में टीवी इंडस्ट्री से यह तीसरी दुखद खबर रही जब अचानक किसी एक्टर की मौत हुई। इससे पहले राजू श्रीवास्तव को जिम में दिल का दौरा पड़ा था। वहीं दीपेश भान क्रिकेट खेलते वक्त अचानक गिर पड़े थे और उन्होंने दम तोड़ दिया था। एक्टर जय भानुशाली ने अपने इंस्टाग्राम पर सिद्धांत की मौत पर दुख जताया। उन्होंने सिद्धांत की तस्वीर शेयर कर लिखा, बहुत जल्दी चले गए। जय को उनके कॉमन दोस्त की जरिए पता चला कि जिम में वह बेहोश हो गए और मौत हो गई।

### मस्जिद में 10 वर्षीय लड़की से छेड़छाड़ आरोपी मौलवी दबोचा

उत्तर-पूर्वी दिल्ली के मौजपुर इलाके की एक मस्जिद के अंदर कथित तौर पर 10 वर्षीय एक बच्ची के साथ छेड़छाड़ करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने शुक्रवार को इस बारे में जानकारी देते हुए बताया कि आरोपी मौलवी को गिरफ्तार कर लिया गया है और आगे की जांच जारी है। दिल्ली पुलिस ने कहा कि मोहम्मद इमरान (24) को उस घटना के सिलसिले में गिरफ्तार किया गया है जिसकी रिपोर्ट बुधवार को जाफराबाद पुलिस थाने में दर्ज कराई गई थी। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा कि आरोपी के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की (आईपीसी) धारा 354, 341 और यौन अपराधों से बच्चों के संरक्षण अधिनियम की धारा 10 के तहत मामला दर्ज किया गया है। अधिकारी ने बताया कि बिहार के किशनगंज का रहने वाला इमरान मस्जिद के अंदर छात्रों को पढ़ाता था।

## यूक्रेन के खेरसॉन से रूसी सैनिकों की वापसी पूरी

### लड़ाई में अब तक का सबसे बड़ा झटका



**नई दिल्ली।** यूक्रेन के खेरसॉन शहर से रूसी सैनिकों की वापसी पूरी हो गई है। रूस के रक्षा मंत्रालय ने शुक्रवार को कहा कि उसने यूक्रेन के दक्षिणी खेरसॉन क्षेत्र में नीपर नदी के पश्चिमी किनारे से अपने सभी सैनिकों की वापसी पूरी कर ली है। रूस की सरकारी समाचार एजेंसियों ने मंत्रालय के हवाले से एक बयान में कहा कि शुक्रवार सुबह 5 बजे सैनिकों की वापसी पूरी की गई और अब एक भी सैन्य इकाई वहां नहीं बची है। जिन क्षेत्रों से रूस की सेना ने वापसी की है उनमें खेरसॉन शहर भी शामिल है। यह एकमात्र क्षेत्रीय राजधानी है जिस पर मॉस्को ने यूक्रेन पर अपने हमलों के दौरान कब्जा किया था। रॉयटर्स ने रूस समर्थक एक ब्लॉगर्स के हवाले से कहा है कि रात में जब रूसी सैनिक नीपर नदी को पार कर रहे थे तब यूक्रेन की तरफ से भारी गोलीबारी की गई थी। वहीं, रूसी मंत्रालय ने कहा कि यूक्रेनी सेना ने अमेरिका की ओर से सप्लाई किए गए हिमार्स रॉकेट सिस्टम के साथ रात में पांच पर नीपर नदी क्रॉसिंग पर हमला किया था। रूस ने बुधवार को खेरसॉन से सैनिकों की वापसी का आदेश दिया। खेरसॉन से रूसी सैनिकों की वापसी काफी जल्दी में हुई है। टॉप अमेरिकी जनरल ने बुधवार को कहा था कि उनका अनुमान है नदी के उस पार रूस के करीब 20-30 हजार सैनिक है। इनकी निकसी में शायद सप्ताह भर का समय लग सकता है। रूस ने मात्र कुछ घंटों में सैनिकों की निकासी करके एक बार फिर सबको हैरान कर दिया है। यूक्रेन के रक्षा मंत्री ने गुरुवार को एक इंटरव्यू में रॉयटर्स को बताया कि उन्हें उम्मीद है कि रूसी सैनिकों की वापसी में कम से कम एक सप्ताह का समय लगेगा।

## ईडी ने किया संजय राउत की जमानत का विरोध, हाई कोर्ट ने हलफनामा दाखिल करने को कहा

**मुंबई।** बॉम्बे हाई कोर्ट ने शुक्रवार को राज्यसभा सांसद संजय राउत को एक विशेष अदालत द्वारा मनी लॉन्ड्रिंग मामले में दी गई जमानत को रद्द करने के लिए प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के आवेदन के जवाब में एक हलफनामा दाखिल करने को कहा। न्यायमूर्ति भारती डांगरे की एकल पीठ ने ईडी को अपने आवेदन में संशोधन करने की भी अनुमति दी क्योंकि संजय राउत को जमानत देने वाला विशेष अदालत का आदेश बुधवार को आवेदन दाखिल करने के समय उपलब्ध नहीं था। मामले की अगली सुनवाई 25 नवंबर को होगी। केंद्रीय एजेंसी ने संजय राउत के अलावा सह आरोपी प्रवीण राउत को मिली जमानत को भी चुनौती दी है। अदालत ने कहा कि आवेदनों में 14 नवंबर तक संशोधन किया जाएगा। प्रतिवादी (संजय राउत और प्रवीण राउत) एक सप्ताह बाद अपना जवाब हलफनामा दाखिल करेंगे। मामले की सुनवाई 25 नवंबर को होगी। ईडी की ओर से अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल अनिल सिंह ने 21 नवंबर से पहले इस मामले की सुनवाई की मांग रखी। सिंह ने तर्क दिया कि विशेष अदालत ने कुछ अनावश्यक टिप्पणी की है। इसका हम पर बहुत असर पड़ा है।

# भारत जोड़ो यात्रा में कार्यकर्ता की मौत, राहुल ने जताया शोक, आदित्य ठाकरे भी हुए शामिल

## महाराष्ट्र के नांदेड़ जिले में यात्रा पांच दिनों से जारी

**नई दिल्ली।** कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा का शुक्रवार को 65 वां दिन है। महाराष्ट्र के नांदेड़ जिले में यह पांच दिनों से जारी है। शुक्रवार दोपहर बाद यह पड़ोसी हिंगोली जिले में पहुंची। हिंगोली में ही शिवसेना (उद्धव बाला साहब ठाकरे) के नेता आदित्य ठाकरे ने यात्रा में राहुल गांधी का साथ दिया। जानकारी के मुताबिक, आदित्य ठाकरे महाराष्ट्र विधान परिषद में विपक्ष के नेता अंबादास दानवे, शिवसेना विधायक सचिन अहीर के साथ भारत जोड़ो पदयात्रा में शामिल हुए। राहुल गांधी के नेतृत्व में भारत जोड़ो यात्रा 7 सितंबर को तमिलनाडु के कन्याकुमारी से शुरू हुई थी। यात्रा आज 65 वें दिन में प्रवेश कर गई। 7 नवंबर की रात को यह पड़ोसी तेलंगाना प्रांत से महाराष्ट्र के नांदेड़ जिले के देगलुरु पहुंची थी।

बीते पांच दिनों से यह नांदेड़ जिले में भ्रमण कर रही है। यात्रा शुक्रवार सुबह अर्धपुर के नांदेड़-हिंगोली रोड स्थित दाभाड़ से फिर शुरू हुई। आज दोपहर बाद यह चोरम्बा फाटा से शुरू होकर रात में हिंगोली पहुंचेगी। सुबह करीब छह बजे यात्रा दोबारा शुरू होने के बाद सड़क पर लोगों ने गांधी का स्वागत किया. रास्ते में कांग्रेस नेता ने स्थानीय निवासियों से मुलाकात की और उनसे बातचीत की।



***18 नवंबर को बुलढाणा के शेगांव में सभा***

गांधी ने गुरुवार शाम को नांदेड़ में एक रैली को संबोधित किया था। वहां कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के नेता और अभिनेता सुशांत सिंह मौजूद थे। गांधी 18 नवंबर को बुलढाणा जिले के शेगांव में अपनी दूसरी जनसभा को संबोधित करने वाले हैं।

***20 नवंबर को मध्य प्रदेश में प्रवेश करेगी***

महाराष्ट्र में यात्रा 14 दिनों तक भ्रमण करेगी। वह राज्य के 15 विधानसभा और 6 संसदीय क्षेत्रों से होकर गुजरेगी। यह महाराष्ट्र के पांच जिलों में 382 किलोमीटर की दूरी तय करेगी। यह 20 नवंबर को मध्य प्रदेश में प्रवेश करेगी। यात्रा के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ता व सहयात्री पी. गणेश का निधन हो गया। उनके निधन पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शोक जताया है। राहुल गांधी ने शुक्रवार को एक फेसबुक पोस्ट में लिखा, ₹हमारे साथी यात्र पी गणेशन जी के निधन से गहरा दुख हुआ। वे कांग्रेस के एक प्रतिबद्ध कार्यकर्ता थे और पिछले 3 दशकों में पार्टी की हर यात्रा और अभियान में शामिल हुए थे। भारत जोड़ो यात्रा में हमने एक प्रिय साथी खो दिया है।''

***लड़के को खरगे ने उपहार में दिया लैपटॉप***

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने शुक्रवार को यहां एक स्कूली छात्र सर्वेश हटने को उपहार में लैपटॉप दिया। सर्वेश महाराष्ट्र के नांदेड़ का रहने वाला है और उसकी इच्छा सॉफ्टवेयर इंजीनियर बनने की है। राहुल गांधी ने सर्वेश से मुलाकात की। सर्वेश ने राहुल को बताया कि वह सॉफ्टवेयर इंजीनियर बनना चाहता है, लेकिन उसने कभी कंप्यूटर नहीं देखा है। उसके स्कूल में भी कंप्यूटर नहीं है।

## आप ने हिंदू देवताओं पर विवादित शपथ दिलाने राजेंद्र पाल गौतम को बनाया स्टार प्रचारक

### आप ने राष्ट्रीय राजधानी में होने वाले एमसीडी चुनावों के लिए स्टार प्रचारकों की लिस्ट जारी की



**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी ने राष्ट्रीय राजधानी में होने वाले एमसीडी चुनावों के लिए स्टार प्रचारकों की लिस्ट जारी की है। इस लिस्ट में हिंदू देवी-देवताओं पर विवादित शपथ दिलाने राजेंद्र पाल गौतम को भी स्टार प्रचारक बनाया गया है। दिल्ली नगर निकाय चुनावों में प्रचार की कमान पाने वाले नेताओं में कुल 30 लोग शामिल हैं। इन नेताओं में दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल और पंजाब के सीएम भगवंत मान, क्रिकेटर हरभजन सिंह के साथ पंजाब और दिल्ली के कई अन्य मंत्रियों को शामिल किया गया है। भाजपा ने आम आदमी पार्टी की ओर से राजेन्द्र पाल गौतम को स्टार प्रचारक बनाए जाने पर करारा हमला बोला है। भाजपा की दिल्ली यूनिट ने ट्वीट कर कहा है कि आम आदमी पार्टी का हिन्दू विरोधी चेहरा एकबार फिर बेनकाब हो गया है। आम आदमी पार्टी ने हिंदुओं से नफरत करने वाले राजेन्द्र पाल गौतम को अपना स्टार प्रचारक बनाया है। आम आदमी पार्टी द्वारा राज्य निर्वाचन आयोग को सौंपी गई स्टार प्रचारकों की लिस्ट में अरविंद केजरीवाल, उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया, पंजाब के सीएम भगवंत मान, दिल्ली के मंत्री गोपाल राय, कैलाश गहलोत, इमरान हुसैन, राज कुमार आनंद के नाम शामिल हैं। वहीं पार्टी सांसदों में संजय सिंह, सुशील गुप्ता, राघव चड्ढा, एनडी गुप्ता, हरभजन सिंह (क्रिकेटर) को जगह दी गई है।

## गांधीवादी मूल्य तेजी से प्रासंगिक होते जा रहे हैं : प्रधानमंत्री मोदी

### तमिलनाडु पहुंचे पीएम ने गांधीग्राम ग्रामीण संस्थान के 36वें दीक्षांत समारोह को संबोधित किया

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार को तमिलनाडु पहुंचे। यहां मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने उनका स्वागत किया। इससे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गांधीग्राम में रोड शो किया। इस दौरान उन्होंने लोगों का अभिवादन किया। वे उन्होंने गांधीग्राम ग्रामीण संस्थान के 36वें दीक्षांत समारोह को संबोधित किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गांधीग्राम ग्रामीण संस्थान, डिंडीगुल के 36वें दीक्षांत समारोह में संगीत उस्ताद इलियाराजा को डॉक्टरेट की मानद उपाधि प्रदान की। समारोह में मुख्यमंत्री एमके स्टालिन और राज्यपाल आरएन रवि मौजूद रहे।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि मैं आज उन सभी महान बुद्धिजीवियों को बधाई देता हूं जिन्होंने आज अपना पाठ्यक्रम पूरा किया है और साथ ही उनके माता-पिता भी जिनके बलिदानों ने आखिरकार इसे संभव बनाया है। गांधीग्राम का उद्घाटन स्वयं महात्मा



गांधी ने किया था। ग्रामीण विकास के उनके विचारों की भावना को यहां देखा जा सकता है। गांधीवादी मूल्य तेजी से प्रासंगिक होते जा रहे हैं। चाहे वह संघर्ष को समाप्त करने के बारे में हो या जलवायु संकट के बारे में, महात्मा गांधी के विचारों में आज की कई चुनौतियों का जवाब है। गांधीग्राम ग्रामीण संस्थान के 36वें दीक्षांत समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि महात्मा गांधी से प्रेरित होकर हम आत्मानिर्भर भारत की दिशा में काम कर रहे हैं। महात्मा गांधी चाहते थे कि गांवों का विकास हो। साथ ही वे चाहते थे कि ग्रामीण जीवन के मूल्यों का संरक्षण किया जाए। उन्होंने कहा कि लंबे समय तक शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों के बीच असमानता बनी रही। लेकिन आज देश इसे सुधार रहा है। खादी महात्मा गांधी के दिल के बहुत करीब रही और आज यह काफी लोकप्रिय हो गया है। पिछले 8 वर्षों में खादी की बिक्री में 300 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि गांधी जी के लिए उचित स्वच्छता सुनिश्चित करना एक चिंता थी। इस दिशा में हमारी सरकार ने पूर्ण ग्रामीण स्वच्छता कवरेज, 6 करोड़ से अधिक नल के पानी के कनेक्शन और 2.5 करोड़ से अधिक बिजली कनेक्शन प्रदान किए। भारत का भविष्य युवाओं की 'कैन डू' पीढ़ी के हाथों में है। आज स्नातक करने वाले युवाओं को मेरा संदेश है कि आप नए भारत के निमार्ता हैं।

## युद्ध के बीच भारत ने कर दिया 'खेला'

### रूस से सस्ते में तेल खरीद अमेरिका को बेच रहा महंगा

**नई दिल्ली।** रूस और यूक्रेन के बीच पिछले नौ महीने से चल रहे युद्ध का असर दुनियाभर पर पड़ा है। अमेरिका जैसे पश्चिमी देश रूस के खिलाफ हैं और कई प्रतिबंध लगा चुके हैं। हालांकि, इन प्रतिबंधों की वजह से पश्चिमी देशों को भी नुकसान झेलना पड़ रहा है। इसी बीच, भारत ने बड़ा खेल कर दिया है। दरअसल, भारत अमेरिका को वैक्यूम गैसऑयल का एक्सपोर्ट कर रहा है। यह वीजीओ भारत ने रूस से सस्ती दरों पर खरीदा है और अमेरिका को महंगी दरों पर बेच रहा, जिससे मुनाफा भी हो रहा है। कहा जा रहा है कि युद्ध के दौरान पश्चिमी देश रूस की आपूर्ति को बदलने के लिए विकल्प चाहते हैं। अमेरिका और कनाडा ने यूक्रेन पर मॉस्को के आक्रमण पर रूसी तेल आयात पर प्रतिबंध लगा दिया था। रूसी कच्चे और तेल उत्पादों के आयात पर यूरोपीय संघ के प्रतिबंध क्रमशः 5 दिसंबर और 5 फरवरी को प्रभावी होंगे। इस बीच, दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा तेल आयातक भारत रूस से कच्चा तेल



पहले के मुकाबले अधिक खरीद रहा है और ज्यादा मार्जिन लेकर पश्चिमी देशों को एक्सपोर्ट कर रहा है। लेटेस्ट जानकारी के अनुसार, वैश्विक तेल व्यापारियों- विटोल और ट्रैफिगुरा ने भारतीय रिफाइनर नायरा एनर्जी से वीजीओ का एक-एक कार्गो खरीदा है, जो 10 डॉलर से 15 डॉलर प्रति बैरल के बीच है। सूत्रों ने कहा कि इन दरों पर दिसंबर में भारत के वाडिनार बंदरगाह से लोड होने वाले कार्गो के अमेरिका या यूरोप जाने की संभावना है। इससे पहले, अफ्रामैक्स टैंकर शंघाई डॉन ने रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड के जामनगर बंदरगाह से कम-से-कम 80,000 टन वीजीओ लोड किया, जो अक्टूबर के अंत से नवंबर की शुरूआत तक में अमेरिका पहुंचा।

# महिला की गर्दन की हड्डी टूटी थी, रेप की पुष्टि, फरीदाबाद केस में महिला के शव की नहीं हो पाई शिनाख्त

## फरीदाबाद में दिल्ली की निर्भया कांड से भी भयावह घटना, आरोपियों की तलाश तेज

**बल्लभगढ़।** सेक्टर-7ए पार्क के पास सुनसान गली में मंगलवार रात मिले महिला के शव की अभी तक शिनाख्त नहीं हो सकी है। पुलिस ने पोस्टमॉर्टम के बाद शव को पहचान के लिए बीके अस्पताल में रखवाया है। बुधवार को बीके अस्पताल में तीन सदस्यीय डॉक्टरों के बोर्ड ने शव का पोस्टमॉर्टम किया। सूत्रों के अनुसार, पोस्टमॉर्टम में महिला के साथ दुष्कर्म की पुष्टि हुई है। इसके अलावा महिला के सिर में किसी भारी वस्तु से वार किया गया। जिससे उसकी मौत हुई है। भारी वस्तु के वार से महिला की गर्दन की हड्डी भी टूटी मिली है। महिला के शरीर में पाइपनुमा वस्तु भी मिली है।

मामले में पुलिस सहित क्राइम ब्रांच की



पांच टीमें जांच में जुटी हैं। सेक्टर-3 पुलिस चौकी इंचार्ज सीमा को भी जांच का काम सौंपा गया है। केस को ट्रेस आउट करने के लिए साइबर सेल की भी मदद ली जा रही है। वहीं इस सेक्टर एरिया के घरों में काम करने वाली मेड आदि को से भी महिला के फोटो दिखाकर शिनाख्त कराई जा रही है। अभी तक महिला कुछ पता नहीं चला है। मिसिंग सेल से भी महिला की शिनाख्त के लिए मदद ली जा रही है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह का कहना है कि क्राइम ब्रांच सहित पुलिस की टीम केस में काम कर रही हैं। अभी महिला की शिनाख्त नहीं हो सकी है।

सेक्टर 7ए में मंगलवार रात निर्मम तरीके से महिला की हत्या से लोगों में आक्रोश है। महिला कांग्रेस की प्रदेश सचिव प्रियंका मनोज अग्रवाल ने कहा कि एक ओर बीजेपी सरकार बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ के नारे लगाती है, वहीं दूसरी ओर उनकी सरकार के राज में बेटियों के साथ इस कदर हैवानियत हो रही है। गुरुवार को प्रेस को जारी बयान में उन्होंने कहा कि बीजेपी सरकार के कुशासन में हरियाणा क्राइम हब और जिला फरीदाबाद महिला अत्याचारियों के लिए एक सुरक्षित गढ़ बन चुका है। उन्होंने कटाक्ष करते हुए कहा कि महिलाओं पर लगातार वार, कब जागेगी मनोहर सरकार। *एजेंसी*

## पूर्वोत्तर को गडकरी की सौगात, कहा- 2024 तक तीन लाख करोड़ की सड़क परियोजनाएं पूरी होंगी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने गुवाहाटी में पूर्वोत्तर राज्यों को लेकर बड़ा बयान दिया। उन्होंने कहा कि पूर्वोत्तर में 2024 तक लगभग तीन लाख करोड़ रुपये की सड़क परियोजनाओं को पूरा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यदि भू अधिग्रहण और वन मंजूरी के मुद्दों को राज्यों द्वारा समय से हल किया जाता है, तो पूर्वोत्तर को वर्ष 2024 में दो लाख करोड़ रुपये की एक और सड़क परियोजना मिल सकती है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि यदि हम पूरी हो चुकी, जारी और आगामी सड़क परियोजनाओं को शामिल करें, तो इसका कुल मूल्य करीब तीन लाख करोड़ रुपये होगा। ये सभी परियोजनाएं वर्ष 2024 तक पूरी की जाएंगी। उन्होंने कहा कि बड़ी सड़क परियोजनाओं के अलावा पूर्वोत्तर में रोपवे, पुल, परिवहन और राजमार्ग के यात्रियों के लिए सुविधा केंद्र से जुड़ी कई परियोजनाएं चल रही हैं।



यूपी के सोनभद्र में शुक्रवार को बड़ा रेल हादसा टल गया। खैराही रेलवे स्टेशन के पास तेज रफ्तार मालगाड़ी कपलिंग टूटने से दो हिस्सों में बंट गई। चोपन से चुनार की तरफ जा रही मालगाड़ी के साथ सुबह लगभग 10 बजे हादसा हुआ।


**सेंसेक्स**
सेंसेक्स 1,181.34 अंक बढ़कर 61,795.04 पर बंद हुआ


**सोना**
294 रुपये की बढ़त के साथ 52,663 रुपये प्रति 10 ग्राम

# शेयर बाजार भारी उछाल के साथ बंद

## सेंसेक्स 1,181.34 अंक करीब 1.95 फीसदी बढ़कर 61,795.04 पर बंद हुआ, निफ्टी भी 321.50 अंक करीब 1.78 फीसदी बढ़कर 18,349.70 पर बंद



**मुंबई।** मुम्बई शेयर बाजार शुक्रवार को भारी उछाल के साथ बंद हुआ। सप्ताह के अंतिम कारोबारी दिन बाजार में ये तेजी सूचना प्रौद्योगिकी, धातु और वित्तीय शेयरों में भारी लिवाली (खरीददारी) से आयी हैं। बाजार जानकारों के अनुसार अमेरिका में मुद्रास्फीति के आंकड़े अनुमान से कम रहने से भी बाजार उछला है। इसके अलावा अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपये में आई मजबूती और विदेशी पूंजी के प्रवाह से भी बाजार को बल मिला है। अमेरिकी मुद्रास्फीति में नरमी ने इन अटकलों को तेज कर दिया कि फेडरल रिजर्व ब्याज दरों में बढ़ोतरी की रफ्तार को धीमा कर सकता है। दिन भर के कारोबार के बाद तीस शेयरों वाला सेंसेक्स 1,181.34 अंक करीब 1.95 फीसदी बढ़कर 61,795.04 पर बंद हुआ। वहीं इसी प्रकार पचास शेयरों वाला नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 321.50 अंक करीब 1.78 फीसदी बढ़कर 18,349.70 पर बंद हुआ।

सेंसेक्स में सबसे अधिक 5.84 फीसदी की तेजी एचडीएफसी के शेयरों में हुई। इसके अलावा एचडीएफसी बैंक, इन्फोसिस, टेक महिंद्रा, एचसीएल टेक, टीसीएस, विप्रो, टाटा स्टील और रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयर भी उछले। वहीं दूसरी ओर महिंद्रा एंड महिंद्रा, एसबीआई, कोटक बैंक, डॉ रेड्डीज, आईसीआईसीआई बैंक और एनटीपीसी के शेयर गिरे हैं। इसके अलावा बीएसई स्मॉलकैप 0.15 फीसदी और मिडकैप 0.33 फीसदी ऊपर आया है।

दूसरी ओर अन्य एशियाई बाजारों में हांगकांग का हैंगसेंग 7.70 फीसदी, जापान का निक्की 2.98 फीसदी, दक्षिण कोरिया का कॉस्पी 3.37 फीसदी और चीन का शंघाई कंपोजिट 1.69 फीसदी बढ़ा है। दूसरी ओर यूरोपीय बाजार भी दोपहर के सत्र में लाभ में थे। अमेरिकी बाजार गत दिवस बढ़त के साथ बंद हुए थे।

## सोने , चांदी में तेजी



**नई दिल्ली।** घरेलू बाजार में शुक्रवार को सोने और चांदी की कीमतों में तेजी आई है। दिल्ली सराफा बाजार में आज सोना 294 रुपये बढ़ा है। वहीं चांदी की कीमतों में आज 638 रुपये की तेजी आई है। दिल्ली सराफा बाजार में सोना 294 रुपये की बढ़त के साथ 52,663 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। इससे पिछले कारोबारी सत्र में सोना 52,369 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। इसी तरह चांदी भी 638 रुपये की मजबूती के साथ 62,858 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई। चांदी का पिछला बंद भाव 51,947 रुपये प्रति किग्रा था।

## ट्विटर ब्लू पेड सब्सक्रिप्शन भारत में शुरू, देने होंगे 719 प्रति माह



**नई दिल्ली।** भारत में ट्विटर ब्लू पेड सब्सक्रिप्शन की शुरूआत हो गई है और इसकी कीमत 719 रुपए प्रति माह होगी। भारत में कुछ यूजर्स ने ट्विटर ब्लू सब्सक्रिप्शन के लिए मिले संकेतों की इमेज को शेयर करना शुरू कर दिया है। इन यूजर्स द्वारा शेयर की गई तस्वीरों के अनुसार भारत में ट्विटर ब्लू की कीमत अमेरिका के मुकाबले ज्यादा है। भारतीयों से प्रति माह 719 का शुल्क लिया जा रहा है, जो कि 8.93 है। हालांकि यह सामान्य शुल्क से ज्यादा है। इससे पहले ट्विटर ब्लू को लागू करते हुए मस्क ने कहा था कि विभिन्न देशों में परचेसिंग पावर के अनुपात में कीमत को समायोजित किया जाएगा। खबर के अनुसार रिपोट्र्स में बताया गया है कि फिलहाल कुछ ही लोगों को ट्विटर ब्लू के लिए ये संकेत मिले हैं। इससे पहले 6 नवंबर को मस्क ने पुष्टि की थी कि भारत में ट्विटर ब्लू के एक महीने से भी कम समय में शुरू होने की उम्मीद है। इससे पहले एलन मस्क ने बताया था कि ट्विटर पर ब्लू टिक के लिए हर महीन 8 डॉलर देने वाले यूजर्स को और सुविधाएं दी जाएंगी।

ब्लू टिक वाले यूजर्स को रिप्लाई और सर्च में प्राथमिकता मिलेगी। इस फीचर के जरिए स्पैम और बॉट अकाउंट को खत्म करने में आसानी होगी। हर महीने 8 डॉलर देने वाले यूजर्स को ट्विटर पर लंबे वीडियो और ऑडियो पोस्ट करने की भी सुविधा दी जाएगी। इन यूजर्स को उन पब्लिशर्स के कंटेंट के लिए भी कोई भुगतान नहीं करना पड़ेगा, जो इस सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के साथ मिलकर काम करते हैं। ब्लू टिक के लिए पैसे वसूलने की योजना पर एलन मस्क ने कहा कि यूजर्स से मिलने वाली रकम का इस्तेमाल ट्विटर के कंटेंट क्रिएटर को प्रोत्साहित करने में किया जाएगा।

## अशोक लेलैंड का मुनाफा दूसरी तिमाही में 199 करोड़ रहा

**नई दिल्ली।** हिंदुजा समूह की कंपनी अशोक लेलैंड का चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में मुनाफा 199 करोड़ रुपए रहा है। वाहन बिक्री बढ़ने से कंपनी का मुनाफा भी बढ़ा है। पिछले वर्ष की सितंबर तिमाही में कंपनी को 83 करोड़ रुपए का घाटा हुआ था। अशोक लेलैंड ने शेयर बाजारों को भेजी सूचना में बताया कि समीक्षाधीन अवधि में उसका राजस्व बढ़कर 8,266 करोड़ रुपए हो गया है। पिछले वर्ष समान अवधि में यह 4,458 करोड़ रुपए था। सितंबर तिमाही में कंपनी के घरेलू मध्यम एवं भारी वाणिज्यिक वाहनों की बिक्री बढ़कर 25,475 इकाई हो गई। एक साल पहले समान तिमाही में यह 11,988 इकाई थी।

इससे कंपनी की बाजार में हिस्सेदारी 9.6 फीसदी बढ़ गई। कंपनी ने बताया कि उसके हल्के वाणिज्यिक वाहनों की बिक्री भी 28 फीसदी बढ़कर 17,040 इकाई हो गई और हल्के, मध्यम तथा भारी वाणिज्यिक वाहनों का निर्यात एक साल पहले के 2,227 इकाई से 25 फीसदी बढ़कर 2,780 इकाई हो गया।

## एलन मस्क ने ट्विटर कर्मचारियों से कहा- मुश्किल वक्त के लिए रहें तैयार

*वर्क फ्रॉम होम को भी पूरी तरह खत्म करने का किया ऐलान*



**नई दिल्ली।** ट्विटर की कमान आने के बाद से ही एलन मस्क हर रोज कोई न कोई नया फैसला ले रहे हैं। एलन मस्क ने ट्विटर कर्मचारियों को कंपनी का मालिक बनने के बाद पहला ई-मेल किदि। हालांकि, इस मेल में उन्होंने कर्मचारियों को कोई खुशखबरी नहीं दी। मेल में एलन मस्क ने कर्मचारियों को चेताया कि आने वाले मुश्किल समय के लिए वे तैयार रहें। साथ ही उन्होंने ट्विटर में वर्क फ्रॉम होम को भी पूरी तरह खत्म करने का ऐलान कर दिया। एक मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक एलन मस्क ने कहा कि अब रिमोट वर्क यानी वर्क फ्रॉम होम की अनुमति नहीं दी जाएगी। कर्मचारियों से हर हफ्ते कम से कम 40 घंटे दफ्तर में रहना होगा। ट्विटर की कमान संभाले मस्क को लगभग 2 हफ्ते हुए हैं। इस दौरान उन्होंने लगभग आधे कर्मचारियों और उसके ज्यादा शीर्ष अधिकारियों की छुट्टी कर दी है। अपने ई-मेल में एलन मस्क ने कहा है कि ट्विटर की आर्थिक स्थिति किसी से छिपी नहीं है। उन्होंने कहा कि यह समय मीठी-मीठी बातें करने का नहीं है।

यह बताने की जरूरत नहीं है कि आर्थिक स्थिति क्या है और विज्ञापन पर निर्भर ट्विटर जैसी कंपनी पर इसका क्या असर हो सकता है। मस्क ने कहा कि कर्मचारियों को ऑफिस आना होगा। जिस कर्मचारी को कोई दिक्कत होगी, तो उसे इस नियम से छूट मिल सकती है।

एलन मस्क सभी ट्विटर यूजर्स से सब्सक्रिप्शन फीस चार्ज करने का प्लान कर रहे हैं। कल ही प्लेटफॉर्मर ने अपनी एक रिपोर्ट में बताया था कि हाल ही में एक मीटिंग में मस्क ने कर्मचारियों के साथ इस विचार पर चर्चा की थी। मस्क की योजना है कि यूजर्स को बस कुछ समय के लिए ही ट्विटर सर्विस फ्री में उपलब्ध कराई जाए। तय समय सीमा के समाप्त होने के बाद जो यूजर्स ट्विटर का प्रयोग करना चाहते हैं, उनसे इसके लिए कुछ रुपए लिए जाएं। हालांकि अभी यह साफ नहीं है कि नया नियम कब लागू होगा और मस्क इसको लेकर कितने गंभीर है।

## रुपए में गिरावट का फायदा कुछ चुनिंदा कंपनियों को

**मुंबई।** भारतीय क्लीयरिंग कारपोरेशन के आंकड़ों के अनुसार इस साल 10 नवंबर तक रुपए में डालर की तुलना में 10 फीसदी की गिरावट आ चुकी है। इस गिरावट का लाभ कुछ भारतीय कंपनियों को हो रहा है। डॉलर की मुद्रा रुपए की तुलना में मजबूत होने से आईटी सेक्टर की इंफोसिस, टीसीएस, विप्रो और एचसीएल टेक जैसी कंपनियों को जबरदस्त फायदा हुआ है। डॉलर के रेट बढ़ने से मेटल सेक्टर में काम करने वाली वेदांता रिसोर्सेज और टेलीकॉम में एयरटेल और सुमित डिजिटल जैसी कंपनियों को जबरदस्त मुनाफा हुआ है। उपरोक्त कंपनियों को जो भुगतान प्राप्त होता है उसका बड़ा हिस्सा डालर के रूप में होता है। वहीं इनका अधिकांश खर्च भारतीय मुद्रा में होता है। जिसके कारण उपरोक्त क्षेत्र की कंपनियों को डॉलर के रेट बढ़ने से फायदा हो रहा है। वहीं विदेशी कर्ज लेते समय जिन भारतीय कंपनियों ने डालर के अवमूल्यन को लेकर समझौता किया हुआ है। उनको भी इसका लाभ मिल रहा है।

## कर्ज में डूबी फ्यूचर रिटेल को खरीदने मैदान में उतरे अडानी और अंबानी



**मुंबई।** एशिया के प्रमुख कारोबारी में से एक गौतम अडानी और रिलायंस डंडस्ट्रीज के मालिक अरबपति मुकेश अंबानी कर्ज में डूबे फ्यूचर रिटेल लिमिटेड को खरीदने के लिए मैदान में उतर चुके हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार मुकेश अंबानी और गौतम अडानी के अलावा 13 अन्य इसे खरीदने के लिए दांव लगाने के लिए तैयार हैं। अप्रैल मून रिटेल प्राइवेट लिमिटेड, अडानी एयरपोर्ट होल्डिंग्स और फ्लेमिंगो ग्रुप, रिलायंस रिटेल वेंचर्स के साथ-साथ 13 अन्य फर्मों के बीच एक संयुक्त उद्यम ने फ्यूचर रिटेल के लिए एक्सप्रेशन ऑफ इंटरेस्ट (ईओआई) जमा किए हैं। रिलायंस इंडस्ट्रीज और अडानी समूह ने इस पर कोई जवाब नहीं दिया है। रिलायंस ने डील को किया था मनाफ्यूचर ग्रुप की फ्लैगशिप रिटेल यूनिट फ्यूचर रिटेल के लिए ईओआई जमा करने की समय सीमा इस महीने की शुरूआत में समाप्त हो गई, जो कभी देश की दूसरी सबसे बड़ी रिटेलर थी। बाद में इसे बैंकों की ओर से इस पर दिवालियापन की कार्यवाही की गई, क्योंकि रिलायंस इंडस्ट्रीज ने अपनी संपत्ति की 3.4 अरब डॉलर के डील को मना कर दिया। अमेरिकी ई-कॉमर्स दिग्गज ने फ्यूचर पर रिलायंस के साथ डील कर कुछ कॉन्ट्रैक्ट्स का उल्लंघन करने का आरोप लगाया है। वहीं ईओआई आवेदन जमा करने वाली अन्य संस्थाओं में शालीमार कॉर्पोरेशन लिमिटेड, नवला स्टील एंड पावर, यूनाइटेड बायोटेक, डब्ल्यूएचस्मिथ ट्रैवल, कैपरी ग्लोबल होल्डिंग्स शामिल हैं। गौरतलब है कि अगस्त में कुल 33 कर्जदाताओं ने लगभग 210.6 बिलियन रुपए (2.59 बिलियन डॉलर) के कर्ज दावे प्रस्तुत किए थे।

## रुपया बढ़त के साथ बंद

**मुंबई।** अमेरिकी डॉलर के मुकाबले शुक्रवार को भारतीय रुपया ऊपर आया है। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में शुक्रवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 62 पैसे बढ़कर 80.78 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ। बाजार सूत्रों ने कहा कि घरेलू शेयर बाजार में तेजी के रुख तथा विदेशी निवेशकों के सतत निवेश के कारण भी रुपये को बल मिला। वहीं अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 80.76 पर खुला। कारोबार के दौरान 80.58 के दिन के उच्चस्तर और 80.99 के निचले स्तर पर पहुंचने के बाद अंत में यह 62 पैसे की तेजी के साथ 80.78 प्रति डॉलर पर बंद हुआ। पिछले कारोबारी सत्र में रुपया 81.40 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। जानकारों के अनुसार अमेरिकी डॉलर और घरेलू बाजारों में तेजी के कारण भारतीय रुपये में मजबूती आई। निरंतर विदेशी निवेश बढ़ने के कारण भी रुपये को समर्थन मिला। हालांकि, कच्चे तेल की कीमतों में तेजी ने रुपये की बढ़त पर अंकुश लगा दिया। इस बीच, दुनिया की छह प्रमुख मुद्राओं की तुलना में डॉलर की कमजोरी या मजबूती को दशार्ने वाला डॉलर सूचकांक 0.82 फीसदी घटकर 107.31 रह गया।

## बैंक ऑफ बड़ौदा ने लोन पर बढ़ाई ब्याज दरें




**मुंबई।** सरकारी क्षेत्र के बैंक ऑफ बड़ौदा ने लोन पर ब्याज दरों को बढ़ा दिया है। इससे अब बैंक के होम लोन ग्राहकों को बढ़ी हुई ईएमआई चुकानी होगी। देश के इस बड़े पीएसयू बैंक ने एमसीएलआर को 0.15 फीसदी बढ़ा दिया है। ब्याज दर में यह बढ़ोतरी विभिन्न अवधि के कर्ज के लिए की गई है। बैंक ऑफ बड़ौदा ने शेयर बाजार को दी गई सूचना में कहा कि बैंक ने 12 नवंबर, 2022 से एमसीएलआर आधारित ब्याज दर में संशोधन को मंजूरी दी है। इस साल मई से ही निजी और सरकारी दोनों तरह के बैंकों ने अपनी लोन और जमा की दरों को बढ़ाया है। बैंक ने एक साल की अवधि के कर्ज के लिए एमसीएलआर को 0.10 फीसदी बढ़ाकर 8.05 फीसदी कर दिया है। इसी दर से पर्सनल, ऑटो और होम लोन जैसे ज्यादातर उपभोक्ता कर्ज जुड़े होते है। ऐसे में ग्राहकों को अब बढ़ी हुई ईएमआई चुकानी होगी। इसके अलावा छह महीने की एमसीएलआर को 10 आधार अंक बढ़ाकर 7.90 कर दिया गया है। तीन महीने और एक महीने की एमसीएलआर में भी 10 आधार अंक की बढ़ोतरी की गई है। अब 12 नवंबर से तीन महीने की एमसीएलआर 7.75 फीसदी होगी। जबकि एक महीने की एमसीएलआर 7.70 फीसदी होगी। ब्याज दरों में सबसे अधिक बढ़ोतरी ओवरनाइट एमसीएलआर में हुई है। ओवरनाइट एमसीएलआर में 15 आधार अंक की बढ़ोतरी हुई है। इसे 7.10 फीसदी से बढ़ाकर 7.25 कर दिया गया है।

## एप्पल का बाजार पूंजीकरण एक दिन में 191 अरब डॉलर चढ़ा, एपल ने एक दिन में कर डाली एलन मस्क की कुल नेटवर्थ से ज्यादा कमाई



**नई दिल्ली।** अमेरिकी शेयर बाजारों में गुरुवार को जोरदार तेजी की वजह से दुनिया के सबसे बड़ी कंपनी एपल को भी काफी फायदा हुआ। आईफोन बनाने वाली इस कंपनी का बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) एक दिन में 191 अरब डॉलर चढ़ गया। यह दुनिया के सबसे बड़े रईस एलन मस्क की नेटवर्थ से ज्यादा है। ब्लूमबर्ग बिलिनेयर इंडेक्स के मुताबिक मस्क की नेटवर्थ 184 अरब डॉलर है। गुरुवार को एपल के मार्केट कैप में 190.8 अरब डॉलर की तेजी आई। यह अमेरिका की किसी लिस्टेड कंपनी के इतिहास में सबसे ज्यादा है। इससे पहले यह रेकॉर्ड ऐमजॉन के नाम था। कंपनी ने फरवरी में एक ही दिन में 190.8 अरब डॉलर की कमाई की थी। एपल के शेयरों में गुरुवार को 8.8 फीसदी तेजी आई और इसके साथ ही कंपनी का मार्केट कैप 2.34 ट्रिलियन डॉलर पहुंच गया। हालांकि इस साल कंपनी के शेयरों में 17 फीसदी गिरावट आई है।

मार्केट कैप के हिसाब से एपल के बाद सऊदी अरामको, माइक्रोसॉफ्ट, अल्फाबेट, ऐमजॉन, बर्कशायर हैथवे, टेस्ला, यूनाइटेड हेल्थ, जॉनसन एंड जॉनसन और एक्सन मोबिल टॉप 10 में शामिल हैं। इस बीच दुनिया की सबसे बड़ी ई-कॉमर्स कंपनी ऐमजॉन के शेयरों में भी गुरुवार को 12.18 फीसदी तेजी आई। इससे साथ ही कंपनी का मार्केट कैप 985.79 अरब डॉलर पहुंच गया। कंपनी के फाउंडर जेफ बेजोस (खीाा ई९ङ्ग२) की नेटवर्थ 10.5 अरब डॉलर का इजाफा हुआ। हालांकि कंपनी के साथ एक अनचाहा रेकॉर्ड चस्पा हुआ है। कंपनी एक लाख करोड़ डॉलर मार्केट कैप गंवाने पहली लिस्टेड कंपनी बन गई है। इससे पहले बुधवार को कंपनी के शेयरों में 4.3 फीसदी गिरावट आई। इससे कंपनी की मार्केट वैल्यू 879 अरब डॉलर रह गई थी। जुलाई 2021 में कंपनी की मार्केट वैल्यू रेकॉर्ड 1.88 लाख करोड़ डॉलर पहुंच गई थी।

## रॉयल एनफील्ड सुपर मीटियर 650 से उठा पर्दा, सोशल मीडिया हैंडल पर रियर लुक की झलक दिखाई



**नई दिल्ली।** महंगी बाइक बनाने वाली कंपनी रॉयल एनफील्ड ने सुपर मीटियर 650 से आखिरकार पर्दा उठा दिया। कंपनी ने बाइक की अपने सोशल मीडिया हैंडल पर रियर लुक की झलक दिखाई। इससे पहले इस मोटरसाइकिल के फोटोज इंटरनेट पर भी लीक हो चुके हैं। इस बाइक को 2022 ईआईसीएमए इवेंट में पेश किया गया।इन फोटोज में इसे रेड और ब्लैक के डुअलर कलर टोन में देखा गया था।ये देखने में काफी हद तक बजाज एवेंजर से मिलती-जुलती नजर आती है।सुपर मीटियर 650 में 1,500 मिमी के लंबे व्हीलबेस के साथ एक लो-प्रोफाइल दिया गया है जिसका डिजाइन मीटियर 350 की तरह ही है लेकिन यह ज्यादा प्रीमियम और दिखता है।चेन्नई स्थित बाइक निमार्ता ने बाइक के दो वेरिएंट पेश किए हैं जिनमें स्टैंडर्ड और टूरर शामिल हैं।टूरर ट्रिम में एक लंबी विंडस्क्रीन, एक पिलर बैकरेस्ट, ड्यूल सीट्स, पैनियर, एक टूरिंग हैंडलबार और बड़े फुटपेग जैसे कई आराम-बढ़ाने वाले बिट्स मिलते हैं।इंजन इंटरसेप्टर और कॉन्टिनेंटल जीटी के समान 648सीसी, पैरेलल-ट्विन मोटर है। हालांकि, बिजली उत्पादन 46.2बीएचपी पर थोड़ा कम है जो 7,250आरपीएम पर आता है। जबकि टॉर्क आउटपुट पहले की तरह 52 एनएम है। ब्रेकिंग ड्यूटी के लिए फ्रंट में 320एमएम का डिस्क और रियर में 300एमएम का रोटर है.फीचर की बात करें तो यह मोटरसाइकिल एक सेमी-डिजिटल इंस्ट्रूमेंट क्लस्टर से लैस है जो मीटियर 350 में मौजूद यूनिट की तरह दिखता है।इसके अलावा, मुख्य क्लस्टर के साथ आरई का ट्रिपर नेविगेशन सिस्टम है।जहां हेडलैंप और टेल लैंप में एलईडी शामिल हैं, वहीं टर्न इंडिकेटर्स में पारंपरिक बल्ब दिए गए हैं।साइकिल के पुर्जों के लिए, सुपर मीटियर 650 बाइक 19-16-इंच अलॉय व्हील्स के साथ आती है जो 43 मिमी अपसाइड-डाउन फोर्क और ड्यूल स्प्रिंग्स मिलते हैं। *एजेंसी*

## संक्षेप

### जेएसडब्ल्यू स्टील उत्पादन 25 प्रतिशत बढ़ा

**नई दिल्ली।** इस्पात कंपनी जेएसडब्ल्यू स्टील का कच्चे इस्पात का एकल आधार पर उत्पादन अक्टूबर, 2022 में सालाना आधार पर 25 प्रतिशत बढ़कर 17.76 लाख टन हो गया। कंपनी ने अक्टूबर 2021 में 14.25 लाख टन कच्चे इस्पात का उत्पादन किया था। कंपनी का पिछले महीने फ्लैट रोल्ड (स्टील की चादर आदि) उत्पादों का उत्पादन 30 फीसदी बढ़कर 13.61 लाख टन हो गया। एक साल पहले यह 10.45 लाख टन था। वहीं लांग रोल्ड उत्पादों का उत्पादन 11 फीसदी बढ़कर 3.70 लाख टन रहा है। इसके अलावा अक्टूबर में कंपनी का क्षमता उपयोग भी बेहतर होकर 93 फीसदी हो गया है जो सितंबर में 89 फीसदी था।

### राज्यों का कर्ज चालू वित्त वर्ष में जीएसडीपी के मुकाबले 30-31 प्रतिशत रहेगा

**नई दिल्ली।** राज्यों का कर्ज चालू वित्त वर्ष में उनके सकल घरेलू उत्पाद (जीएसडीपी) के मुकाबले 30-31 प्रतिशत के ऊंचे स्तर पर रहेगा। क्रिसिल द्वारा जारी एक रिपोर्ट में कहा गया है कि राजस्व में मामूली वृद्धि और अपने साधनों से अत्यधिक कर्ज लेने के कारण राज्यों का कर्ज उच्चस्तर पर रहेगा। रेटिंग एजेंसी ने कहा कि जीएसडीपी के मुकाबले राज्यों का कुल कर्ज चालू वित्त वर्ष में 30-31 प्रतिशत तक रहने की संभावना है। यह आंकड़ा 2021-22 में 31.5 प्रतिशत था। क्रिसिल ने कहा कि वित्त वर्ष 2016-20 के दौरान 25 से 30 प्रतिशत की सीमा में रहने के बाद राज्यों का कर्ज वित्त वर्ष 2020-21 में 34 प्रतिशत के स्तर को पार कर गया था। इसके बाद वित्त वर्ष 2021-22 में यह 31.5 प्रतिशत पर आ गया। रिपोर्ट में कहा गया कि मामूली राजस्व वृद्धि के साथ उच्च पूंजीगत व्यय के चलते राज्यों की कर्ज जरूरतें बनी हुई हैं। हालांकि, राज्यों को एक लाख करोड़ रुपए की विशेष सहायता देने के केंद्र के फैसले से कुछ राहत मिल सकती है। यह सहायता अवसंरचना और डिस्कॉम सुधार पर खर्च के लिए दी जाएगी। क्रिसिल ने कहा कि उसका अनुमान 18 शीर्ष राज्यों के अध्ययन पर आधारित हैं। इन राज्यों में महाराष्ट्र, गुजरात, कर्नाटक, तमिलनाडु, उत्तर प्रदेश, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, राजस्थान, पश्चिम बंगाल, मध्य प्रदेश और केरल शामिल हैं।

### अडाणी ग्रीन एनर्जी का मुनाफा 49 प्रतिशत बढ़ा

**नई दिल्ली।** अडाणी ग्रीन एनर्जी का मुनाफा चालू वित्त वर्ष 2022-23 की जुलाई-सितंबर तिमाही में सालाना आधार पर 49 प्रतिशत बढ़कर 149 करोड़ रुपए रहा। मुख्य रूप से आय बढ़ने से कंपनी का लाभ बढ़ा है। अडाणी ग्रीन एनर्जी ने बीएसई को यह जानकारी दी। कंपनी का एकीकृत शुद्ध लाभ 30 सितंबर, 2021 को समाप्त तिमाही में 100 करोड़ रुपए रहा था। कंपनी की कुल आय चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में बढ़कर 1,686 करोड़ रुपए रही जो एक साल पहले इसी तिमाही में 1,411 करोड़ रुपए थी।

### जीएसटी ट्रांजिशनल क्रेडिट दावों के सत्यापन के दिशानिर्देश जारी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) ने जीएसटी ट्रांजिशनल क्रेडिट दावों के सत्यापन के लिए दिशानिर्देश जारी किए। विभाग ने कहा कि ऐसे करदाताओं को ऐसी कर वापसी को लेकर संशोधित रिटर्न भरने की अनुमति नहीं होगी। माल एवं सेवा कर जब एक जुलाई, 2017 को लागू किया गया, करदाताओं को ट्रान-1 और ट्रान-2 फॉर्म भरने और जीएसटी से पहले की व्यवस्था में दिए गए करों पर क्रेडिट लेने की अनुमति दी गई थी। उच्चतम न्यायालय ने जुलाई में राजस्व विभाग को दो महीने के लिए जीएसटी पोर्टल खोलने का निर्देश दिया था ताकि करदाता फॉर्म ट्रान-1 और ट्रान-2 को फाइल कर सकें। आदेश के अनुसार संशोधित ट्रांजिशनल दावा फॉर्म दाखिल करने के लिए जीएसटी पोर्टल एक अक्टूबर को दो महीने के लिए खोला गया। इन दावों का सत्यापन कर अधिकारी 90 दिन के भीतर करेंगे। यह अवधि 28 फरवरी, 2023 को समाप्त होगी। सीबीआईसी ने ऐसे क्रेडिट दावों की पात्रता निर्धारित करने के लिए दिशानिर्देश जारी किए हैं।

### टोयोटा किर्लोस्कर ने भारत में उत्पाद पोर्टफोलियो से अर्बन क्रूजर हटाया

**नई दिल्ली।** टोयोटा किर्लोस्कर ने भारत में अपने उत्पाद पोर्टफोलियो में से कॉम्पैक्ट स्पोर्ट्स यूटिलिटी व्हिकल (एसयूवी) अर्बन क्रूजर को हटा दिया है। कंपनी ने मारुति विटारा ब्रेजा के नए संस्करण अर्बन क्रूजर को सितंबर 2020 में बाजार में उतारा था जिसके बाद से इसकी 65,000 इकाइयों की थोक बिक्री हो चुकी है। कंपनी ने कहा कि ग्राहकों के अनुभव को और बेहतर बनाने के लिए उसकी उत्पाद रणनीति ग्राहकों की प्रतिक्रिया के आधार पर मॉडल लाने पर केंद्रित की गई है। उसने आगे कहा कि इसी क्रम में हमने टोयोटा अर्बन क्रूजर को हटाने का निर्णय लिया है। हमारा विश्वास है कि भारत में मौजूदा मजबूत एवं टिकाऊ उत्पादों की मदद से हम बाजार की जरूरतों को पूरा कर पाएंगे। इसमें कहा गया कि अर्बन क्रूजर ने कई लोगों को टोयोटा की गाड़ी पहली बार खरीदने के लिए प्रेरित किया विशेषकर दूसरी और तीसरे श्रेणी के बाजारों में और इस तरह नए ग्राहकों तक कंपनी की पहुंच बनाने में मदद दी।

### केनरा रोबेको म्यूचुअल फंड ने लॉन्च किया केनरा रोबेको मिड कैप फंड एनएफओ

**मुंबई।** भारत की परिसंपत्ति प्रबंधन क्षेत्र की प्रमुख कंपनियों में से एक, केनरा रोबेको म्यूचुअल फंड ने आज केनरा रोबेको मिड कैप फंड, एक ओपन-एंडेड इक्विटी योजना शुरू करने की घोषणा की, जो मुख्य रूप से मिड कैप कंपनियों की इक्विटी और इक्विटी संबंधित साधनों (इंस्ट्रूमेंट) में निवेश करेगी। इसका लक्ष्य होगा पाँच साल और उससे अधिक की दीर्घावधि में निवेश पर भारी लाभ प्रदान करना।केनरा रोबेको मिड कैप फंड का नया फंड ऑफर (एनएफओ) आज, 11 नवंबर, 2022 को खुलेगा और शुक्रवार, 25 नवंबर, 2022 को बंद होगा। कंपनी के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी श्री रजनीश नरूला ने कहा, केनरा रोबेको मिड कैप फंड निवेश के एकमुश्त और एसआईपी दोनों जरिये से लंबी अवधि में संपत्ति सृजन का आकर्षक अवसर प्रदान करेगा। श्रीदत्त भांडवलदर, इक्विटी प्रमुख एवं फंड प्रबंधक, ने कहा मिडकैप खंड में पिछले कुछ साल में आय में वृद्धि दर्ज करने वाली प्रमुख कंपनियों की बढ़ती संख्या और इनमें से 75 प्रतिशत का घरेलू कारकों पर निर्भर करने, नई थीम तथा खंड में कम जानी-मानी कंपनियों का बेहतर जोखिम-समायोजित मुनाफा देने के कारण ये मिडकैप खंड में आकर्षक निवेश का मौका प्रदान करते हैं। फंड हाउस के रूप में, केनरा रोबेको म्यूचुअल फंड का मुख्य रूप से सक्षम प्रबंधन और उचित मूल्यांकन वाली मजबूत विकासोन्मुख कंपनियों में निवेश करती है, केनरा रोबेको मिड कैप फंड का उद्देश्य है ऐसी मिड कैप कंपनियों में निवेश करना जिनमें उद्योग वृद्धि, कंपनी की वृद्धि और मजबूत प्रबंधन के तत्व परिलक्षित होते हों।

### नीति निमार्ताओं और उद्योग के भागीदारों ने एक हरित एवं टिकाऊ भविष्य की रूपरेखा तैयार की

**चंडीगढ़।** पंजाब में प्रथम ग्रीन समिट सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसमें लोकनीति निमार्ताओं और उद्योग पतियों ने एक मंच पर स्वच्छ वायु सुनिश्चित कर एक बेहतर कल के लिए चर्चा की, विचार साझा किए और नवप्रवर्तन पर ध्यान केंद्रित किया। हरित सम्मेलन-पंजाब संस्करण नाम से यह पहल समुदाय निर्माण, ज्ञान, परामर्श और मीडिया संगठन एपीएसी न्यूज नेटवर्क द्वारा किया गया जिसमें राजकाज, ऊर्जा, स्वास्थ्य, शिक्षा और अन्य स्टार्टअप क्षेत्रों के लिए टिकाऊ प्रौद्योगिकी एवं नव प्रवर्तन के महत्व पर जागरूकता पैदा करने पर ध्यान केंद्रित किया गया। सभी के लिए एक स्वच्छ, हरित एवं प्रदूषण मुक्त वातावरण बनाने में विश्वास के साथ इस ग्रीन समिट पहल को थिंक गैस द्वारा सहयोग प्रदान किया गया। इस कार्यक्रम में माननीय मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव और नवीन एवं अक्षय ऊर्जा स्रोत विभाग के अपर मुख्य सचिव, पंजाब सरकार ए वेणुप्रसाद ने मुख्य अतिथि के तौर पर अध्यक्षता की जबकि ऊर्जा विभाग के प्रधान सचिव श्री तेजवीर सिंह सम्मानित अतिथि रहे। साथ में चंडीगढ़ स्थित ब्रिटिश उप उच्चायुक्त सुश्री कैरोलिन रोवेट भी मौजूद रहीं।

# नगरीय निकायों में कराये जाने वाले विकास कार्यो की सचिव ने की समीक्षा

**बैठक**

### जल भराव वाले स्थानों को चिन्हित कर जल निकासी कराये जाने की समुचित व्यवस्था कराये जाने का निर्देश


नगरीय निकायों में कराये जाने वाले विकास कार्यो की समीक्षा करते सचिव

**ज्ञानपुर।** नगर विकास विभाग के सचिव अनिल कुमार शुक्रवार को जनपद के दौरे पर रहें। जनपद भ्रमण के दौरान नगर विकास के सचिव अनिल कुमार ने नगर निकाय द्वारा संचालित नगर सेवा पखवाड़ा के अन्तर्गत विभिन्न नगर निकायों में कराये जाने वाले कार्यो एवं अन्य नगरीय विकास कार्यो के बारे में कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी गौरांग राठी के साथ बैठक कर विस्तृत जानकारी प्राप्त की।नगर भ्रमण के दौरान सचिव नगर विकास ने नगर पालिका गोपीगंज में वेंडिंग जोन व नगर पंचायत ज्ञानपुर के वार्ड नंबर एक सहित कई वार्डों व क्षेत्रों का निरीक्षण किया। जल निकासी व्यवस्था के सम्बन्ध में उन्होंने सभी नगर पालिकाओं, नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारियों को निर्देशित करते हुये कहा कि जल भराव वाले स्थानों को चिन्हित कर जल निकासी की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करायें। आवश्यकतानुसार पम्पसेट आदि का प्रयोग भी सुनिश्चित किया जाय। उन्होने कहा कि जल भराव वाले स्थानों पर नियमित रूप से एन्टी लारवा का छिड़काव भी कराया जाय। सचिव नगर विकास ने कहा कि नगर के समस्त क्षेत्रों में जलापूर्ति के शुद्धता की जांच हेतु जल के नमूने एकत्र कर उनका ओटी टेस्ट तथा वायरोलॉजिकल, बैक्टीरियोलॉजिकल एवं केमिकल एनालिसिस कराया जाय। बैठक में अपर जिलाधिकारी शैलेंद्र कुमार मिश्र, उप जिलाधिकारी ज्ञानपुर अश्वनी पांडेय, जलनिगम अर्बन के जीएम ए सी दुबे, अधिशासी अभियंता गंगा प्रदूषण संजय कुमार, जिला सूचना अधिकारी डॉ पंकज कुमार सहित सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहें।

## अपना दल एस विधानसभा की बैठक संपन्न

**भदोही।** अपना दल एस के बैनर तले विधानसभा की मासिक बैठक घमहापुर में हरिलाल पाल के अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। जिसमें मुख्य अतिथि रहे अपना दल एस के प्रदेश सचिव अनुसूचित मंच गुलाब चंद सरोज ने डॉ भीम राव अम्बेडकर जी एवं पार्टी संस्थापक स्व. डॉ सोनेलाल पटेल के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर बैठक प्रारम्भ की। संचालन कर रहे अपना दल एस के जिला उपाध्यक्ष जितेंद्र पटेल ने अपने विचार रखते हुए कहा कि सभी पदाधिकारियों को दिशा निर्देश व मार्गदर्शन करते हुए नगर निकाय चुनाव की तैयारियों में पूरी तरह लग जाने व कमर कस लेने की बात कही। ताकि चुनाव में सफलता के नए आयाम हासिल हो सके। क्योंकि शीर्ष नेतृत्व का दिशा निर्देश मिलने पर कोई कमी न रह जाये। इस लिए पूरी ताकत से चुनाव की तैयारियों में लग जाईये और संगठन की सभी इकाईयों को दुरुस्त समय से कर ले ताकि कोई कमी न रहे चुनाव तैयारियों में। इस अवसर पर कपिल देव बिंद, लल्लू राठौर, कमला शंकर गौड़, राजमणि यादव, प्रदीप पाल, मनोज प्रजापति, बेचूलाल पाल आदि पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# सीओ ज्ञानपुर, ग्राम प्रधान सहित 31 पर मुकदमा

**कार्रवाई**

### कोर्ट से स्टे की जमीन पर रास्ता बनवाने का आरोप

**ज्ञानपुर।** सुरियावां थाना क्षेत्र के जोधपुर गांव में न्यायालय से जमीन पर स्थगन आदेश होने के बाद भी जबरदस्ती रास्ता बनाने के मामले में न्यायालय के आदेश पर पर सीओ ज्ञानपुर (तत्कालीन प्रभारी निरीक्षक सुरियावां), आधा दर्जन पुलिस के जवानों, ग्राम प्रधान, ग्यारह मनरेगा मजदूरों समेत 31 लोगों के खिलाफ गुरुवार को सुरियावां थाने में मुकदमा दर्ज किया गया है। सुरियावां पुलिस मामले की जाँच कर रही है।

थाना क्षेत्र के जोधपुर गांव निवासी कमरुद्दीन ने मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के यहां प्रार्थना पत्र 156(3) के तहत गत माह दिया था। कहा था कि सिविल जज जूडि भदोही के न्यायालय में मुकदमा 1312 दीवानी 2021 में कमरुद्दीन बनाम रमाशंकर 23.11.2021 को दाखिल किया था। जिसमें कोर्ट ने यथास्थिति का आदेश पारित किया था। जिसकी जानकारी रमाशंकर व सुरियावां थाने की पुलिस को थी। बावजूद इसके 26 नवंबर 2021 को ग्राम प्रधान श्रीराम यादव, बलवंत यादव, रमाशंकर शर्मा, राम केवल शर्मा, कुश शर्मा, रोहित शर्मा एक राय होकर आए जबरदस्ती जमीन पर कब्जा करना चाहा।विरोध करने पर गालियां देने के साथ ही घर में घुसकर पांच हजार रुपये के सामान को नुकसान पहुंचा दिया। उसी दिन सुरियावां थाने में घटना की सूचना व स्टे की कापी दी, लेकिन न्याय नहीं मिला। ऐसे में न्यायालय का दरवाजा खटखटाना पड़ा। वादी ने कहा कि प्रधान, प्रभारी निरीक्षक भुवनेश्वर कुमार पांडेय (वर्तमान में सीओ ज्ञानपुर) जवानों व मनरेगा मजदूरों की फौज उतार कर 19 दिसंबर 2021 को मेरी जमीन पर बिछी पुरानी ईंटों को उखाड़ कर मेरे मकान के पश्चिमी तरफ ईंट बिछाकर सीमेंट से घुलवा कर जबरदस्ती रास्ता बनवा दिया गया। ऐसा न करने की बात कहने पर गालियां दी और जान से मारने की धमकी देते हुए भगा दिया।

### इन धाराओं में दर्ज हुआ मुकदमा

**ज्ञानपुर।** सुरियावां थाने में आईपीसी की धाराओं 147, 148, 149, 323, 504, 506, 386, 120 बी, 166, 34, 452, 427 के तहत रमाशंकर शर्मा, राम केवल शर्मा, कृष्ण मुरारी, श्रीराम यादव, कुश शर्मा निवासी जोधपुर। इसके अलावा सुरियावां थाने पर तैनात रहे परशुराम यादव उपनिरीक्षक, आशुतोष पांडेय, प्रदीप सरोज, मुनेश कुमार कांस्टेबल, तत्कालीन प्रभारी निरीक्षक भुवनेश्वर कुमार पांडेय, कांस्टेबल घनश्याम पांडेय, मनीष, 11 मनरेगा मजदूर नाम व पता अज्ञात, अमित, प्रमोद, संतोष, जलेबा देवी, श्याम नारायण यादव, बृजराज यादव, सरोजा देवी निवासी जोधपुर के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। इस मामले में प्रभारी निरीक्षक सुरियावां राकेश कुमार सिंह ने बताया कि इस मामले में केस दर्ज कर लिया गया है। विवेचना की कार्यवाही चल रही हैं।

## इनोवा में कंटेनर ने पीछे से मारी टक्कर, आधा दर्जन घायल

**भदोही।** गोपीगंज कोतवाली क्षेत्र के गेराई स्थित राष्ट्रीय राजमार्ग पर तेज रफ्तार कंटेनर इनोवा में पीछे से टक्कर मार दी, जिससे उसमें सवार आधा दर्जन लोग घायल हो गये। घटना के बारे में बताया जाता है कि प्रयागराज के नई झूसी निवासी मोहम्मद हनीफ 55 वर्ष, दिलशाद 30 वर्ष पुत्र मोहम्मद ईशा, इरफान 25 वर्ष पुत्र मोहम्मद ईशा, हसीना बेगम 50 वर्ष पत्नी मोहम्मद ईशा, आयशा 30 वर्ष, हीना 35 वर्ष, तथा वारिस 19 वर्ष पुत्र इलियास निवासी जलालपुर भदोही इनोवा कार से झूँसी से भदोही वैवाहिक समारोह में सम्मिलित होने परिवार के साथ जा रहे थे। वह जैसे ही गेराई राष्ट्रीय राजमार्ग के कट पर मुड़ने लगे उसी दौरान प्रयागराज से वाराणसी की तरफ जा रही तेज रफ्तार कंटेनर पीछे से इनोवा में जोरदार टक्कर मार दी। इस दौरान इनोवा का पीछे का हिस्सा बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया और इनोवा में बैठे पीछे के लोग जहां गंभीर रूप से घायल हो गये। वहीं आगे की सीट पर बैठे लोग मामूली रूप से घायल हुए। स्थानीय लोगों ने एंबुलेंस के सहयोग से सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा। जहां से इरफान को रेफर कर दिया गया। वही कंटेनर को पुलिस ने कब्जे में ले ली।

# शिविर में 200 बच्चियों को आत्म रक्षा का सिखाया गुर

**भदोही।** प्रेम बहादुर सिंह भदोही पब्लिक स्कूल में चार दिवसीय आत्म रक्षा प्रशिक्षण शिविर समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में जिले के मुख्य विकास अधिकारी भानु प्रताप ने दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया और बच्चियों को स्व निर्भर होकर निडर होकर समाज की कुरीतियों से लड़ने का मंत्र दिया। विशिष्ट अतिथि मानव एकेडमी ऑफ मार्शल आर्ट के चेयरमैन डीएम सिंह गहरवार ने कहा की जिले में 15000 बच्चियों को आत्म रक्षा हेतु प्रोत्साहित करके भदोही को महिला नेतृत्व की मिशाल बनाना हमारा लक्ष्य है। इस मौके पर मशहूर गायक राजेश परदेशी ने सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों की जानकारी अपने संगीत के माध्यम से दिया। यातायात माह में जिले के ट्रैफिक इंस्पेक्टर शशिकांत ने सभी छात्रों को हेलमेट और सिटबेल्ट के उपयोग हेतु प्रोत्साहित किया। इस मौके पर कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के मैनेजिंग डायरेक्टर डा. एसपी गुप्ता ने सबका आभार व्यक्त किए। प्रधानाचार्य डा. आलोक श्रीवास्तव ने सभी अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया। इस मौके पर अंतरराष्ट्रीय कराटे चैंपियन आदर्श शुक्ला, नेशनल डांसर सुमित गुप्ता, योगाचार्य ऋषभ दुबे, दिनेश यादव, उमेश गुप्ता, पंकज जायसवाल आदि सभी शिक्षक गण छात्र-छात्राएं उपस्थित रही।




## व्यापारियों ने जेब्रा के सामूहिक विवाह कार्यक्रम को सहयोग देने का लिया निर्णय

**चंदवक।** जेब्रा फाउंडेशन ट्रस्ट के तत्वाधान में 18 दिसंबर को मोहम्मद हसन पीजी कालेज के प्रांगण में होने वाले सामूहिक विवाह कार्यक्रम को लेकर व्यापार मंडल के प्रांतीय उपाध्यक्षए जिलाध्यक्ष इन्द्रभान सिंह के निर्देश पर व्यापार मंडल चंदवक की बैठक शुक्रवार को अध्यक्ष त्रिलोकी गुप्ता की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में मुख्य रूप से आये जेब्रा फाउंडेशन ट्रस्ट के अध्यक्ष संजय सेठ ने कहा कि संस्था हर तीसरे साल पर सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन कराती है। व्यापारीगण गरीब जोड़ो को मिलाने में पूर्ण सहयोग करें। चंदवक व्यापार मंडल के संरक्षक डा अजीत सिंह ने कहा कि इस तरह के आयोजन से गरीब तबके के बेटे बेटी की शादी संस्था अपने खर्च पर करता है। वास्तव में सराहनीय व पुण्य का कार्य है। बैठक में सामूहिक विवाह समारोह को सफल बनाने के लिये व्यापारियों ने अपना भरपूर समर्थन व सहयोग देने का निर्णय लिया। साथ ही पैसों के अभाव में कुछ गरीब की बेटियों व बेटों की जो शादियां नहीं हो पा रही है।

# नगर में डेंगू व वायरल फीवर के मरीज बढ़े, पालिका बेखबर

**बोले आरिफ सिद्दीकी**

### पूर्व सपा जिलाध्यक्ष का आरोप, रोकथाम के लिए नहीं उठाएं गए उचित कदम

**भदोही।** नगर के सभी मोहल्लों सहित नई बाजार और उसके आस-पास के गांवों में बहुत ही तेजी के साथ डेंगू व वायरल फीवर अपने पांव को पसार चुका है। लेकिन इसके बावजूद भी मलेरिया विभाग द्वारा इसकी रोकथाम के लिए कोई उचित कदम नहीं उठाए गए। अगर शुरूआती दौर में ही जहां-जहां पर पानी लगा हुआ था। वहां-वहां पर विभाग द्वारा छिड़काव किया गया होता तो शायद यह नौबत नहीं आती। उक्त बातें समाजवादी पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष मो. आरिफ सिद्दीकी शुक्रवार को नगर के पचभैया मोहल्ले में स्थित अपने आवास पर पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहीं। उन्होंने कहा कि इसमें बीमारी का प्रकोप इतना है कि लाखों की संख्या में लोग इसकी चपेट में आ गए हैं। एक ही घर के 10-10 की संख्या में लोग पीड़ित होकर विभिन्न निजी अस्पताल में अपना इलाज करा रहे हैं। जहां पर इलाज के नाम पर उनका लाखों रुपए खर्च हो जा रहे हैं।



श्री सिद्दीकी ने कहा कि मलेरिया विभाग की तरह नगर पालिका परिषद का भी हाल हो गया। नगर पालिका परिषद के जिम्मेदार कुंभकरण की तरह सो रहे हैं। नगर में न तो फागिंग कराई जा रही है और न ही छिड़काव कराया जा रहा। जबकि नगर के सभी नाले और नालियों की साफ-सफाई के साथ छिड़काव कराएं जाने की जरूरत थी। उन्होंने जिलाधिकारी से मांग किया कि संबंधित विभागों के अधिकारियों को बीमारी के रोकथाम के लिए आवश्यक निर्देश दें ताकि और लोग भी इसकी चपेट में न आ सकें।

## मूल्यांकन परीक्षा 30 को

**ज्ञानपुर।** संख्यात्मक ज्ञान के साथ पठन में निपुणता के लिए राष्ट्रीय पहल पर प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक विद्यालय में मूल्यांकन परीक्षा का आयोजन 30 नवंबर को किया गया है। उक्त परीक्षा का मुख्य उद्देश्य छात्रों बौद्धिक ज्ञान की क्षमता को देखना है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी भूपेंद्र नारायण सिंह ने बताया कि आयोजित उक्त परीक्षा से छात्रों में शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ेगी और व आने वाले भविष्य में सभी परीक्षाओं में अच्छा अंक लाने के लिए हमेशा तैयार रहेंगे। निपुण मूल्यांकन परीक्षा अब उच्च स्तरीय परीक्षा के आधार पर होगा। सभी बच्चे ओएमआर शीट पर परीक्षा देंगे। उन्होंने बताया कि छात्रों को प्रश्न पत्र दिया जाएगा और छात्र प्रश्नों का उत्तर ओएमआर शीट पर भरेंगे।

## संक्षेप

### यूपीएससी में चयनित डॉ श्रृष्टि वर्मा के आगमन पर स्वागत



**सुजानगंज।** क्षेत्र के बेलवार में यूपीएससी में चयन होने पर अतिरिक्त चिकित्सा अधिकारी बनकर गाँव में प्रथम आगमन पर क्षेत्रीय लोगों ने फूल माला पहनाकर स्वागत किया। जानकारी के अनुसार बेलवार निवासी डा श्रृष्टि वर्मा ने अपने प्रथम प्रयास में ही यूपीएससी में चयनित होकर चिकित्सा अधिकारी पद पर चयनित हुई। उत्तर प्रदेश के जनपद मिजार्पुर में अतिरिक्त चिकित्साधिकारी के रूप में अपना कार्यभार संभालेगी। पत्रकारों से वार्ता के दौरान डॉण् वर्मा ने कहा कि मेरे ऊपर दिन-रात एक डरावना तनाव था यदि मैं हंसती नहीं तो मर जाती बहुत हंसी आती है मुझे उन लोगों पर जो मुझे मुझसे ज्यादा जानते थे। खेलकर पाने का मजा ही कुछ और है रोकर मुस्कुराने का मजा ही कुछ और है हार तो जिंदगी का हिस्सा है हारने के बाद जीतने का मजा ही कुछ और है। हम उन हालातों से गुजरे जहां सुनने वाला हिम्मत छोड़ देता है और दिखने वाला दम। ऐसे हालातों से गुजरते हुए आज इसका पूरा श्रेय हमारे नानीए माता पिता और हमारी हृदय प्रिय मित्र डॉक्टर सुमन और डॉक्टर प्रियंका को जाता है।

### भाजपा किसान मोर्चा प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**गौराबादशाहपुर।** स्थानीय एक मैरिज हॉल में भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा जिला प्रशिक्षण वर्ग मछलीशहर संसदीय क्षेत्र अंतर्गत प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें वक्ताओं ने अपने विचार व्यक्त किए तथा कार्यकताओं को अपने अंदर नवीन ऊर्जा का संचार करके पार्टी कार्यों तथा नीतियों को किसानों तक पहुंचाने का आह्वान किया गया। कार्यक्रम में किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष प्रहलाद यादव, जिला महामंत्री सुदर्शन सिंह, रमेश दुबे, जिला उपाध्यक्ष सुनील सिंह, जिला मंत्री विकास सिंह रमेश सिंह इत्यादि उपस्थित रहे।

### नूर मोहम्मद ने ताइक्वांडो की प्रतियोगिता में जीता सोना

**जफराबाद।** वसीरपुर गांव के निवासी नूर मोहम्मद 11 वर्ष ने गोवा में आयोजित जूनियर वर्ग ताइक्वांडो प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल जीता। उसके शुक्रवार को घर वापस आने पर लोगों ने जमकर स्वागत किया। उक्त गांव निवासी मोहम्मद आसिफ का पुत्र नूर मोहम्मद कक्षा छह में पढ़ता है। बचपन से ही खेलकूद तथा ताइक्वांडो में रुचि रही। वह प्रांतीय स्तर की कई प्रतियोगिता में मेडल जीत चुका है। गोवा में आयोजित जूनियर वर्ग की ताइक्वांडो प्रतियोगिता में महाराष्ट्र, असम, हरियाणा, पंजाब आदि प्रदेश के लगभग 90 बच्चे उक्त प्रतियोगिता में हिस्सा लिए। जनपद से कोच संजीव साहू के साथ नूर मोहम्मद भी अन्य कई बच्चों के साथ गया गया था। घर वापस आते ही गांव के प्रतिष्ठित लोगों ने उसे माला पहनाकर स्वागत किया। उसने अपने सफलता का श्रेय अपने पिता मोहम्मद आसिफ तथा कोच को दिया।

### उच्च न्यायालय के न्यायाधीश की उपस्थिति में लोक अदालत आज

**ज्ञानपुर।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निदेर्शानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण भदोही के तत्वाधान में न्यायमूर्ति शमीम अहमद उच्च न्यायालय इलाहाबाद प्रशासनिक न्यायाधीश की उपस्थिति में जनपद न्यायाधीश विजेंद्र कुमार शैलेश के कुशल मार्गदर्शन में आज जनपद न्यायालय परिसर ज्ञानपुर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया है, जिसमें विशेष रुप से बैंक के लंबित मामले, अतिरिक्त आपराधिक संबंधी बाद एन आई एक्ट की धारा 138 के बाद बैंक वसूली, मोटर दुर्घटना, प्रतिकर वाद, राजस्व चकबंदी, श्रम स्टैंड पारिवारिक वाद अन्य मामलों का सुलह समझौता के आधार पर निस्तारण किया जाएगा।

# भरत मिलाप के संवाद को सुनकर श्रद्धालु भाव विभोर

**जनसंदेश न्यूज**

**जौनपुर।** महराजगंज ब्लॉक के कंधी गाव में आयोजित सात दिवसीय संगीतमयी राम कथा के कथा वाचक काशी से आये मानस कोविद डॉ मदन मोहन मिश्रा ने राम भरत मिलाप की कथा सुनाते हुए कहा कि भरत ननिहाल से आकर अपने पिता का अंतिम संस्कार कर अयोध्या से गुरु वशिष्ठ को साथ लेकर तीनों माताओं के साथ वन के लिए प्रस्थान किया। आगे निशाद राज से भेंट हुई तब ज्ञात हुआ कि भारद्वाज ऋषि के आश्रम में राम पधारे थे। ऐसा जानकर भरत ने मुनि को प्रणाम कर प्रभु श्रीराम का कुशलछेम पूछा। तब पता चला कि प्रभु चित्रकुट में कुटी बनाकर निवास कर रहे हैं। तब भरत की यात्रा चित्रकुट के लिए प्रस्थान हुई। देवताओं ने भरत की सेवा कर भक्तों का मान बढ़ाया। आगे जब श्रीराम ने भरत को देखा तो मन ही मन प्रसन्न हुए। राम और भरत का मिलन देखकर देवताएं भी पुष्प वृष्टि करने लगे। सीता ने अपनी सासू माताओं को प्रणाम कर पिता जनक से मिली। उसके बाद वशिष्ठ के चरणों की पूजा कर आशीर्वाद प्राप्त किया। उधर भरत अयोध्या जाने को तैयार नहीं हो रहे हैं। राम ने बताया भरत पिता के वैकुंठ जाने पर प्रजा की रक्षार्थ आप हमारी चरण पादुकाओं को अयोध्या की राजगद्दी पर स्थापित करें। ऐसा वचन सुन भरत को संतोष हुआ। आगे पादुका सिर पर धारण कर अयोध्या पुनरू वापस आ गए और नंदी गांव में कुश का आसन बिछाकर 14 वर्ष अयोध्या के प्रजा की सेवा कर अपनी रामभक्ति का अनूठा प्रदर्शन किया। इसलिए संतों ने कहा है कि बड़ा भाई हो तो श्रीराम जैसे और छोटा भाई हो तो भरत जैसे। इस अवसर पर हरिशंकर शुक्ल, अतुल मिश्र, श्याम जी मिश्र, महेन्द्र पांडेय, जितेंद तिवारी, संजय तिवारी आदि गणमान्य लोग उपस्थित रहे। श्रद्धालुओं ने श्रीराम कथा सुन भाव विभोर हो गए। आयोजक श्याम जी मिश्र ने लोगो का आभार व्यक्त किया।


रामकथा सुनाते डॉ मदन मोहन मिश्रा

## ओवरलोड में 15 वाहनों का चालान, पांच लाख जुर्माना




**भदोही।** ओवरलोड वाहनों के खिलाफ अभियान लगातार चल रहा है। शुक्रवार को औराई से धौरहरा बार्डर तक खनन अधिकारी के नेतृत्व में चले अभियान में 15 वाहनों का चालान किया गया, साथ ही पाँच लाख रुपये जुमार्ना भी लगाया गया। जबकि एक मामला न्यायालय में दर्ज हो गया है। खनन अधिकारी ने बताया कि ओवरलोड वाहनों के खिलाफ अनवरत अभियान चल रहा है। औराई से लेकर भदोही बॉर्डर और जौनपुर बॉर्डर के बीच निगरानी रखी जा रही है। जिससे कोई भी ओवरलोड वाहन बचकर नहीं निकल पा रहा है। उन्होंने कहा कि जांच के दौरान वाहन चालक इधर-उधर भागते नजर आए यह अभियान चलता रहेगा।

# शो पीस बनी हुई है सोलर लाइट

**सुइथाकला।** चार दिन की चाँदनी, फिर अंधेरी रात। कुछ इसी तर्ज पर क्षेत्र का रामनगर बाजार तिराहा अपनी किस्मत को कोस रहा है। बाजार वासियों की माँग पर तिराहे पर लगी सोलर लाइट महीनों से अपने उद्देश्य में विफल होकर महज शोपीस बना पड़ा हुआ है। लोगों की मानें तो सालों पहले सांसद कोटे से लगा उक्त सोलर लाइट लगने के कुछ ही समय तक तिराहे को जगमगाता रहा। उसके बाद से आलम यह हुआ कि तिराहावासियों और सफर पर आने और जाने वालों को फिर से अंधेरे का सामना करना पड़ रहा है। जिसके कारण लोग भयजदा दिखायी पड़ते हैं। लोगों का मानना है कि भले ही सरकार वैकल्पिक ऊर्जा के रूप में सौर ऊर्जा के प्रति सजग है और मात्र सोलर लाइट पर ही अरबों खरबों रुपए लगा चुकी, पर देखरेख के अभाव में सोलर लाइट कई जगहों पर महज एक शो पीस बनकर पड़ा हुआ है। ऐसे में सरकार उक्त समस्या के प्रति क्या कदम उठाती है यह भविष्य ही बता पाएगा।



## पिकअप की टक्कर से बाइक सवार युवक घायल

**गोपीगंज।** कोतवाली क्षेत्र के जौहरपुर गांव में गुरुवार की रात पिकअप के धक्के से एक युवक घायल हो गया। बताया जाता है कि जौहरपुर गांव निवासी विकास यादव 20 वर्ष खेत से काम कर साइकिल से वापस घर लौट रहा था, इसी दौरान पीछे से तेज रफ्तार पिकअप ने उसे टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल होगा। घायलावस्था में निजी अस्पताल गोपीगंज भर्ती कराया गया।

जनसंदेश टाइम्स प्रा. लि. के लिए **प्रवीण कुमार कुशवाहा**, 8/6 ताशकंद मार्ग, सिविल लाइन्स, प्रयागराज से प्रकाशित एवं मीडिया टेक्स्ट (Media Text) प्रा.लि. प्रेस, रोहनिया, वाराणसी से मुद्रित।
**प्रधान सम्पादक - सुभाष राय**
स्थानीय सम्पादक - प्रवीण कुमार कुशवाहा
पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से सम्बन्धित विवादों का न्याय क्षेत्र वाराणसी होगा।
फोन नं. -0532 - 2400063
आरएनआई नं. **UPHIN/2012/46202**
डाक पंजीयन सं.: जीपीओएलडब्ल्यू / एनपी - 78/2011-13.

# वित्तीय सशक्तिकरण व अंत्योदय में डाक विभाग की अहम भूमिका

## वित्तीय सशक्तिकरण महोत्सव का पोस्टमास्टर जनरल ने किया शुभारंभ, खुले 2500 खाते

**जनसंदेश न्यूज**

**जौनपुर।** डाक विभाग अब सिर्फ पत्र ही नहीं पहुँचा रहा, बल्कि सरकार की तमाम जनकल्याणकारी योजनाओं और इनके लाभों को भी लोगों तक पहुँचा रहा है। वित्तीय सशक्तिकरण और अंत्योदय में डाक विभाग की अहम भूमिका है। एक ही छत के नीचे तमाम सेवाएं उपलब्ध कराकर डाकघरों को बहुउद्देशीय बनाया गया है। बचतए बीमाए आधारए पासपोर्टए कॉमन सर्विस सेंटरए इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंकए गंगाजल बिक्री, क्यूआर कोड आधारित डिजिटल भुगतान जैसी तमाम सुविधाएं डाकघरों में उपलब्ध हैं। इण्डिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक के माध्यम से लोगों को घर बैठे बैंकिंग सहित तमाम सुविधाएँ प्राप्त हो रही हैं। उक्त उद्गार वाराणसी परिक्षेत्र के पोस्टमास्टर जनरल श्री कृष्ण कुमार यादव ने जौनपुर में आयोजित श्वित्तीय सशक्तिकरण महोत्सवश का शुभारम्भ करते हुए बतौर मुख्य अतिथि व्यक्त किये।

बेटियों को सुकन्या समृद्धि योजना की पासबुक वितरित करते हुए कहा कि इसके माध्यम से बेटियाँ आत्मनिर्भर बनेंगी तो श्आत्मनिर्भर भारतश की संकल्पना भी साकार होगी। पोस्टमास्टर जनरल ने सीईएलसी प्रतियोगिता के विजेता निशा चौधरीए ब्रांच पोस्टमास्टर उदपुर घेलहवाए बदलापुरए अमित कुमार ब्रांच पोस्टमास्टर मिरशादपुरए बदलापुर और बिपिनए ब्रांच पोस्टमास्टर गजेंद्रपुरए खुटहन को आईपीपीबी की तरफ से स्कूटी देकर उत्साहवर्धन किया। पोस्टमास्टर जनरल श्री यादव ने कहा कि आमजन में डाकघर की बचत योजनाएँ बेहद लोकप्रिय हैं और इनमें लोग पीढ़ी दर पीढ़ी सुरक्षित निवेश करते आ रहे हैं। इण्डिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक के माध्यम से डाकिया और ग्रामीण डाक सेवक आज एक चलते फिरते बैंक के रूप में कार्य कर रहे हैं। किसानों सहित अन्य तमाम लाभार्थियों के बैंक खातों में आने वाली डीबीटी राशि की निकासी के लिए अब किसी को भी बैंक या एटीएम जाने की जरूरत नहींए बल्कि घर बैठे ही सभी अपने आधार लिंक्ड बैंक खाते से डाकिया के माध्यम से निकासी कर सकते हैं। पेंशनर्स घर बैठे डाकिया के द्वारा जीवित प्रमाण पत्र बनवा सकते हैं। पोस्टमास्टर जनरल ने कहा कि वर्तमान में कुल 6.97 लाख डाकघर बचत खाते व 1.54 लाख आईपीपीबी खाते हैंए वहीं 63 हजार से ज्यादा बेटियों के सुकन्या समृद्धि खाते संचालित हैं। जौनपुर में अब तक 11 गाँवों को फाइव स्टार विलेजए 77 गाँवों को संपूर्ण बीमा ग्राम व 173गाँवों को संपूर्ण सुकन्या समृद्धि ग्राम बनाया गया है। मण्डल के डाक अधीक्षक पीसी तिवारी ने मंडल में विभिन्न डाक सेवाओं के व्यापक प्रचार.प्रसार द्वारा लक्ष्य प्राप्ति के प्रति पोस्टमास्टर जनरल को आश्वस्त किया। इस वित्तीय वर्ष में अब तक 39 हजार बचत खातेए 5 हजार बच्चियों के सुकन्या समृद्धि खाते व 10 हजार से ज्यादा आईपीपीबी खाते खोले गए। 66 हजार लोगों को घर बैठे आधार इनेबल्ड पेमेंट सिस्टम के माध्यम से २३ करोड़ रुपये का भुगतान किया गया। 13 हजार लोगों ने डाकघर के माध्यम से नया आधार बनवाया या अपडेट किया। 3.600 लोगों ने पोस्ट ऑफिस पासपोर्ट केंद्र में पासपोर्ट बनवाया। इस अवसर पर सहायक डाक अधीक्षक अशोक सिंह, अजय कुमार, उपमंडलीय निरीक्षक शशिकांत कन्नौजिया, प्रवीण कुमार, परिवाद निरीक्षक श्रीकांत पाल, पोस्टमास्टर जौनपुर प्रधान डाकघर आनन्द शुक्ला, इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक मैनेजर साक्षी सिन्हा, जनसंपर्क निरीक्षक मोहित राम यादव, रवि रंजन, विक्रांत सिंह, सोनी यादव, हर्षिता सिंह सहित तमाम अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।



# तीनों तहसीलों में एसडीएम के नेतृत्व में गठित की गई टीम

**जनसंदेश न्यूज**

**सख्ती**

### खेतों में पराली जलाने की रोकथाम के लिए डीएम ने गठित की उड़नदस्ता टीम

**ज्ञानपुर।** खेतों में पराली जलाने की रोकथाम के लिए शासन के निर्देश पर जिलाधिकारी गौरांग राठी ने तहसील स्तर पर उड़नदस्ता टीम गठित किया हैं।एसडीएम के नेतृत्व में गठित टीम ग्राम प्रधानों व लेखपालों की सूचना पर से खेतों में पराली जलाने की रोकथाम करेंगी।

डीएम के निर्देश पर ज्ञानपुर तहसील में एसडीएम को दस्ता प्रभारी, पुलिस विभाग से सीओ ज्ञानपुर व कृषि विभाग से ज्ञानपुर, डीघ, अभोली के एडीओ पंचायत कृषि को उड़नदस्ता टीम की जिम्मेदारी सौंपी है। औराई तहसील में उपजिलाधिकारी को दस्ता प्रभारी, सीओ को पुलिस विभाग से व भदोही व औराई के सहायक विकास अधिकारी कृषि को टीम में शामिल किया है। ज्ञानपुर तहसील में एसडीएम को दस्ता प्रभारी, पुलिस विभाग से क्षेत्राधिकारी को सुरियावां, भदोही व अभोली के सहायक विकास अधिकारी कृषि को उड़नदस्ता टीम की जिम्मेदारी दी हैं। जिलाधिकारी गौरंग राठी ने उड़नदस्ता टीम को सख्त निर्देश दिया है कि किसी भी स्थिति में धान पराली एवं अन्य कृषि अपशिष्ट न जलाये जायें, इस रोकने के लिए प्रत्येक तहसील एवं विकास खण्ड के समस्त लेखपाल एवं ग्राम प्रधानों को सम्मिलित करते हुए एक वाट्सअप ग्रुप बनाया जाये, यदि उन क्षेत्रों में कहीं भी फसल अवशेष जलाये जाने की घटना होती है तो संबंधित लेखपाल एवं ग्राम प्रधान वाट्सअप ग्रुप एवं दूरभाष के माध्यम से सबंधित तहसील स्तर पर गठित उडनदस्ते को तत्काल इसकी सूचना देंगे।



# कैनवास पर बखूबी उतरा मोदी का सियासी सफर

## चित्रकार अकबर साहब ने खूबसूरती से उकेरी है प्रधानमंत्री मोदी के फर्श से अर्श तक पहुंचने तक की यात्रा





### सीएम योगी आदित्यनाथ ने रुद्राक्ष में पीएम नरेंद्र मोदी के व्यक्तित्व पर आधारित पेंटिंग प्रदर्शनी का किया उद्घाटन

### : 'उज्ज्वला', 'स्पिरिचुअलिज़्म', 'नोटबंदी', 'मुद्रा योजना', 'पॉज़िटिव थिंकिंग' आदि चित्र हैं बेहद प्रभावशाली

सुरोजीत चैटर्जी

वाराणसी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जीवन और व्यक्तित्व पर आधारित सात दिनी पेंटिंग प्रदर्शनी का शुक्रवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और केंद्रीय कैबिनेट मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने शुभारंभ किया। मोदी के फर्श से अर्श तक के सफर में पीएम बनने के बाद कुछ समय पहले तक लिए गये कई ऐसे फैसलों और योजनाओं को चित्रकार अकबर साहब ने कैनवास पर उतारा है जिनसे न सिर्फ भारत की जनता का मनोबल बढ़ा है और वह लाभांवित हो रही है बल्कि वैश्विक स्तर पर मोदी की ओर से की गयी विभिन्न पहल को पूरी दुनिया देख रही है। सीएम योगी और केंद्रीय मंत्री श्री सोनोवाल समेत सभी ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया। दुबई में बसे भारतीय चित्रकार अकबर साहब ने इन चित्रों में मोदी के गुजरात से लेकर प्रधानमंत्री और विश्व नेता को बनने की अब तक की यात्रा को पेंटिंग्स के माध्यम से बड़ी ही खूबसूरती के साथ उकेरा है। आयोजन का उद्देश्य है कि भारतीयों को उनके सपने को पूरा करने के लिए प्रेरित करना है। चित्रों में से कई पेंटिंग मोदी के जीवन से जुड़ी हुई हैं तो कई उनकी ओर से देश और विश्वस्तर पर की गयी पहल व प्रयासों को दर्शा रही है। बनारस के सांसद नरेंद्र मोदी पर आधारित ऑयल एवं एक्रेलिक कलर के प्रयोग से तैयार इन पेंटिंग्स का डिस्प्ले 'भारतमाता' से शुरू होकर सकारात्मक सोच को प्रेरित करते चित्र 'पॉजिटिव थिंकिंग' पर जाकर ठहरती है। प्रदर्शनी में पेश किये गये चित्रों के आरंभिक क्रम से चलें तो 35वीं पेंटिंग्स 'स्पिरिचुअलिज़्म' भी कलाकार की प्रभावशाली कृति है। इसमें दुनियाभर में लोकप्रिय होते 'योग' को ग्लोब आकार में विश्व को दर्शाते हुए उसके ऊपर पद्मासन मुद्रा में बैठे एक व्यक्ति का चित्र और कलर कॉम्बिनेशन दर्शकों को ठहरने के लिए बाध्य करता है। भले ही देश के प्रत्येक नागरिक की जुबान पर उज्वला योजना हो लेकिन प्रदर्शनी में 'उज्वला' शीर्षक से पेश की गयी पेंटिंग बड़ी की खूबसूरती से पूरी कहानी बयां कर देती है। इस चित्र में हॉस्पिटल में मरीज को एक स्टैंड पर बॉटल लटकाकर दी जाने वाली सेलाइन के स्टैंड उकेरते हुए उसमें एक घरेलू गैस सिलेंडर को उल्टा लटका दिया गया है। सिलेंडर के वॉल्ब के सिरे पर सीरिंज आदि के जरिये गैस की सप्लाई गरीब परिवारों के घरों में भेजे जाने का दृश्य कई मायनों में काफी दमदार असर छोड़ रहा है। वहीं 'कनेक्टिंग विथ द वर्ल्ड' चित्र भारत के आधुनिकीकरण की योजना की दिशा में नरेंद्री मोदी तमाम देशों के साथ बेहतर संबंध बनाने के प्रयास को उकेरा गया है। इसमें अन्य देशों को प्रतीक रूप से पांसे की तरह दिखाया गया है। अन्य पेंटिंग 'कॉन्फ्लिक्ट' में सिंधु जल समझौते के बावजूद पाकिस्तान द्वारा 2016 में किये गये हमले के बाद समझौते पर दोबारा विचार करते हुए मोदी का कथन पेश करने की कोशिश हुई। जिसमें मोदी ने कहा था कि 'खून और पानी का बहाव एकसाथ नहीं हो सकता'। इस चित्र में दो विचारों को पर्वतों के बीच बहती नदी का रंग लाल और सफेद दिखाने के बजाय कोई और विकल्प प्रस्तुत करने की जरूरत थी। वहीं, 'नोटबंदी', 'स्वच्छ भारत', 'खादी', 'ब्लैक डेमन', 'पीपल्स लीडर', 'सेकेंड चांस', 'कनेक्टिंग इंडिया', तीन तलाक पर प्रतिबंध में बाद मुस्लिम महिलाओं के अधिकारों की जीत पर आधारित 'आजादी', एक राष्ट्रीय बाजार के उद्भव पर 'पॉज़िटिव थिंकिंग', 'मुद्रा योजना', देश की एकता व शांति बनाए रखने के विचार को दर्शाती 'हार्मनी', 2014 में लालकिले से स्वच्छ भारत के संकल्प पर 'रियलाइज़िंग', 'मेक इन इंडिया' वगैरह बेहद प्रभावशाली चित्र हैं। आयोजन में दिल्ली के निकट नागला फतेला में 70 साल बाद पहुंची बिजली और उसके बाद सोलर लाइट को 'नाऊ एंड देन' में अच्छे ढंग से दिखाया गया है। इसी प्रकार 'टारगेट' में भारत द्वारा किये गया सर्जिकल स्ट्राइक, 'पीस नॉट वायलेंस' में देश के लिए पर्याप्त सेना की जरूरत, 'रेस्पेक्ट लाइफ' में सभी जीवों का आदर, गुजरात दंगों को लेकर उस दौर में आलोचनाओं के झंझावातों के दौरान मोदी की शांतचित्तता और संतुलन को 'ट्रुथ प्रेवेल्स' में पेश किया है। वहीं, गुजरात के वडनगर से साधारण घर-परिवार से उठकर प्रधानमंत्री बनने तक मोदी की दृढ़ता को 'डेयर टू ड्रीम' के जरिये प्रभाशाली ढंग से अकबर साहब ने प्रस्तुत किया। ऐसे ही कई और चित्र प्रशंसनीय हैं।





### 2014 में बनाया 'स्टैच्यू ऑफ यूनिटी' का चित्र!

रुद्राक्ष में पीएम मोदी के व्यक्तित्व और कृतित्व पर आधारित पेंटिंग्स प्रदर्शनी में पेश चित्रों को कलाकार अकबर साहब ने अलग-अलग वक्त पर चित्रित किया है। एक बिंदु भ्रमित करने वाला है। अधिकांश चित्रों में चित्रकार अकबर ने पेंटिंग निर्माण का वर्ष भी लिखा है। उनमें गुजरात में लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की विशालकाय मूर्ति की पेंटिंग 'स्टैच्यू ऑफ यूनिटी' 2014 में चित्रित किये जाने की बात कही गयी है। प्रदर्शनी के अधिकतर चित्रों में दिये गये उल्लेख के मुताबिक तमाम चित्र 2014 से लेकर 2017 के बीच उकेरे हुए बताए गये हैं। वहीं, यह प्रदर्शनी यदि किसी आर्ट गैलरी में लगती को उसका प्रभाव और अधिक हो सकता था।



### विद्यार्थी बोले प्रेरक आयोजन

पेंटिंग प्रदर्शनी में उद्घाटन के बाद सैकड़ों की संख्या में स्कूली बच्चों ने भी प्रदर्शनी देखी। छात्रा आमना ने कहा कि इस तरह की प्रदर्शनी हमें सकारात्मक सोच के लिए प्रेरित करती है। छात्रा श्रद्धा ने कहा कि हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बड़ी की मजबूती के साथ पूरी दुनिया का ध्यान भारत की ओर दिलाया है। उनके व्यक्तित्व और कृतित्व के बारे में आमलोगों को नजदीक से बताते के लिए यह पेंटिंग प्रदर्शनी सराहनीय है। छात्र राजेश कुमार ने कहा कि हम मोदी के फैन हैं। छात्र अखिलेश गुप्ता ने कहा कि इस प्रदर्शनी में डिस्प्ले किये गये चित्रों कलाकार ने बेहद गंभीरता के साथ उकेरा है। वहीं, बीएचयू में म्यूजिकोलॉजी के छात्र अंशुमन माथुर कहते हैं कि पेंटिंग के जरिये प्रधानमंत्री की पर्सनाल्टी को पेश करना किसी चुनौती से कम नहीं और चित्रकार ने यह जिम्मेदारी बखूबी निभायी है।

---



आखिर आ गया फैसला


# कैसे रिहा हो गये राजीव के हत्यारे

चेन्नई। एक असाधारण फैसले में सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को राजीव गांधी की हत्या के मामले में उम्र कैद की सजा काट रहे छह अभियुक्तों को जेल से रिहा कर दिया। शीर्ष अदालत ने नलिनी और आरपी रविचंद्रन समेत सभी दोषियों की रिहाई का आदेश दे दिया। कोर्ट का आदेश आने के एक घंटे बाद ही उम्र कैद की सजा काट रहे सभी अभियुक्तों को रिहा कर दिया गया। सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस बी वी नागरत्न की बेंच ने कहा कि इन लोगों के केस में भी एक अभियुक्त एजी पेरारिवलन के मामले में दिया गया फैसला लागू होगा।









### सोनिया ने दोषी नलिनी को किया था क्षमा

राजीव गांधी हत्याकांड में जब नलिनी को गिरफ़्तार किया गया, तब वो गर्भवती थीं। उसकी प्रेग्नेंसी को दो महीने हो गए थे। नलिनी श्रीहरन को आत्मघाती दस्ते का सदस्य होने का दोषी पाया गया था। नलिनी को पहले तीन अन्य दोषियों के साथ मौत की सजा सुनाई गई थी, लेकिन सोनिया गांधी की अपील के बाद नलिनी की सजा को घटाकर उम्र कैद में तब्दील कर दिया गया था। सोनिया ने कहा था कि नलिनी की गलती की सजा एक मासूम बच्चे को कैसे मिल सकती है, जो अब तक दुनिया में आया ही नहीं है। राजीव गांधी हत्याकांड में ट्रायल कोर्ट ने 26 दोषियों को मौत की सजा सुनाई थी। हालांकि मई 1999 में सुप्रीम कोर्ट ने 19 लोगों को बरी कर दिया था। बचे हुए सात में से चार अभियुक्तों (नलिनी, मुरुगन उर्फ श्रीहरन, संथन और पेरारिवलन) को मृत्युदंड सुनाया गया और बाकी (रविचंद्रन, रॉबर्ट पायस और जयकुमार) को उम्र कैद की सजा मिली। चारों की दया याचिका पर तमिलनाडु के राज्यपाल ने नलिनी की मौत की सजा तो उम्र कैद में तब्दील कर दी। बाकी अभियुक्तों की दया याचिका 2011 में राष्ट्रपति ने ठुकरा दी थी। स्मरणीय है कि 21 मई, 1991 को राजीव गांधी की तमिलनाडु के श्रीपेरंबदूर में एक चुनावी रैली के दौरान धनु नाम की लिट्टे की एक आत्मघाती हमलावर ने हत्या कर दी थी। एलटीटीई की महिला चरमपंथी धनु ने राजीव को फूलों का हार पहनाने के बाद उनके पैर छूए और झुकते हुए कमर पर बंधे विस्फोटकों में ब्लास्ट कर दिया। राजीव और हमलावर धनु समेत 16 लोगों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि 45 लोग गंभीर रूप से घायल हुए। पत्रकार नीना बताती हैं कि मुझे सुमन दुबे (राजीव गांधी के मीडिया सलाहकार) से बातें करते हुए दो मिनट भी नहीं हुए थे कि मेरी आंखों के सामने बम फटा। मैं आमतौर पर सफेद कपड़े नहीं पहनती। उस दिन जल्दी-जल्दी में एक सफेद साड़ी पहन ली। बम फटते ही मैंने अपनी साड़ी की तरफ देखा। वो पूरी तरह से काली हो गई थी और उस पर मांस के टुकड़े और खून के छींटे पड़े हुए थे। ये एक चमत्कार था कि मैं बच गई। मेरे आगे खड़े सभी लोग उस धमाके में मारे गए थे। नीना बताती हैं, बम के धमाके से पहले पट-पट-पट की पटाखे जैसी आवाज सुनाई दी थी। फिर एक बड़ा-सा हुश हुआ और जोर के धमाके के साथ बम फटा। जब मैं आगे बढ़ी तो मैंने देखा लोगों के कपड़ों में आग लगी हुई थी, लोग चीख रहे थे और चारों तरफ भगदड़ मची हुई थी। हमें पता नहीं था कि राजीव गांधी जीवित हैं या नहीं। श्रीपेरंबदूर में उस भयंकर धमाके के समय तमिलनाडु कांग्रेस के तीनों चोटी के नेता जीके मूपनार, जयंती नटराजन और राममूर्ति मौजूद थे। केस की जांच के लिए सीआरपीएफ के आईजी डॉक्टर डीआर कार्तिकेयन के नेतृत्व में एक विशेष जाँच दल का गठन किया। कुछ ही महीनों में इस हत्या के आरोप में एलटीटीई के सात सदस्यों को गिरफ़्तार किया गया। मुख्य अभियुक्त शिवरासन और उसके साथियों ने गिरफ़्तार होने से पहले साइनाइड खा लिया।

### लिट्टे ने रची थी साज़िश

दरअसल राजीव गांधी ने श्रीलंका में लिट्टे विद्रोहियों को काबू करने के लिए भारतीय सैनिक भेजे थे. शांति सेना के नाम से भारत की सेना भेजने के इस फैसले से लिट्टे नाराज था। 1991 में जब लोकसभा चुनाव के लिए प्रचार पर निकले राजीव गांधी चेन्नई के पास श्रीपेरंबदूर पहुंचे तो वहां लिट्टे ने राजीव पर हमला करने का प्लान बनाया और इसे अमली जामा पहनाया। केंद्र ने पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की हत्या की जांच के लिए बनाई गई स्पेशल जांच एजेंसी को भंग कर दिया। यह मल्टी डिसीप्लीनरी मॉनिटरिंग एजेंसी राजीव गांधी की हत्या के पीछे किसी बड़ी साज़िश की जांच के लिए बनाई गई थी। इसे 1998 में जैन आयोग की सिफारिश पर बनाया गया था। इस मामले में अब विदेशी साज़िश की जांच सीबीआई करेगी।

### उम्र कैद की सजा रिहाई में कैसे बदली

### संविधान के किस अनुच्छेद का हवाला देकर जजों ने दिया फैसला

### क्या है पेरारिवलन का मामला

इस साल 18 मई को कोर्ट ने संविधान के अनुच्छेद 142 में दिए गए असाधारण शक्तियों का हवाला देकर पेरारिवलन को रिहा कर दिया था। पेरारिवलन राजीव गांधी हत्याकांड में 30 साल उम्र कैद की सजा काट चुके थे। जबकि श्रीहरन, रविचंद्रन, संथन, मुरुगन, एजी पेरारिवलन और रॉबर्ट पायस और जयकुमार को उम्र कैद की सजा दी गई थी और ये 23 साल जेल में बिता चुके हैं। बेंच ने इन लोगों को रिहाई के आदेश देते हुए कहा कि दोषियों ने 30 साल जेल में बिताए हैं। इस दौरान उन्होंने अपना समय पढ़ाई में लगाया और डिग्रियां हासिल कीं। सभी अभियुक्त खुद को समय से पहले रिहा करने की मांग को लेकर लंबी कानूनी लड़ाई लड़ते रहे थे। तमिलनाडु सरकार ने भी इन्हें समय से पूर्व रिहा करने के लिए गवर्नर से सिफारिश की थी। हालांकि गवर्नर ने इस सिफारिश को मानने से इनकार करते हुए राष्ट्रपति को फाइल भेज दी थी। बाकी अभियुक्तों ने ए.जी. पेरारिवलन को सुप्रीम कोर्ट की ओर से रिहा करने के आदेश का हवाला देकर रिहाई की मांग की थी। इससे पहले मद्रास हाई कोर्ट में जून में नलिनी और रविचंद्रन ने रिट याचिका दायर कर तमिलनाडु सरकार से रिहाई का निर्देश देने की मांग थी। इसमें कहा गया था कि उनकी रिहाई के लिए सितंबर 2018 में कैबिनेट ने जो सिफारिश की थी, उस पर गवर्नर की मंजूरी के बगैर अमल हो।

---

# मैं कोई आतंकवादी नहीं-नलिनी

**पहली प्रतिक्रिया**

रिहाई के बाद बोली- पिछले 32 साल संघर्ष के रहे

जनसंदेश न्यूज

**चेन्नई।** जेल से रिहा होने के बाद नलिनी ने एक टीवी चैनल से बात की। उन्होंने कहा- मैं आतंकवादी नहीं हूं। मैं पिछले 32 साल से जेल में बंद थी और ये मेरे लिए संघर्ष वाले समय रहे हैं। मैं उन सभी का शुक्रिया अदा करती हूं, जिन्होंने मेरा समर्थन किया। विश्वास रखने के लिए मैं तमिलनाडु के लोगों और सभी वकीलों को धन्यवाद देती हूं। राजीव गांधी के हत्यारों को रिहा किए जाने के बाद तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने कहा है- मैं सुप्रीम कोर्ट के फैसले का स्वागत करता हूं। नियुक्त किए गए राज्यपाल को चुनी हुई सरकार के फैसले को नहीं बदलना चाहिए।

### श्रीलंका, यूके सहित 24 देशों से मांगा था ब्योरा

एमडीएमए पुलिस उप महानिरीक्षक यानी डीआईजी रैंक के अफसर की अगुआई में काम कर रही थी। इसने हत्या से जुड़े लोगों के बैंकिंग लेनदेन और कनेक्शन्स की जानकारी हासिल करने के लिए श्रीलंका, यूनाइटेड किंगडम और मलेशिया जैसे देशों को 24 लेटर भेजे थे। एजेंसी को इनमें से 20 से ज्यादा के जवाब भी मिल चुके थे। माना जा रहा है कि इस केस में ज्यूडिशियल या दूसरे कानूनी पहलुओं को भी अब सीबीआई ही देखेगी।

### हत्याकांड की स्पेशल जांच एजेंसी हो चुकी है भंग

केंद्र सरकार ने पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की हत्या की जांच के लिए बनाई गई स्पेशल जांच एजेंसी को भंग कर दिया है। यह मल्टी डिसीप्लीनरी मॉनिटरिंग एजेंसी राजीव गांधी की हत्या के पीछे किसी बड़ी साजिश की जांच के लिए बनाई गई थी। इसे 1998 में जैन आयोग की सिफारिश पर बनाया गया था। यह स्पेशल एजेंसी पिछले 24 साल से सीबीआई के तहत काम कर रही थी। इसमें कई केंद्रीय सुरक्षा एजेंसियों के अफसर शामिल थे। एजेंसी को भंग करने का आदेश मई में जारी किया गया था। इस मामले में आगे की जांच सीबीआई की एक अलग यूनिट करेगी। राजीव गांधी की हत्या तमिलनाडु के श्रीपेरंबुदूर में 21 मई 1991 को हुई थी। उन पर लिट्टे कार्यकर्ता धनु ने आत्मघाती हमला किया था। केस की जांच के लिए गठित जैन आयोग ने 1998 में हत्या के पीछे विदेशी साजिश की जांच के लिए स्पेशल एजेंसी बनाने की सिफारिश की थी। शुरूआत में दो साल के लिए बनी एजेंसी को अब तक हर साल एक्सटेंशन दिया जा रहा था, लेकिन यह केस से जुड़ी कोई बड़ी कामयाबी हासिल करने में नाकाम रही।

